निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स

• बोकारो, बुधवार 20 मई 2026 • वर्ष : 10 • अंक : 03 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित



दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक अनिल कुमार जैन ने सीएम हेमंत सोरेन से की मुलाकात

### सीआईआई झारखंड के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

# झारखंड असीम संभावनाओं वाला राज्य : हेमंत सोरेन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में सीआईआई झारखंड के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। मौके पर सीआईआई के प्रतिनिधियों ने दावोस में आयोजित विश्व आर्थिक मंच 2026 में झारखंड सरकार की भागीदारी एवं यूनाइटेड किंगडम की सफल यात्रा और राज्य को मिले मजबूत इन्वेस्टमेंट इंटेंशन के लिए शुभकामनाएं एवं बधाई दी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सीआईआई के प्रतिनिधियों से कहा कि दावोस में आयोजित वैश्विक आर्थिक मंच पर राज्य सरकार ने पूरे विश्व को संदेश दिया है कि झारखंड असीम संभावनाओं वाला राज्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड प्रदेश निवेश के लिए अनुकूल है। राज्य सरकार झारखंड में औद्योगिक विकास को गति मिले इस निमित्त बेहतर कार्य योजना बनाते हुए निरंतर आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समक्ष सीआईआई प्रतिनिधियों ने झारखंड को एक उभरता हुआ इन्वेस्टमेंट डेस्टिनेशन बनाने और इन्वेस्टर का भरोसा बढ़ाने के लिए राज्य सरकार के प्रयासों की सराहना की। मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सीआईआई के प्रतिनिधियों ने राज्य की इंडस्ट्रियल पॉलिसी पर विस्तृत चर्चा की तथा औद्योगिक विकास में राज्य सरकार के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य करने की इच्छा जाहिर की। मुख्यमंत्री के समक्ष सीआईआई के प्रतिनिधियों ने पॉलिसी डेवलपमेंट प्रोसेस में नॉलेज और इंडस्ट्री पार्टनर के तौर पर भूमिका निभाने की बात कही। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वाले प्रतिनिधिमंडल में सीआईआई झारखंड स्टेट काउंसिल के अध्यक्ष दिलू पारिख और टाटा स्टील कॉरपोरेट सर्विस के उपाध्यक्ष डीबी सुंदररमन सहित सीआईआई ईस्टर्न रीजन के रीजनल डायरेक्टर देव ज्योति और सीआईआई झारखंड हेड प्रभात कुमार शामिल रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और सीआईआई के प्रतिनिधियों के बीच राज्य में औद्योगिक क्षेत्र के विकास से संबंधित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई।



## पलामू में कोयला लदा हाइवा घर में घुसा

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** पलामू के लेस्लीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत बैरिया गांव में मंगलवार तड़के एक बड़ा हादसा हुआ। पांकी-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर सुबह करीब साढ़े तीन बजे कोयला लदा एक अनियंत्रित हाइवा सड़क किनारे स्थित एक मकान में जा घुसा। टक्कर इतनी भीषण थी कि मकान का एक हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और आसपास के इलाके में अफरातफरी मच गई। यह मकान शिव साव का है। राहत की बात यह रही कि भीषण गर्मी के कारण परिवार के सभी सदस्य घर के अंदर सोने के बजाय छत पर सो रहे थे। इसी वजह से एक बड़ा हादसा टल गया और परिवार के सभी लोग सुरक्षित बच गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेज रफ्तार हाइवा अचानक अनियंत्रित हो गया और सीधे मकान से जा टकराया। दुर्घटना में वाहन का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं, चालक का पैर केबिन में फंस गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया। सूचना मिलने पर लेस्लीगंज थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और दुर्घटना की जांच शुरू कर दी।

## चाईबासा में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** चाईबासा में मंगलवार को पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। नक्सलियों के खिलाफ अभियान चला रहे सुरक्षबलों और नक्सलियों के बीच सोनुवा के जंगल मे हुई मुठभेड़ में कई नक्सलियों के हताहत होने की सूचना है। झारखंड में नक्सलियों के आखिरी किले को ध्वस्त करने के लिए अभियान लगातार जारी है। इसी बीच मंगलवार को सर्च अभियान में निकले सुरक्षाबलों का सोनुवा के केडबीर जंगल में नक्सलियों से आमना-सामना हो गया। पुलिस पार्टी को देख कर नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी जिसका सुरक्षबलों ने मुंहतोड़ जबाब दिया। पुलिस को अपने ऊपर भारी पड़ता देख नक्सली अपना साजो सामान छोड़ कर जंगल की तरफ फरार हो गए। झारखंड पुलिस के आईजी अभियान नरेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस और नक्सलियों के बीच एक्सचेंज ऑफ फायरिंग हुई है। मौके से नक्सलियों के द्वारा जमा किए गए रोजमर्रा के कई वस्तुएं बरामद की गई हैं। फिलहाल इलाके में सुरक्षाबलों का सर्च अभियान जारी है। बता दें कि



सारंडा सहित पूरे चाईबासा में जहां-जहां नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिल रही है वहां-वहां बड़ा अभियान शुरू किया गया है। इसी क्रम में कोबरा 209 बटालियन के जवान सोनुवा और गोइलकेरा थाना क्षेत्र के घने जंगलों में सर्च अभियान चला रहे थे। घने जंगलों के बीच ही नक्सलियों का छोटा दस्ता ठहरा हुआ था। कोबरा के जवान जब उनके नजदीक पहुंचने की कोशिश करने लगे तब नक्सलियों के संतरी ने अपने साथियों को आगाह कर दिया।इसके बाद नक्सलियों ने सुरक्षाबलों पर फायरिंग शुरू कर दी। इसके बाद दोनों ओर से ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू हो गई।

### संक्षिप्त समाचार

#### जंगली हाथी ने पांच कच्चे मकानों को किया क्षतिग्रस्त

**सरायकेला(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के चांडिल प्रखंड के ग्रामीण इलाकों में जंगली हाथियों का उत्पात जारी है। सोमवार देर रात एक जंगली हाथी ने लावा बहेराडीह और काशीपुर गांव में घुसकर पांच कच्चे घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया। हाथी ने घरों में रखा अनाज भी खा लिया जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने बताया कि देर रात हाथी ने एक-एक कर घरों की दीवारें और छप्पर तोड़ दिए।

#### प्रिंस खान गिरोह का हथियार सप्लायर गिरफ्तार

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** पुलिस ने फरार चल रहे प्रिंस खान गिरोह से जुड़े एक कथित सफ़ेदपोश सहयोगी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गोविंदपुर निवासी मंजूर आलम उर्फ सोनू दर्जी के रूप में हुई है। वह कांग्रेस का पूर्व जिला महासचिव रह चुका है। बरवाअड्डा पुलिस ने उसके पास से दो पिस्टल और जिंदा गोलियां भी बरामद की हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी गिरोह के लिए रंगदारी से वसूले गए पैसों को जमीन में निवेश कराने का काम करता था। पूछताछ में उसने कई अहम खुलासे किए हैं जिससे पुलिस की जांच और तेज हो गई है।

#### बाइक-स्कूटी की टक्कर में सीसीएलकर्मी की मौत

**लातेहार(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के बालूमाथ-मैक्लुस्कीगंज मुख्य मार्ग पर रामघाट के पास सोमवार रात बाइक और स्कूटी की आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस हादसे में एक सीसीएल कर्मी की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए। मृतक की पहचान मुनेश्वर गंझु के रूप में हुई है। वे सीसीएल रोहिणी कोलियरी, खलारी में कार्यरत थे। जानकारी के अनुसार रामघाट के पास विपरीत दिशा से आ रही एक अनियंत्रित स्कूटी से उनकी बाइक की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि मुनेश्वर गंझु ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया।

#### बंद घर से युवती का शव बरामद

**गढ़वा(नबिटा ब्यूरो)।** केतार थाना क्षेत्र के परती गांव में मंगलवार की अहले सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब एक बंद पक्के मकान से असहनीय दुर्गंध आने लगी। स्थानीय ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दंडाधिकारी और फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट्स की मौजूदगी में जब घर का ताला खुलवाया तो अंदर का नजारा देख सबके होश उड़ गए। कमरे के फर्श पर 17 वर्षीय युवती का सड़ चुका शव पड़ा हुआ था। मृतका की पहचान निर्मल सिंह की पुत्री आकृति कुमारी के रूप में हुई है। शव दो से तीन दिन पुराना प्रतीत हो रहा है।

## डीआरडीओ कर्मी का पेड़ से लटका मिला शव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रामगढ़।** जिले के पतरातू थाना क्षेत्र के तालाताड़ पंचायत के भुइयां टोला निवासी कमल किशोर महतो का शव मंगलवार सुबह घर के पास पहाड़ी पर पेड़ से लटका मिलने से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले की जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार कमल किशोर महतो रक्षा विभाग के डीआरडीओ में कार्यरत थे और उनकी पोस्टिंग बेंगलुरु में थी। वह 19 अप्रैल को अवकाश लेकर अपने गांव आए थे। परिजनों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से वह मानसिक तनाव में थे और अक्सर नींद नहीं आने की बात कहते थे। ग्रामीणों के अनुसार सोमवार रात करीब 11 बजे उन्हें गांव में टहलते देखा गया था। वहीं रात करीब दो बजे जब परिजनों की नींद खुली तो वह अपने बिस्तर पर नहीं मिले। इसके बाद परिवार के लोगों ने उनकी तलाश शुरू कर दी। मंगलवार सुबह घर के पास पहाड़ी पर एक पेड़ से उनका शव झूलता मिला। मृतक अपने पिता प्रभु महतो का इकलौता पुत्र था। उनके पीछे पत्नी और दो छोटे पुत्र हैं। एक पुत्र की उम्र छह वर्ष जबकि दूसरे की उम्र चार वर्ष बताई गई है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। सूचना मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंच छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा।

## 54 किमी लंबी किउल-झाझा तीसरी लाइन परियोजना को स्वीकृति

### संपर्क और क्षेत्रीय औद्योगिक विकास को मजबूती मिलेगी : अश्विनी वैष्णव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने हावड़ा-दिल्ली कॉरिडोर पर क्षमता बढ़ाने, परिचालन क्षमता में सुधार और निर्बाध रेल परिवहन सुनिश्चित करने की दिशा में रेलवे की प्रतिबद्धता और मजबूत करते हुए 962 करोड़ रुपये की लागत वाली किउल-झाझा तीसरी लाइन परियोजना (54 किलोमीटर) को स्वीकृति दे दी है। यह परियोजना भारतीय रेलवे के अति व्यस्त यातायात वाले नेटवर्क का महत्वपूर्ण भाग है और इससे पूर्वी और उत्तरी भारत में यात्रियों के आवागमन और माल ढुलाई दोनों की स्थिति सुदृढ़ होने की उम्मीद है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि किउल-झाझा तीसरी लाइन परियोजना से हावड़ा-दिल्ली कॉरिडोर पर परिवहन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी और



रेल सेवाओं की समयबद्धता तथा परिचालन की सामर्थ्य में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि अतिरिक्त रेल लाइन से सवारी गाड़ियों और मालगाड़ियों की सुचारू रूप से आवाजाही सुनिश्चित होगी और इसके साथ ही क्षेत्र में औद्योगिक विकास और व्यापारिक संपर्क में सहायता मिलेगी। अभी किउल और झाझा के बीच मौजूदा दोहरी लाइन के खंड का अपनी अधिकतम क्षमता से भी ज्यादा उपयोग हो रहा है जबकि आने वाले वर्षों में इस कॉरिडोर पर यातायात की मांग और बढ़ने की आशा है जिसके लिए अतिरिक्त बुनियादी ढांचे के विस्तार की आवश्यकता होगी। प्रस्तावित 54 किलोमीटर लंबी तीसरी लाइन परियोजना से इस लाइन की क्षमता में उल्लेखनीय सुधार होगा, भीड़ कम होगी तथा सवारी गाड़ियों और मालगाड़ियों की सुगम आवाजाही सुनिश्चित होगी। इस परियोजना से पटना और कोलकाता के बीच संपर्क और मजबूत होगा। साथ ही इससे उत्तरी और पूर्वी भारत के प्रमुख औद्योगिक और लॉजिस्टिक्स केंद्रों के बीच माल ढुलाई भी सुगम होगी। यह मार्ग कोलकाता/हल्दिया बंदरगाहों और रक्सौल/नेपाल के बीच महत्वपूर्ण रूप से संपर्क प्रदान करता है तथा बाढ़ एसटीपीपी, जवाहर एसटीपीपी और बीरगंज आईसीडी सहित प्रमुख औद्योगिक प्रतिष्ठानों से जुड़ी भारी माल ढुलाई के लिए मालगाड़ियों के परिवहन को संभालता है। इस रेल खंड को भारतीय रेलवे के अति व्यस्त यातायात वाले नेटवर्क कॉरिडोर के अंतर्गत चिन्हित किया गया है। इस रणनीतिक गलियारे पर बढ़ते यातायात की मांग को देखते हुए इस परियोजना से यात्रियों के आवागमन और माल ढुलाई दोनों के लिए दीर्घकालिक स्तर पर बुनियादी ढांचागत सहायता मिलने की उम्मीद है। इसके माध्यम से बेहतर संपर्क और वहन क्षमता में अतिरिक्त वृद्धि से पूर्वी और उत्तरी भारत के प्रमुख आर्थिक केंद्रों के बीच सामग्रियों की आवाजाही की सामर्थ्य बढ़ेगी, भीड़ कम होगी और रेल परिवहन की विश्वसनीयता में सुधार होगा।

## विचाराधीन कैदी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** मंडल कारा में बंद एक विचाराधीन कैदी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान 27 वर्षीय जीतन रजवार के रूप में हुई है जो गोविंदपुर थाना क्षेत्र के संग्रामडीह का रहने वाला था। उसे पत्नी संजोती देवी की हत्या के आरोप में 16 मई को गोविंदपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था। जेलर दिनेश वर्मा ने बताया कि जेल में जीतन रजवार की पहले भी तबीयत बिगड़ी थी और वह अचानक बेहोश होकर गिर पड़ा था। इसके बाद उसे तत्काल इलाज के लिए धनबाद सदर अस्पताल भेजा गया था। प्राथमिक उपचार के बाद उसे वापस जेल लाया गया था। जेलर के अनुसार सोमवार देर रात जीतन रजवार की तबीयत फिर से खराब हो गई। उसे अस्पताल ले जाया जा रहा था लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद जेल प्रशासन ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## युवक की हत्या के बाद शव के साथ सड़क जाम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**धनबाद।** सदर थाना क्षेत्र स्थित हीरापुर-चिरागोड़ा श्मशान रोड के समीप मैदान में मंगलवार सुबह एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव की पहचान चिरागोड़ा निवासी 42 वर्षीय राजेश चंद्रवंशी के रूप में हुई है। उनका घर घटनास्थल से कुछ ही दूरी पर स्थित है। शव मिलने की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और परिजन मौके पर जुट गए। सूचना मिलने पर पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। घटना से आक्रोशित लोगों ने शव को लेकर रणधीर वर्मा चौक पहुंचकर सड़क जाम कर दिया जिससे कुछ समय के लिए यातायात बाधित रहा। मृतक के भाई ने बताया कि राजेश हीरापुर हटिया में मोबाइल की दुकान चलाते थे। रविवार रात उनकी मोबाइल पर बातचीत हुई थी लेकिन इसके बाद उनका फोन स्विच ऑफ हो गया। परिजनों ने रातभर खोजबीन की लेकिन उनका कोई पता नहीं चल सका। परिजनों का आरोप है कि स्थानीय दुकानदारों ने बताया था कि एक व्यक्ति दुकान पर पहुंचकर राजेश को जान से मारने की धमकी देकर गया था। इस सूचना के बाद वे धनबाद थाना पहुंचे लेकिन वहां मौजूद पुलिसकर्मी ने सुबह 8 बजे आने को कहा। परिजनों का कहना है कि यदि पुलिस समय पर सक्रिय होती तो शायद राजेश की जान बचाई जा सकती थी। इधर घटना की सूचना मिलने पर धनबाद विधायक राज सिन्हा भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि मामले को लेकर एसएसपी से बात की गई है। यदि किसी पुलिसकर्मी की लापरवाही सामने आती है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों द्वारा आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी का आश्वासन दिए जाने के बाद लोगों ने जाम समाप्त किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। वहीं सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव ने कहा कि धनबाद थाना में रात्रि में तैनात ओडी पुलिस पदाधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। उसके खिलाफ सस्पेंशन की कार्रवाई की प्रकिया चल रही है।

## अफीम के साथ अंतरराज्यीय तस्कर गिरोह का कूरियर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**चतरा।** जिले में सक्रिय नशे के सौदागरों और अफीम तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत चतरा पुलिस को एक बार फिर बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने करीब 17 लाख रुपए मूल्य के 2 किलो 900 ग्राम गिला अवैध अफीम के साथ अंतरराज्यीय तस्कर गिरोह के एक कूरियर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सदर थाना क्षेत्र के सिक्किद गांव निवासी अनिल कुमार यादव के रूप में हुई है। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसपी अनिमेष नैथानी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि चतरा-जोरी की ओर से एक युवक सवारी ऑटो में अवैध अफीम लेकर गयाजी (बिहार) होते हुए राजधानी दिल्ली जाने वाला है। सूचना के सत्यापन के बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। टीम ने झारखंड-बिहार सीमा पर स्थित गोसाईडीह के समीप सघन वाहन जांच अभियान चलाकर तस्कर को गिरफ्तार किया है। एसपी ने बताया कि वाहन जांच के दौरान एक सवारी ऑटो को रोकते ही उसमें बैठा युवक काले रंग का पिठ्ठू बैग लेकर भागने लगा। इसके बाद मौके पर मौजूद पुलिस के जवानों ने खदेड़कर उसे पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके बैग से 2 किलो 900 ग्राम गीला अफीम, दो मोबाइल फोन और 1200 रुपये नगद बरामद किए गए।

## दक्षिण पूर्व रेलवे के जीएम ने रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण


नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** हटिया और रांची रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को रेल प्रशासन पूरी तरह एक्टिव मोड में नजर आया। दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक अनिल कुमार जैन रांची पहुंचे। जहां उन्होंने हटिया और रांची रेलवे स्टेशन पर चल रहे पुनर्विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान रांची रेल मंडल के अधिकारियों के साथ उन्होंने विभिन्न निर्माण कार्यों और यात्री सुविधाओं की प्रगति की समीक्षा की। इस निरीक्षण के दौरान रेलवे अधिकारियों और इंजीनियरिंग विभाग की टीम भी मौजूद रही। महाप्रबंधक ने सबसे पहले हटिया रेलवे स्टेशन का जायजा लिया जहां स्टेशन परिसर में चल रहे विकास कार्यों, यात्री सुविधाओं और आधारभूत संरचनाओं की जानकारी ली गई। इसके



राज्यपाल से मुलाकात करते महाप्रबंधक

बाद उन्होंने रांची रेलवे स्टेशन पहुंचकर पुनर्विकास कार्यों का निरीक्षण किया। स्टेशन के दक्षिण दिशा में बन रहे निर्माण कार्यों को भी उन्होंने करीब से देखा और कार्यों की प्रगति को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस निरीक्षण के दौरान यात्री सुविधाओं पर विशेष फोकस रखा गया। स्टेशन परिसर में साफ-सफाई, प्रतीक्षालय, पेयजल, सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग और यात्री आवाजाही को बेहतर बनाने से जुड़े कार्यों की समीक्षा की गई। रेलवे अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि पुनर्विकास कार्यों की गुणवत्ता और समयसीमा का विशेष ध्यान रखा जाए ताकि यात्रियों को भविष्य में बेहतर सुविधाएं मिल सके। इन दोनों स्टेशन का निरीक्षण करने के बाद दक्षिण पूर्व रेलवे महाप्रबंधक अनिल कुमार जैन ने लोकभवन पहुंचकर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से शिष्टाचार मुलाकात की। लोकभवन में हुई इस मुलाकात के दौरान राज्य में लंबित रेल परियोजनाओं और नई रेल सेवाओं को लेकर चर्चा हुई। राज्यपाल ने झारखंड में लंबित रेल परियोजनाओं को जल्द पूरा करने को कहा।




C M Y K

# भारत माता चौक से सिंदूर फोरलेन तक करीब 9.8 किमी सड़क पुनर्निर्माण

## सांसद मनीष जायसवाल का प्रयास धरातल पर उतरा, सांसद-विधायक, मेयर और जिप अध्यक्ष ने किया शिलान्यास

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो।** हजारीबाग वासियों के लिए मंगलवार का दिन बड़ी खुशखबरी वाला रहा। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल द्वारा बीते कुछ समय से हजारीबाग के विकास में किया गया प्रयास अब धरातल पर उतर रहा है। केंद्रीय सड़क एवं अवसंरचना निधि (सीआरआईएफ ) योजना से करीब 107 करोड़ की लागत से हजारीबाग शहर की अति महत्वाकांक्षी परियोजना भारत माता चौक से लेकर सिंदूर बायपास (पुराना एनएच-33) तक लगभग 9.5 किलोमीटर मुख्य सड़क का पुनर्निर्माण, मजबूतीकरण एवं चौड़ीकरण कार्य का विधिवत शिलान्यास हो गया है।




शिलान्यास बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल और विशिष्ट अतिथि सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, हजारीबाग नगर निगम के महापौर अरविंद राणा, जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता सहित अन्य गणमान्य लोगों ने नारियल फोड़कर और शिलापट्ट का अनावरण कर किया । मौके पर खुशी का इजहार करते हुए सांसद मनीष जायसवाल ने बताया कि वह बीते करीब डेढ़ साल से इस सड़क निर्माण को लेकर लगातार प्रयासरत थे, जिसका सुखद प्रतिफल आज हजारीबाग की जनता के सामने है। यह प्रमुख सड़क शहर के मासीपीढ़ी, आर्यानगर, पतरातु, कोलंबस कॉलेज मोड़, बस स्टैंड चौक, चुरचू रोड, डिस्ट्रिक्ट मोड़ चौक और विकास नगर होते हुए सिंदूर बायपास से जुड़ती है। उन्होंने कहा कि विकास के इस बड़े कार्य से हजारीबाग की जनता को लंबे समय से हो रही ट्रैफिक और जर्जर सड़कों की परेशानी से बड़ी राहत मिलेगी। साथ ही रांची और पटना समेत अन्य शहरों से आने-जाने वाले यात्रियों के लिए भी आवाजाही बेहद सुगम और आसान हो जाएगी। इस ऐतिहासिक अवसर पर सांसद मनीष जायसवाल ने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की समस्त जनता की ओर से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को इस बड़ी परियोजना के लिए हार्दिक बधाई एवं धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि जिनके सहयोग और दूरदर्शी सोच से यह महत्वपूर्ण परियोजना संभव हो सकी है और अब धरातल पर उतरने जा रही है, उन्हें सहृदय साधुवाद।

■ हजारीबाग की जनता को लंबे समय से हो रही ट्रैफिक और जर्जर सड़कों की परेशानी से जल्द मिलेगी बड़ी राहत : मनीष जायसवाल

# खाद्य सुरक्षा विभाग की बड़ी कारवाई, मिलावटी खाद्य पदार्थों और अवैध विक्रेताओं पर चला अभियान

■ 32 दुकानों और ठेला-खोमचा की जांच, 7 पर कार्रवाई; एक सप्ताह में फूड लाइसेंस बनाने का निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जिले में आमजनों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा व्यापक जांच अभियान चलाया गया। उपायुक्त रामनिवास यादव के निदेर्शानुसार चलाए गए इस विशेष अभियान में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मिलावटी खाद्य पदार्थों की जांच की गई तथा सड़क किनारे ठेला-खोमचा लगाकर गुपचुप, पानीपुरी, चाट, छोला एवं अन्य खाद्य सामग्री बेचने वाले दुकानदारों का निरीक्षण किया गया अभियान के दौरान कुल 32 दुकानों एवं ठेला-खोमचा संचालकों की जांच की गई, जिसमें 7 दुकानों पर खाद्य सुरक्षा मानकों के उल्लंघन पाए जाने पर आवश्यक कार्रवाई की गई।

जांच के दौरान खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, स्वच्छता, भंडारण व्यवस्था, उपयोग किए जा रहे पानी की गुणवत्ता तथा खाद्य सामग्री के निर्माण एवं बिक्री प्रक्रिया का गहन निरीक्षण किया गया निरीक्षण में कई स्थानों पर खाद्य सामग्री खुले में रखी हुई पाई गई, जबकि कुछ दुकानदारों के पास आवश्यक खाद्य लाइसेंस और स्वच्छता संबंधी दस्तावेज उपलब्ध नहीं थे। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी डॉ. राजा कुमार ने सभी दुकानदारों एवं ठेला-खोमचा संचालकों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि वे खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत अनिवार्य रूप से फूड लाइसेंस प्राप्त करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी संबंधित दुकानदार एक सप्ताह के भीतर अपना फूड लाइसेंस बनवाना सुनिश्चित करें, अन्यथा आगे नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी इसके साथ ही दुकानदारों को साफ-सफाई बनाए रखने, स्वच्छ पानी का उपयोग करने तथा खाद्य सामग्री को ढंककर रखने के निर्देश दिए गए। अभियान के दौरान आम नागरिकों को भी जागरूक किया गया। विभाग की टीम ने लोगों से अपील की कि वे केवल स्वच्छ एवं प्रमाणित स्थानों से ही खाद्य सामग्री खरीदें तथा किसी भी प्रकार की मिलावट या अस्वच्छता की शिकायत तुरंत संबंधित विभाग को दें।खाद्य सुरक्षा विभाग ने बताया कि गर्मी के मौसम में खुले खाद्य पदार्थों के सेवन से फूड पॉइजनिंग एवं अन्य गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है, इसलिए सतर्कता बेहद जरूरी है। इस विशेष जांच अभियान में राज्य स्तरीय टीम ने भी सक्रिय सहयोग दिया और विभिन्न दुकानों की जांच प्रक्रिया का अवलोकन करते हुए खाद्य सुरक्षा मानकों के प्रभावी अनुपालन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त रामनिवास यादव ने कहा कि जिला प्रशासन आम लोगों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहा है। खाद्य पदार्थों में मिलावट एवं अस्वच्छ खाद्य सामग्री बेचने वालों के खिलाफ नियमित अभियान जारी रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### मां विंध्यवासिनी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में फ्रेशर पार्टी का आयोजन, बबली बनीं मिस फ्रेशर

**पदमा/हजारीबाग (नबिटासं)।** पदमा प्रखंड स्थित माँ विंध्यवासिनी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में बी.एड सत्र 2024-26 के प्रशिक्षुओं द्वारा सत्र 2025-27 के नवप्रशिक्षुओं के स्वागत में फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रो. अविनाश कुमार के निर्देशन में आयोजित हुआ, जिसकी अध्यक्षता डॉ. चेतलाल प्रसाद ने की। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में डॉ. अनूप कुमार मेहता के साथ अजीत कुमार एवं विकास कुमार उपस्थित रहे। मौके पर डॉ. अनूप कुमार मेहता ने कहा कि वर्तमान समय प्रतियोगिता का युग है और नियमित मेहनत का कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने प्रशिक्षुओं को अनुशासन एवं समर्पण के साथ अध्ययन करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का संचालन प्रशिक्षु गुनगुन कुमारी एवं प्रिया वर्मा ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान नवप्रशिक्षुओं ने डांस, मिमिक्री, शायरी, कविता, स्टैंडअप कॉमेडी, रैंप वॉक एवं फोटो सेशन के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बैलून ब्लास्ट एवं म्यूजिकल चेयर्स जैसी गतिविधियों ने कार्यक्रम को और भी मनोरंजक बना दिया। फ्रेशर पार्टी में बबली कुमारी को ह्लमिस फ्रेशरह्व तथा दीपक ऋषि को ह्लमिस्टर फ्रेशरह्व चुना गया। दोनों विजेताओं को डॉ. अनूप कुमार मेहता एवं प्रो. अविनाश कुमार ने क्राउन पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में प्रो. जितेंद्र झा ने धन्यवाद ज्ञापन किया।




### महात्मा सुशील एवं मां विजया की मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा का 12वां महोत्सव

**पटना (नबिटासं)।** गोलारोड स्थित इस्सयोग के उत्सव-भवन एम एस एम बी भवन के शिखर-तल पर प्रतिस्थापित, सूक्ष्म साधना पद्धति 'इस्सयोग' के प्रवर्तक और 'अन्तर्राष्ट्रीय इस्सयोग समाज' के संस्थापक महात्मा सुशील कुमार एवं माँ विजया जी की मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा का १२वाँ स्थापना-दिवस समारोह आज श्रद्धा-भक्ति के साथ मनाया गया। उत्सव का आरंभ प्रातः १० बजे, ११ बार ओमकार ध्वनि के सामूहिक उच्चारण के साथ किया गया। दोनों मूर्तियों का क्रमशः दूध, दधी, मधु,घी और गंगा-जल से अभिषेक किया गया। वस्त्राभूषण एवं ऋृंगार के पश्चात माताजी के निदेर्शानुसार संस्था के संयुक्त-सचिव डा अनिल सुलभ द्वारा दीप-प्रज्वलन किया गया। इसके पूर्व संस्था के संयुक्त सचिव ई उमेश कुमार तथा शिवम् झा ने सद्गुरुदेव तथा माया साहू और श्वेता जौहरी ने माताजी की मूर्ति का दूध, दही, मधु, जल एवं चंदन-लेप से अभिषेक किया। छोटे भैया श्री संदीप कुमार एवं प्रभात झा ने सद्गुरुदेव एवं गायत्री राय और नीना दूबे गुप्ता ने माताजी की मूर्ति को नूतन वस्त्र पहनाकर तथा अन्य आभूषणों से ऋृंगार किया। वरिष्ठ इस्सयोगी लक्ष्मी प्रसाद साहू तथा अनंत कुमार साहू ने मूर्तियों पर माल्यार्पण किए। नैवेद्य-अर्पण मंजुदेवी तथा सुनयना देवी ने किया। आधे घंटे की 'आह्वान-साधना' के पश्चात इस्सयोगियों ने सद्गुरुदेवमाँ का पाद-प्रच्छालन कर आरती की, जिसके पश्चात अखण्ड भजन-संकीर्तन किया गया। संस्था की संयुक्त साचिव सरोज गुटगुटिया, अवकाश प्राप्त पुलिस अधीक्षक चौरसिया चंद्रशेखर आजाद, अवकाश प्रात अपर समाहर्ता कपिलेश्वर मंडल, डा जेठानन्द बैंकानी, श्री प्रकाश सिंह, डा मनोज धमीजा, पीयूष कुमार, राकेश कुमार, प्रेम नाथ खन्ना, अवध किशोर शर्मा,दुष्यंत यादव, ए के खरे, गायत्री प्रदीप, बीरेन्द्र राय, किरण प्रसाद, गीता देवी, गायत्री सिन्हा, राम नारायण प्रसाद, अरविंद साहू, अरविंद कुमार,अमीत राज लालू, बबलू वरुण, अभय कुमार, रवि मूलचंद आदि हजारों की संख्या में इस्सयोगी उपस्थित थे।



### केजीबीभी में एचपीवी टीकाकरण को लेकर अभिभावक बैठक आयोजित

**बरही (नबिटासं)।** केजीबीभी बरसोत में एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण को लेकर अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में छात्राओं के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एचपीवी वैक्सीन के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानी ने अभिभावकों एवं छात्राओं को एचपीवी संक्रमण, उसके कारण, लक्षण एवं दुष्प्रभाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एचपीवी एक वायरल संक्रमण है, जो मुख्य रूप से किशोरियों एवं महिलाओं में गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है। इसके संक्रमण से सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी होने का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने बताया कि शुरूआती दौर में इसके लक्षण सामान्य रूप से दिखाई नहीं देते, लेकिन संक्रमण बढ़ने पर शरीर में कमजोरी, असामान्य संक्रमण, दर्द एवं अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि समय पर एचपीवी टीकाकरण कराने से इस संक्रमण से काफी हद तक बचाव संभव है। साथ ही उन्होंने अभिभावकों से अपनी बच्चियों का समय पर टीकाकरण कराने पर जोर दिया। बैठक में विद्यालय की वार्डन रौशनी बाड़ा सहित अन्य कर्मी, कई बच्चियां एवं उनके अभिभावक मौजूद थे। बैठक में उपस्थित अभिभावकों ने अपनी जिज्ञासाएं रखीं, जिनका विशेषज्ञों द्वारा समाधान किया गया।

### आम्रपाली प्रशिक्षण केंद्र, अररिया में गायन, वादन एवं नृत्य प्रशिक्षण प्रारंभ

**अररिया (नबिटासं)।** कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार द्वारा संचालित आम्रपाली प्रशिक्षण केंद्र, अररिया में गायन, वादन एवं नृत्य का निःशुल्क प्रशिक्षण प्रारंभ हो गया है। प्रशिक्षण प्रारंभ होते ही बच्चों एवं अभिभावकों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है तथा अब तक 20 बच्चों ने नामांकन कराया है। प्रशिक्षण मंगलवार से रविवार को दोपहर 12:00 बजे से संध्या 06:00 बजे तक संचालित किया जा रहा है। केंद्र में नामांकन ह्लपहले आओ, पहले पाओह्व के आधार पर किया जाएगा। प्रशिक्षण हेतु न्यूनतम आयु सीमा 06 वर्ष निर्धारित की गई है।

# फर्जी आरटीओ ई-चालान लिंक भेजकर करता था ठगी

## रातबहीयार जंगल से साइबर अपराधी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** पुलिस को साइबर अपराध के खिलाफ बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस अधीक्षक, गिरिडीह को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि गाण्डेय थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम राताबहीयार के आसपास कुछ साइबर अपराधी मोबाइल फोन के माध्यम से आम लोगों से ठगी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस उपाधीक्षक साइबर क्राइम आबिद खॉ के नेतृत्व में विशेष छापामारी दल का गठन किया गया।

गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए राताबहीयार जंगल में छापेमारी कर एक साइबर अपराधी को



गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी के पास से दो मोबाइल फोन एवं दो सिम कार्ड बरामद किए गए।गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान गाण्डेय थाना क्षेत्र के मारगोडीह निवासी 26 वर्षीय संदिप कुमार मंडल, पिता ठकरी मंडल के रूप में हुई है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने स्वीकार किया कि वह फर्जी आरटीओ ई -चालान.ऐपक फाइल एवं लिंक भेजकर लोगों को झांसे में लेता था और साइबर ठगी की घटना को अंजाम देता था इस संबंध में साइबर थाना कांड संख्या 15/2026 दिनांक 18 मई 2026 दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी का पूर्व में भी साइबर अपराध से संबंध रहा है। वह साइबर थाना कांड संख्या 12/2020 में जेल जा चुका है बरामद सामान 02 मोबाइल फोन 02 सिम कार्ड छापामारी दल में शामिल पदाधिकारी पुलिस उपाधीक्षक साइबर क्राइम आबिद खॉ थाना प्रभारी रामेश्वर भगत पु०अ०नि० पुनीत कुमार गौतम पु०अ०नि० गुंजन कुमार स०अ०नि० संजय मुखियार आरक्षी अबुल कलाम आरक्षी रंधीर कुमार गिरिडीह पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि किसी भी अनजान लिंक, ऐपक फाइल या ई-चालान संबंधी संदिग्ध संदेश पर क्लिक न करें तथा साइबर ठगी से सतर्क रहें।

# मिजार्गंज विद्यालय की जमीन पर अवैध कब्जे का आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** जिले के जमुआ प्रखंड अंतर्गत मिजार्गंज गांव में विद्यालय की जमीन एवं सड़क पर कथित अवैध कब्जे को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। गांव निवासी प्रदीप कुमार गुप्ता ने उपायुक्त गिरिडीह को आवेदन देकर मामले में अविलंब कार्रवाई की मांग की है आवेदन में आरोप लगाया गया है कि मध्य विद्यालय मिजार्गंज को वर्ष 1929 में सरकार द्वारा लगभग 70 डिसमिल भूमि आवंटित की गई थी। इसी भूमि पर विद्यालय, कन्या उच्च विद्यालय तथा स्टेडियम जाने वाली सड़क स्थित है। ग्रामीणों का कहना है कि भू-माफियाओं द्वारा विद्यालय की जमीन और सड़क पर अवैध तरीके से बिल्डिंग का निर्माण कर लिया गया है, जिससे विद्यार्थियों और ग्रामीणों को परेशानी हो रही है आवेदनकर्ता ने यह भी आरोप लगाया है कि कुछ लोगों द्वारा कथित रूप से फर्जी कागजात तैयार कर विद्यालय की भूमि पर कब्जा जमाने का प्रयास किया गया है। मामले में अंचल कार्यालय में पूर्व में भी आवेदन दिया गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने का आरोप लगाया गया है।ग्रामीणों ने उपायुक्त से मांग की है कि विद्यालय परिसर एवं सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराया जाए ताकि बच्चों की पढ़ाई और आवागमन में किसी प्रकार की बाधा न हो। आवेदन के साथ विद्यालय की भूमि संबंधी कागजात, नक्शा एवं नापी रिपोर्ट भी संलग्न किए गए हैं ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

# फूड सेफ्टी व्हीकल को उपायुक्त ने किया रवाना

■ ठेला-खोमचा पर बिकने वाले खाद्य पदार्थों की होगी नियमित जांच

■ गुपचुप, पानीपुरी, चाट एवं फास्ट फूड की गुणवत्ता पर प्रशासन की पैनी नजर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जनस्वास्थ्य की सुरक्षा एवं लोगों को सुरक्षित और स्वच्छ खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। समाहरणालय परिसर से उपायुक्त रामनिवास यादव ने मंगलवार को फूड सेफ्टी व्हीकल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. बच्चा प्रसाद सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अंजना भारती, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनिता कुजूर, खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. राजा कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे फूड सेफ्टी व्हीकल के माध्यम से अब जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में ठेला, खोमचा और सड़क किनारे खाद्य सामग्री बेचने वाले दुकानदारों के खाद्य पदार्थों की नियमित जांच की जाएगी। विशेष रूप से गुपचुप, पानीपुरी, चाट, छोला, फास्ट फूड और अन्य खुले खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं खाद्य सुरक्षा मानकों की जांच होगी, ताकि लोगों को मिलावटी और अस्वच्छ खाद्य पदार्थों से बचाया जा सके। मौके पर उपायुक्त रामनिवास यादव ने कहा कि लोगों के स्वास्थ्य के साथ किसी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सड़क किनारे बिकने वाले खाद्य पदार्थों का सेवन बड़ी संख्या में बच्चे, युवा और आम नागरिक करते हैं, इसलिए उनकी गुणवत्ता और स्वच्छता सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को नियमित जांच अभियान चलाने और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया उपायुक्त ने बताया कि फूड सेफ्टी व्हीकल आधुनिक जांच उपकरणों से सुसज्जित है, जिससे मौके पर ही खाद्य पदार्थों की प्राथमिक जांच की जा सकेगी। इससे मिलावटी खाद्य सामग्री की पहचान तेजी से होगी और आमजनों को सुरक्षित भोजन उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी सिविल सर्जन डॉ. बच्चा प्रसाद सिंह ने कहा कि गर्मी के मौसम में खुले और दूषित खाद्य पदार्थों के सेवन से फूड पॉइजनिंग और अन्य बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में यह अभियान लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ खाद्य सुरक्षा मानकों को सख्ती से लागू करने में भी अहम भूमिका निभाएगा जिला प्रशासन ने सभी खाद्य विक्रेताओं से स्वच्छता बनाए रखने, खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन करने तथा आवश्यक लाइसेंस एवं पंजीकरण कराने की अपील की है। वहीं आमजनों से भी स्वच्छ एवं सुरक्षित खाद्य पदार्थों का सेवन करने तथा किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की सूचना प्रशासन को देने की अपील की गई है।

# नए ड्राइविंग लाइसेंस अभ्यर्थियों को सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जिले में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए जिला परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष कुमार के निदेर्शानुसार सोमवार को बरवाडी ग्राउंड, गिरिडीह में मोटरयान निरीक्षक श्री शुभम लाल सिंह के नेतृत्व में नए ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने आए अभ्यर्थियों का ड्राइविंग टेस्ट लिया गया इस दौरान अभ्यर्थियों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक भी किया गया। अधिकारियों ने वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट के उपयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन



करने तथा ट्रैफिक संकेतों का सम्मान करने की अपील की।

कार्यक्रम में हिट एंड रन, राहवीर योजना एवं गुड सेमेरिटन योजना की भी जानकारी दी गई। बताया गया कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद करने वाले नागरिकों को सरकार द्वारा प्रोत्साहित किया जाता है तथा उनकी पहचान गोपनीय रखी जाती है।मोटरयान निरीक्षक श्री शुभम लाल सिंह ने कहा कि सड़क पर सुरक्षित यात्रा के लिए प्रत्येक वाहन चालक को यातायात नियमों का पालन करना आवश्यक है। जागरूकता और जिम्मेदारी से ही सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है।

# आधार सेवा केंद्र की शुरूआत, अब स्थानीय स्तर पर मिलेगी डिजिटल सुविधा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** उपायुक्त रामनिवास यादव के निदेर्शानुसार आमजनों को आधार संबंधी सेवाएं सरल, सुलभ एवं समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए गिरिडीह के पुराना पुल स्थित ग्रामीण बैंक के समीप नया यूआईडीएआई आधुनिक आधार सेवा केंद्र शुरू किया गया है। इस केंद्र के शुरू होने से अब जिले के लोगों को आधार कार्ड बनवाने, नाम सुधार, मोबाइल नंबर अपडेट, पता संशोधन समेत अन्य तकनीकी सेवाओं के लिए दूर-दराज के कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा नए आधार सेवा केंद्र में प्रतिदिन 200 से अधिक लोगों के आधार कार्ड बनाने एवं नाम परिवर्तन करने की क्षमता विकसित की गई है। साथ ही यहां प्रशिक्षित तकनीकी कर्मियों की तैनाती की गई है, ताकि आम नागरिकों को त्वरित एवं पारदर्शी सेवा उपलब्ध कराई जा सके। केंद्र में आधार कार्ड से संबंधित विभिन्न तकनीकी समस्याओं का समाधान भी किया जाएगा, जिससे विद्यार्थियों, वृद्धजनों, महिलाओं एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों को विशेष सुविधा मिलेगी उपायुक्त रामनिवास यादव ने कहा कि डिजिटल सेवाओं को जनसामान्य तक पहुंचाना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। आधार आज हर सरकारी योजना, बैंकिंग सेवा, छात्रवृत्ति, पेंशन एवं अन्य आवश्यक कार्यों के लिए एक महत्वपूर्ण दस्तावेज बन चुका है। ऐसे में जिले में आधुनिक एवं व्यवस्थित आधार सेवा केंद्र की शुरूआत लोगों के लिए काफी लाभकारी सिद्ध होगी उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि केंद्र में आने वाले सभी नागरिकों को सुगम वातावरण एवं त्वरित सेवा सुनिश्चित कराई जाए। केंद्र में आधार से संबंधित बायोमेट्रिक अपडेट, मोबाइल नंबर लिंक, जन्मतिथि सुधार, पता संशोधन, ई-आधार डाउनलोड, फोटो अपडेट सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। विशेष रूप से उन लोगों को राहत मिलेगी, जिनका आधार अपडेट नहीं होने के कारण विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने में परेशानी हो रही थी इस नई पहल से गिरिडीह जिले में डिजिटल सेवाओं की पहुंच और अधिक मजबूत होगी तथा आम नागरिकों को सरकारी सेवाओं का लाभ लेने में सुविधा मिलेगी।

# थाना दिवस में जमीनी विवादों के समाधान पर जोर, 9 मामलों का निष्पादन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता


**बरही ।** थाना परिसर में मंगलवार को आयोजित थाना दिवस में जमीन, रास्ता एवं अन्य राजस्व संबंधी विवादों की सुनवाई की गई। कार्यक्रम में अंचल एवं पुलिस प्रशासन ने संयुक्त रूप से लोगों की समस्याएं सुनीं और कई मामलों का मौके पर ही निष्पादन किया। कुल 9 मामलों का समाधान आपसी सहमति एवं कानूनी प्रक्रिया के तहत किया गया।

थाना दिवस के दौरान ग्रामीणों ने जमीन सीमांकन, रास्ता विवाद और आपसी भूमि संबंधी शिकायतें प्रशासन के समक्ष रखीं। अधिकारियों ने संबंधित पक्षों को बुलाकर आवश्यक कागजातों की जांच की तथा त्वरित समाधान की दिशा में कार्रवाई की। अंचलाधिकारी चंद्रशेखर कुणाल ने कहा कि जमीनी विवादों को लेकर तनाव या आपसी टकराव की स्थिति उत्पन्न करने के बजाय लोग प्रशासनिक व्यवस्था का सहयोग लें और थाना दिवस में पहुंचकर अपनी समस्याएं रखें। वहीं थाना प्रभारी विनोद कुमार ने कहा कि छोटे-छोटे विवाद ही आगे चलकर बड़ी घटनाओं का कारण बनते हैं, इसलिए समय रहते समाधान आवश्यक है। उन्होंने लोगों से कानून का पालन करने एवं किसी भी विवाद की सूचना तत्काल प्रशासन को देने की अपील की। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रत्येक माह के पहले और दूसरे मंगलवार को अंचल परिसर तथा तीसरे और चौथे मंगलवार को थाना परिसर में शिविर आयोजित किया जाएगा।

# अभियंताओं एवं संवेदकों के पास सिर्फ दो ही विकल्प हैं, या तो ससमय कार्य पूर्ण करें या कारवाई के लिए तैयार रहें : डीसी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने मंगलवार को एनआईसी सभागार से पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में सभी बीडीओ, सीओ, विभाग के कनीय एवं सहायक अभियंता समेत मल्टी विलेज स्कीम (एमवीएस) के तहत कार्य करा रहे संवेदक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे।समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि हर घर तक नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल पहुंचाना सरकार और जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही या धीमी



प्रगति स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने अभियंताओं एवं संवेदकों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि तय समयसीमा के भीतर कार्य पूर्ण करें, अन्यथा कार्रवाई के लिये तैयार रहें।बैठक में एमवीएस योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कई योजनाओं में धीमी गति पर नाराजगी जताई। निमिया योजना से जुड़े संवेदक के बैठक में अनुपस्थित रहने पर शोकॉज करने का निर्देश दिया गया। जल गुणवत्ता जांच की समीक्षा के दौरान जिन प्रखंडों में वाटर क्वालिटी टेस्टिंग 10 प्रतिशत से कम पाया गया, वहां के संबंधित कनीय अभियंताओं को भी शोकॉज करने का निर्देश दिया गया। रिपोर्ट के अनुसार मोहम्मदगंज, मनातू, पांकी, पिपरा सहित कई प्रखंडों में जल स्त्रोतों की रासायनिक जांच की प्रगति काफी कम पायी गयी।

समीक्षा में पाया गया कि मेदिनीनगर प्रमंडल में कुल ग्रामीण परिवारों में अब तक 53 प्रतिशत घरों तक फंक्शनल हाउसहोल्ड टैप कनेक्शन पहुंच चुका है।वहीं ह्लहर घर जलह्व प्रमाणन के तहत मेदिनीनगर प्रमंडल में 528 गांवों को रिपोर्ट किया गया है, जिनमें से 254 गांव प्रमाणित हो चुके हैं। उपायुक्त श्री शेखावत ने विभिन्न योजनाओं की अद्यतन स्थिति की भी समीक्षा की। छतरपुर ग्रामीण जलापूर्ति योजना में 98 प्रतिशत भौतिक प्रगति एवं 8110 घरों तक कनेक्शन उपलब्ध कराए जाने की जानकारी दी गई।वहीं कौड़िया योजना में 3709 एफएचटीसी उपलब्ध कराये जा चुके हैं। इसके अलावा चेनपुर, सोनपुरवा, पांशा-रामबांध, पोलपोल, लोइंगा एवं छतरपुर-नौडीहा बाजार-हरिहरगंज-पिपरा मल्टी विलेज योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कार्य में तेजी लाने, लंबित एनओसी मामलों का शीघ्र निष्पादन कराने तथा पाइपलाइन बिछाने एवं विद्युत कनेक्शन से जुड़े मामलों में समन्वय स्थापित कर समयबद्ध कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया।

# डैम रोड के नाले में मिला नवजात का शव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बौंसी/बांका।** बौंसी बाजार के डैम रोड इलाके में मंगलवार को एक ऐसी घटना सामने आई, जिसने लोगों को अंदर तक झकझोर कर रख दिया। सड़क किनारे बने नाले से एक नवजात शिशु का शव मिलने के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। घटना को लेकर लोगों में दुख, गुस्सा और हैरानी का माहौल देखा गया। जानकारी के अनुसार नगर पंचायत के सफाई कर्मी नियमित सफाई अभियान के तहत डैम रोड स्थित नाले की सफाई कर रहे थे। इसी दौरान कर्मियों की नजर नाले में पड़े एक नवजात के शव पर पड़ी। दृश्य देखते ही मौके पर मौजूद लोगों के होश उड़ गए और देखते ही देखते आसपास भीड़ जुटनी शुरू हो गई।घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही सब इंस्पेक्टर पवन कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने सफाई कर्मियों की सहायता से शव को नाले से बाहर निकलवाया। कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को सुरक्षित स्थान पर दफनाया गया। स्थानीय लोगों और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नवजात की उम्र करीब तीन माह के आसपास बताई जा रही है। हालांकि पुलिस की ओर से आधिकारिक पुष्टि जांच के बाद ही की जाएगी। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि आखिर किन परिस्थितियों में मासूम का शव नाले तक पहुंचा। इस हृदयविदारक घटना के बाद इलाके में तरह-तरह की चचाएं हो रही हैं। स्थानीय लोगों ने इस अमानवीय कृत्य की कड़ी निंदा करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। घटना ने समाज और मानवता पर कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। आसपास के इलाकों में पूछताछ के साथ-साथ अन्य पहलुओं पर भी जांच की जा रही है, ताकि इस घटना के पीछे की सच्चाई सामने लाई जा सके।

# उपायुक्त ने प्रखण्ड के संस्थानों का किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

खूँटी। उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया ने आज खूँटी प्रखंड अंतर्गत विभिन्न संस्थानों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण क्रम में सर्वप्रथम उन्होंने कालामाटी स्थित पीएम श्री कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, खूंटी का निरीक्षण किया।

उपायुक्त ने विद्यालय में पठन-पाठन व्यवस्था, विद्यालय कक्ष, प्रधानाध्यापक कक्ष, लिपिक कक्ष, किचन एवं मेनू अनुसार भोजन व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने विद्यालय में कार्यरत कुक की संख्या एवं बच्चों को उपलब्ध कराए जा रहे भोजन की गुणवत्ता की जानकारी ली। विद्यालय की छात्राओं एवं कक्षा 12वीं की छात्राओं से बातचीत कर पढ़ाई, विभिन्न विषयों एवं विद्यालय की व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

उपायुक्त ने शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने, बच्चों एवं शिक्षकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा बेहतर परिणाम लाने हेतु बच्चों को प्रेरित करने के निर्देश दिए। साथ ही अतिरिक्त शिक्षकों की व्यवस्था सुनिश्चित करने को लेकर भी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। विद्यालय परिसर एवं अन्य व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए गए।इसके उपरांत उपायुक्त ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मारंगहादा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने एमओआईसी से स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए महिला वार्ड, पुरुष ओपीडी, मलेरिया वार्ड, फाइलेरिया क्लिनिक, आयुष ओपीडी, लैब, शल्य कक्ष, दवा स्टॉक एवं उपलब्ध मशीनों का जायजा लिया।

उपायुक्त ने उपलब्ध संसाधनों एवं मशीनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ताकि मरीजों को इलाज में किसी प्रकार की समस्या न हो। उन्होंने आयुष आरोग्य मंदिर का बेहतर संचालन सुनिश्चित कराने, प्रतिदिन आने वाले मरीजों की संख्या की नियमित मॉनिटरिंग करने एवं अस्पताल में होने वाली सर्जरी की जानकारी प्राप्त की।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने चिकित्सकों, नर्सों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को सक्रिय भूमिका निभाने, रोस्टर अनुसार उपस्थित रहने तथा बायोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही ममता वाहन एवं 108 एम्बुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित कराने को कहा, ताकि मरीजों को समय पर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो सके।

इसके पश्चात उपायुक्त ने पंचायत सचिवालय, मारंगहादा का निरीक्षण किया। उन्होंने पंचायत सचिवालय के बेहतर संचालन, मुखिया कक्ष की व्यवस्था, ज्ञान केंद्र के सुदृढ़ अधिष्ठापन एवं इंटरनेट सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही ज्ञान केंद्र में आवश्यक पुस्तकों की उपलब्धता एवं बच्चों के लिए बेहतर अध्ययन वातावरण तैयार करने को कहा।उपायुक्त ने पंचायत मेंटेनेंस फंड का सदुपयोग सुनिश्चित करने तथा पंचायत भवन में संचालित प्रज्ञा केंद्र का निरीक्षण करते हुए आधार कार्ड एवं विभिन्न प्रमाण पत्रों के निर्माण कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित कर्मियों को ससमय आवेदन जेनरेट करने एवं सभी कर्मियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पंचायत दिवस के बेहतर आयोजन का निर्देश दिया गया।

# रेलवे ने माता वैष्णो देवी मार्ग के कई कार्यों को दी मंजूरी

## दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं के होगी सहूलियत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नयी दिल्ली।** रेलवे ने उत्तरी रेलवे के जम्मू-श्री माता वैष्णो देवी कटरा खंड पर 238 करोड़ रुपये की लागत से महत्वपूर्ण ढलान स्थिरीकरण, सुरंग पुनर्निर्माण और पुलों के संरक्षण कार्यों को मंजूरी दी है। इन कार्यों में जम्मू-श्री माता वैष्णो देवी कटरा मार्ग पर संवेदनशील स्थानों पर पुनर्निर्माण, सुरंगों से रिसाव की समस्या का समाधान और अन्य संबंधित सुरक्षा उपाय शामिल हैं।

रेल मंत्री ने कहा है कि ये कार्य देश के सबसे चुनौतीपूर्ण भूभागों में सुरक्षित और विश्वसनीय संपर्क सुनिश्चित करने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ते हैं। श्री वैष्णव ने कहा कि कटिंग, पुलों और सुरंगों के विस्तृत मूल्यांकन के बाद संरक्षण और पुनर्वास कार्यों को मंजूरी दी गई है। उन्होंने कहा कि इन कार्यों से रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इस खंड की दीर्घकालिक सुरक्षा और विश्वसनीयता मजबूत होगी।

कठिन भूभाग, प्रतिकूल भूवैज्ञानिक स्थितियों और प्रतिकूल मौसम के कारण इस खंड को कई इंजीनियरिंग और परिचालन संबंधी चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। हालांकि रेलवे ने समय-समय पर क्रियान्वयन और मजबूत बुनियादी ढांचा विकास के माध्यम से इन चुनौतियों पर लगातार काबू पाया है।

मौजूदा बुनियादी ढांचे के लिए नए संरक्षण और पुनर्वास कार्यों की मंजूरी के साथ, यह मार्ग पहले से अधिक बेहतर सुविधाएं प्रदान करेगा और हर साल लाखों यात्रियों को अधिक सुरक्षा और विश्वास के साथ सेवा प्रदान करने के लिए तैयार है।

# 993 करोड़ रुपये की अरक्कोनम-चेंगलपट्टू दोहरीकरण परियोजना को मिली स्वीकृति

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नयी दिल्ली। भारतीय रेलवे ने दक्षिणी रेलवे की 993 करोड़ रुपये की लागत वाली अरक्कोनम-चेंगलपट्टू दोहरीकरण परियोजना (68 किमी) को स्वीकृति दे दी है, जिससे देश भर में सुरक्षित, तेज और अधिक कुशल रेल परिवहन की दिशा में प्रतिबद्धता और मजबूत हुई है। यह खंड चेन्नई समुद्र तट, तांबरम, चेंगलपट्टू और अरक्कोनम को जोड़ने वाले महत्वपूर्ण चेन्नई उपनगरीय सर्कुलर रेल नेटवर्क का हिस्सा है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि अरक्कोनम-चेंगलपट्टू दोहरीकरण परियोजना व्यस्त चेन्नई उपनगरीय रेल नेटवर्क पर भीड़भाड़ कम करने और समयबद्धता एवं परिचालन दक्षता में सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से कॉरिडोर पर यात्री और माल ढुलाई दोनों को मजबूती मिलेगी, जिससे सीमेंट, ऑटोमोबाइल, अनाज, लोहा और इस्पात सहित प्रमुख वस्तुओं के परिवहन को लाभ होगा।

वर्तमान में, मौजूदा दोहरी लाइन का पूरा उपयोग हो रहा है और आने वाले वर्षों में यातायात में और वृद्धि होने की उम्मीद है, जिसके लिए अतिरिक्त बुनियादी ढांचे के विस्तार की आवश्यकता होगी। दोहरीकरण कार्य से ट्रेनों के ठहराव का समय कम होगा, समय की पाबंदी में सुधार होगा और उपनगरीय सेवाओं की आवृत्ति बढ़ेगी।

यह मार्ग महिंद्रा वर्ल्ड सिटी, श्रीपेरुम्बुदुर, ओरगाडम और इरुनगट्टुकोट्टई सहित कई प्रमुख आर्थिक और औद्योगिक केंद्रों के साथ-साथ महत्वपूर्ण ऑटोमोबाइल, सीमेंट और विनिर्माण उद्योगों को जोड़ता है। कांचीपुरम के पास प्रस्तावित परंदुर हवाई अड्डा परियोजना भी इस मार्ग के निकट स्थित है, जिससे इस मार्ग का रणनीतिक महत्व और भी बढ़ जाता है।

अरक्कोनम-चेंगलपट्टू दोहरीकरण परियोजना की स्वीकृति भारतीय रेलवे द्वारा रेल अवसंरचना के आधुनिकीकरण, नेटवर्क क्षमता बढ़ाने और प्रमुख मार्गों पर परिचालन दक्षता में सुधार के निरंतर प्रयासों में एक और महत्वपूर्ण पहल है।

इस परियोजना से उपनगरीय और माल ढुलाई संपर्क मजबूत होने, क्षेत्रीय औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलने और तेज, सुरक्षित और अधिक विश्वसनीय परिवहन सेवाएं उपलब्ध होने की आशा है।

# पंचायतों में लगा सहयोग शिविर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बौंसी/बांका। जिला प्रशासन की पहल पर मंगलवार को बौंसी प्रखंड की अंगारू जबड़ा एवं असनाहा पंचायत में सबका सम्मान-जीवन आसान अभियान के तहत सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और विभिन्न सरकारी योजनाओं से जुड़ी समस्याओं एवं आवेदनों का समाधान कराया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिलाधिकारी नवदीप शुक्ला के निर्देश पर किया गया। शिविर में मौजूद अधिकारियों ने लोगों को राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और पात्र लाभुकों को योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया समझाई। शिविर का उद्घाटन पूरनलाल टुडू, प्रखंड विकास पदाधिकारी हर्ष पराशर, जिला पंचायतीराज पदाधिकारी रवि प्रकाश गौतम, अंचलाधिकारी कुमार रवि, सर्किल इंस्पेक्टर मनीष कुमार, सीडीपीओ सरिता कुमारी, सब इंस्पेक्टर अनीश कुमार तथा पंचायत प्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशासन द्वारा जारी जानकारी के अनुसार अंगारू जबड़ा पंचायत में कुल 99 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 81 मामलों का निष्पादन मौके पर ही कर दिया गया, जबकि 18 आवेदन लंबित रखे गए। वहीं असनाहा पंचायत में कुल 47 आवेदन आए, जिनमें 27 मामलों का ऑन द स्पॉट समाधान किया गया और 20 आवेदन लंबित रहे। दोनों पंचायतों को मिलाकर कुल 146 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 108 मामलों का त्वरित निष्पादन किया गया। शेष 38 लंबित आवेदनों को आगामी शिविर में निपटाने की बात कही गई है। जिला पंचायती राज पदाधिकारी रवि प्रकाश गौतम ने बताया कि लंबित मामलों में लोहिया स्वच्छता विभाग, जीविका, पीएचईडी, लघु सिंचाई, कृषि, बिजली तथा राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से संबंधित आवेदन शामिल हैं। शिविर के दौरान ग्रामीणों ने प्रशासनिक पहल की सराहना करते हुए कहा कि पंचायत स्तर पर ऐसे शिविर लगने से लोगों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते और समस्याओं का त्वरित समाधान संभव हो पाता है।

# पीवीयूएनएल ने कटिया मार्केट में चलाया सफाई अभियान




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पतरातू (रामगढ़)।** पतरातू विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (पीवीयूएनएल) द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा 2026 के तहत कटिया मार्केट क्षेत्र में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व पीवीयूएनएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अशोक कुमार सहगल ने किया।

इस अवसर पर सीजीएम (प्रोजेक्ट) अनुपम मुखर्जी, जीएम (ओ एंड एम) मनीष खेतरपाल तथा एचओएचआर जियाउर रहमान सहित बड़ी संख्या में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

अभियान के दौरान कटिया मार्केट परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई की गई। साथ ही आम लोगों के उपयोग के लिए विभिन्न स्थानों पर डस्टबिन वितरित एवं स्थापित किए गए, ताकि क्षेत्र में स्वच्छता बनाए रखने को लेकर जनभागीदारी को प्रोत्साहित किया जा सके।

कार्यक्रम के दौरान स्थानीय दुकानदारों एवं आम लोगों को कचरा प्रबंधन, सूखा एवं गीला कचरा अलग रखने तथा स्वच्छ वातावरण के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि वे स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और अपने आसपास के वातावरण को साफ एवं स्वस्थ बनाए रखने में सहयोग करें। इस मौके पर श्री सहगल ने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही स्वच्छ और स्वस्थ समाज का निर्माण संभव है।

# डाक पिकअप वैन से स्प्रिट बरामद, दो गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

डोभी /गया जी । गुप्त सूचना के आधार पर बहेरा थाना की पुलिस ने बड़ी कार्रवाई हुए डोभी-चतरा मुख्य मार्ग पर धीरजापुर पुल के समीप एक डाक पार्सल पिकअप वैन से 90 गैलन कुल मात्रा 3600 लीटर स्प्रिट बरामद किया। इस दौरान वाहन चालक और उपचालक को गिरफ्तार कर लिया गया।गिरफ्तार आरोपितों में चालक बलिराम कुमार 25 वर्षीय पिता श्रवण यादव, निवासी कल्याणपुर बाली थाना चंडी, जिला नालंदा तथा उपचालक शिव कुमार उम्र 29 वर्ष पिता स्व. कपिल यादव, निवासी गंगा बीघा थाना बेना, जिला नालंदा शामिल हैं। पुलिस ने दोनों को माननीय न्यायालय में प्रस्तुत करने के बाद जेल भेज दिया।पुलिस के अनुसार जब्त स्प्रिट की कीमत करीब 15 लाख रुपये आंकी गई है। बताया जा रहा है कि उक्त स्प्रिट को हजारीबाग से चतरा-डोभी मार्ग होते हुए उत्तर बिहार में डिलीवरी किया जाना था, जहां इससे अवैध रूप से शराब तैयार की जाती। जानकारी के अनुसार 3600 लीटर स्प्रिट से लगभग 25 हजार लीटर विदेशी शराब बनाई जा सकती थी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शराब निर्माण में केमिकल की मात्रा में गड़बड़ी होने पर जहरीली शराब बन जाती है, जिससे लोगों की जान जाने का खतरा बना रहता है। बहेरा थाना की इस कार्रवाई को अवैध शराब कारोबार के खिलाफ बड़ी सफलता माना जा रहा है।

## हटाया गया अतिक्रमण

आरा। जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया के निर्देश पर सदर अंचल क्षेत्र अंतर्गत धरहरा से पासवान चौक रोड तक अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व अंचलाधिकारी, आरा सदर द्वारा किया गया।इस दौरान सरकारी भूमि एवं सार्वजनिक मार्गों पर किए गए स्थायी एवं अस्थायी अतिक्रमण को हटाया गया।

# जन सुनवाई कार्यक्रम में आमजनों की समस्याओं का निष्पादन




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खूंटी।** उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया के निदेर्शानुसार आज जिले के सभी प्रखण्ड-सह-अंचल कार्यालयों में लोक शिकायत निवारण कार्यक्रम (जन सुनवाई) का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में आमजनों ने भाग लेकर अपनी समस्याओं को प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं संबंधित थाना प्रभारी के समक्ष प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम के दौरान प्राप्त विभिन्न प्रकार की शिकायतों एवं समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। कई मामलों में तत्काल समाधान सुनिश्चित किया गया, जबकि शेष मामलों के शीघ्र निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। जन सुनवाई कार्यक्रम का उद्देश्य आमजनों को उनकी समस्याओं के समाधान हेतु स्थानीय स्तर पर ही सुलभ, पारदर्शी एवं प्रभावी मंच उपलब्ध कराना है, ताकि उन्हें जिला मुख्यालय तक आने की आवश्यकता न पड़े एवं उनकी समस्याओं का त्वरित निवारण सुनिश्चित किया जा सके। कार्यक्रम में विधि-व्यवस्था एवं अन्य संबंधित मामलों के त्वरित समाधान हेतु संबंधित थाना प्रभारी की भी उपस्थिति सुनिश्चित की गई, जिससे शिकायतों के निष्पादन में समन्वय एवं प्रभावशीलता बनी रही।

उपायुक्त द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि जन सुनवाई कार्यक्रम में प्राप्त शिकायतों का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए उनका समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करें तथा इससे संबंधित प्रतिवेदन ससमय प्रेषित करें, ताकि निगरानी प्रक्रिया सुदृढ़ बनी रहे।

उल्लेखनीय है कि प्रत्येक मंगलवार को प्रखण्ड-सह-अंचल कार्यालयों में तथा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को पूर्वाह्न 11:00 बजे से समाहरणालय, खूँटी में जिला स्तरीय जन सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन नियमित रूप से किया जा रहा है।

# हृदयाघात से कक्षपाल की मौत

**अररिया।** केंद्रीय कारा में तैनात कक्षपाल राकेश कुमार यादव हृदयाघात से मौत हो गई। वह 2015 बैच के सिपाही थे तथा पूर्व सैनिक (एक्स आर्मी) भी रह चुके थे। उनकी आकस्मिक मौत की खबर से जेल प्रशासन, पुलिस विभाग और परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई है।

कारा अधीक्षक सुजीत कुमार झा ने बताया कि बुधवार सुबह राकेश कुमार यादव की तबीयत अचानक खराब हो गई थी। प्रारंभ में उन्हें जेल के डॉक्टर को दिखाया गया, लेकिन तबीयत में सुधार नहीं होने पर साथी कक्षपाल उन्हें करीब 11 बजे इलाज के लिए अररिया सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां उन्होंने सीने में दर्द की शिकायत की। जांच के बाद डॉक्टरों ने उन्हें पूर्णिया में जांच कराने की सलाह दी।सदर अस्पताल से साथी कक्षपाल के साथ जेल वापस जाते समय अचानक वह गिर पड़े। इसके बाद उन्हें तुरंत वापस अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने दोपहर 2:15 बजे उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक राकेश कुमार यादव मूल रूप से मुंगेर जिले के जमालपुर के रहने वाले थे। उनका घर डीएवी कॉलेज के समीप बताया जा रहा है।

# विवाहिता लापता, परिजनों ने जताई अनहोनी की आशंका

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया।** नगर थाना क्षेत्र के डमहेली वार्ड संख्या-3 से एक विवाहिता के रहस्यमय ढंग से लापता होने का मामला सामने आया है। घटना को लेकर विवाहिता के भाई ने नगर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड़ना और मारपीट का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार, बटूरबाड़ी बभन बिट्टा वार्ड संख्या-14 निवासी मो. फिरोज ने थाना में दिए आवेदन में बताया कि उनकी बहन अंगूरी खातून की शादी लगभग एक वर्ष पूर्व डमहेली निवासी मो. राजा के साथ मुस्लिम रीति-रिवाज से हुई थी। शादी में करीब 2 लाख 20 हजार रुपये नगद, फर्नीचर समेत अन्य सामान दिए गए थे।

आरोप है कि शादी के कुछ दिनों बाद से ही पति एवं ससुराल पक्ष द्वारा मायके से मोटरसाइकिल लाने का दबाव बनाया जाने लगा। विरोध करने पर अंगूरी खातून के साथ मारपीट और प्रताड़ना की जाती थी। मो. फिरोज ने बताया कि करीब पांच दिन पहले उनकी बहन ने फोन कर मारपीट और दहेज प्रताड़ना की जानकारी दी थी।

सूचना मिलने पर वे अपनी बहन के ससुराल पहुंचे, जहां ससुराल पक्ष ने आगे से मारपीट नहीं करने का आश्वासन दिया था।

लेकिन दो दिन बाद जब वह दोबारा अपनी बहन से मिलने पहुंचे, तो अंगूरी खातून घर पर नहीं मिली। परिजनों का आरोप है कि ससुराल पक्ष महिला की तलाश में कोई रुचि नहीं दिखा रहा है और मामले को टालने का प्रयास कर रहा है। इसके बाद पीड़ित परिवार ने नगर थाना पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई।

इधर, नगर थाना पुलिस ने आवेदन प्राप्त होने की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की जांच की जा रही है तथा विवाहिता की तलाश शुरू कर दी गई है।

# मगध विश्वविद्यालय इकाई के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने की कुलपति से मुलाकात



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** फैक्टनेब के मगध विश्वविद्यालय के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रो विजय कुमार मिट्ठू एवं संरक्षक प्रो नवल किशोर प्रसाद आज मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो ( डॉ ) शशि प्रताप शाही से मिल कर महासंघ के सभी पदाधिकारियों की सूची सौपी तथा मगध विश्वविद्यालय अंतर्गत सभी संबद्ध अनुदानित डिग्री कॉलेज के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों के विभिन्न समस्याओं तथा वर्षो से लंबित मांगों को अविलंब पूरा करने हेतु अनुरोध किया।

विदित हो कि बिहार राज्य अंतर्गत संचालित सैकड़ों संबद्ध अनुदानित डिग्री कॉलेज के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों को नियमित वेतनमान एवं पेंशन देने, वर्षों का बकाया अनुदान का भुगतान करने सहित सभी मांगों को पूरा करने का आग्रह किया।

इन मांगों के अलावे विश्वविद्यालय स्तर के सभी लंबित मांगों में जैसे विभिन्न कॉलेज द्वारा शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों को दिए गए अनुदान का उपयोगिता विश्वविद्यालय द्वारा शिक्षा विभाग राज्य सरकार को भेजने, कॉपी मूल्यांकन का पारिश्रमिक समय पर होलतेज सहित भुगतान करने आदि मांगों को पूरा करने का भी अनुरोध किया।

## बिहार में सर्व सेफ फूड परियोजना का विस्तार

मुजफ्फरपुर। नेस्ले इंडिया ने बिहार स्वास्थ्य विभाग और एनएएसवीआई के सहयोग से राज्य में सर्व सेफ फूड परियोजना का विस्तार किया है। इसके तहत पटना, गया, नालंदा, वैशाली और मुजफ्फरपुर जिलों में 1,500 से अधिक स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके साथ ही प्रशिक्षित विक्रेताओं की कुल संख्या 10,000 से अधिक हो जाएगी। परियोजना के तहत विक्रेताओं को स्वास्थ्य, स्वच्छता, सुरक्षित खाद्य प्रबंधन, वेस्ट डिस्पोजल और एंटरप्रेन्योरशिप से जुड़ा प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय में राज्य मंत्री राज भूषण चौधरी ने कहा कि बिहार तेजी से विकास कर रहा है और खाद्य सुरक्षा व स्वच्छता मानकों को मजबूत करना आवश्यक है। उन्होंने इस पहल के लिए नेस्ले इंडिया और एनएएसवीआई की सराहना की।

# सहयोग शिविर में जनता के बीच पहुंचे डीएम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बांका। जिला पदाधिकारी, बांका नवदीप शुक्ला की अध्यक्षता में बांका जिला अंतर्गत विभिन्न प्रखंडों के चिन्हित पंचायतों में ह्लसहयोग शिविरह्व का आयोजन किया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा स्वयं शिविर में आए आवेदकों से उनकी शिकायतों की जानकारी ली गई तथा वहां उपस्थित संबंधित पदाधिकारी को समस्या का निष्पादन करने हेतु निर्देशित किया गया। शिविरों में सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजनों को उपलब्ध कराई गई तथा लोगों से शिकायत एवं आवेदन भी प्राप्त किए गए। आमजन अपने आवेदन ऑनलाइन माध्यम से भी जमा कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त जिला प्रशासन द्वारा जारी रोस्टर के अनुसार संबंधित पंचायतों में आयोजित सहयोग शिविर में उपस्थित होकर ऑफलाइन माध्यम से भी आवेदन जमा किए जा रहे हैं। जिला पदाधिकारी, बांका द्वारा बांका प्रखंड के बहेरा, दुधारी एवं ककवारा पंचायत स्थित पंचायत सरकार भवन में आयोजित सहयोग शिविर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का जायजा लिया तथा संबंधित पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया। वहीं बाराहाट प्रखंड के ओरिया पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर का निरीक्षण उप विकास आयुक्त द्वारा किया गया। इसके साथ ही जिले के सभी प्रखंडों में निर्धारित रोस्टर के अनुसार सहयोग शिविर आयोजित किए गए। सहयोग शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल पर आमजनों का प्राथमिक उपचार किया जा रहा था।

इस दौरान ब्लड शुगर, बीपी जांच सहित अन्य स्वास्थ्य संबंधी जांच एवं चिकित्सीय परामर्श उपलब्ध कराया गया। वहीं सामाजिक सुरक्षा कोषांग के स्टॉल पर वृद्धा पेंशन सहित विभिन्न योजनाओं से संबंधित जानकारी प्रदान की गई तथा पेंशन से जुड़ी समस्याओं का समाधान भी किया गया। इसके अतिरिक्त बिजली विभाग, मनरेगा, कृषि विभाग, आईसीडीएस, सहकारिता विभाग, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग तथा प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न विभागों द्वारा भी स्टॉल लगाए गए थे, जहां आमजनों को योजनाओं की जानकारी एवं आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई गई। जिला पदाधिकारी ने बताया कि जिले के सभी पंचायतों में चरणबद्ध तरीके से ह्लसहयोग शिविरह्व आयोजित किए जाएंगे, जिसका रोस्टर जिला प्रशासन द्वारा जारी कर दिया गया है। उन्होंने आमजनों से अपील की कि अधिक से अधिक संख्या में लोग निर्धारित तिथि एवं स्थान पर पहुंचकर अपनी समस्याओं के समाधान हेतु आवेदन करें। उन्होंने बताया कि आज जिले के कुल 24 पंचायतों में सहयोग शिविर आयोजित किए गए हैं। शिविर में लाभुकों द्वारा ऑफलाइन माध्यम से आवेदन जमा किए जा रहे हैं, वहीं ऑनलाइन माध्यम से भी आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं। प्राप्त आवेदनों में अधिक से अधिक मामलों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा तथा शेष आवेदनों का निष्पादन संबंधित विभागों द्वारा निर्धारित समय सीमा के भीतर किया जाएगा। जिला पदाधिकारी ने बताया कि यह कार्यक्रम दो पालियों में संचालित किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 02 जून 2026, 16 जून 2026, 07 जुलाई 2026, 21 जुलाई 2026, 18 अगस्त 2026, 01 सितंबर 2026 एवं 15 सितंबर 2026 को विभिन्न प्रखंडों के चयनित पंचायतों में भी ह्लसहयोग शिविरह्व आयोजित किए जाएंगे।

**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना सं.: टीआरडी–डब्ल्यूसी–टी–2026–27–09, दिनांक: 15.05.2026,** वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन–713301 द्वारा अपेक्षित निविदाकारों जिनके पास वैध विद्युत ठेकेदार का लाइसेंस एवं सुपरवाइजरी लाइसेंस है और निम्नलिखित कार्य को पूरा करने में वित्तीय रूप से सक्षम हैं, से ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा केस सं. : टीआरडी–डब्ल्यूसी–टी–2026–27–09, कार्य का नाम:** आसनसोल मंडल–ओएचई की विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए लार्ज स्पैन वायर का उन्नयन । **निविदा मूल्य :** रु. 5,03,22,155.04, **बयाना राशि:** रु. 10,06,400/–, **कार्य की समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 12 (बारह) माह। **कार्य के लिए प्रस्ताव की वैधता:** खुलने की तिथि से 60 दिन। **खुलने की तिथि और समय :** दिनांक 30.06.2026 को 15.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।

ASN-93/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# बिहार कृषि एप और फार्मर रजिस्ट्री से कृषि क्षेत्र में आएगी नई क्रांति

## बिहार में खेती बनेगी हाईटेक, हर किसान को मिलेगी डिजिटल पहचान और सीधा लाभः विजय कुमार सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पटना।** कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने ओडिशा के भुवनेश्वर में आयोजित कृषि पर क्षेत्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार में कृषि के क्षेत्र में अपार संभावनाओं को साकार करने हेतु वर्ष 2008 से कृषि रोड मैप बनाकर योजनाबद्ध तरीके से किसानों एवं कृषि क्षेत्र का विकास किया जा रहा है। वर्तमान में राज्य में चतुर्थ कृषि रोड मैप (2023-28) का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार में मुख्य रूप से धान, गेहूं, मक्का, दलहन एवं तिलहनी फसलों की खेती की जाती है तथा पिछले वर्षों में खाद्यान्न उत्पादन एवं उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है।

इस अवसर पर उन्होंने केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान से बीज अनुदान दरों में वृद्धि, दलहन एवं तिलहन फसलों के गुणवत्तापूर्ण बीजों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने हेतु आवश्यक सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार दलहन एवं तिलहन में आत्मनिर्भरता के साथ-साथ उद्यानिकी फसलों के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने के लिए पूरी तरह कृतसंकल्प है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2005 की तुलना में राज्य में खाद्यान्न उत्पादन में तीन गुना से अधिक वृद्धि हुई है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में बिहार में रिकॉर्ड 247.83 लाख मीट्रिक टन खाद्यान्न उत्पादन हुआ जबकि नवंबर माह में आए मोथा तूफान एवं मार्च माह में असामयिक वर्षा के कारण वित्तीय वर्ष 2025-26 में तृतीय पूर्वानुमान के अनुसार कुल खाद्यान्न उत्पादन 226.71 लाख मीट्रिक टन अनुमानित है। श्री सिन्हा ने कहा कि चतुर्थ कृषि रोड मैप एवं राज्य सरकार के सात निश्चय-3 के अंतर्गत कृषक कल्याण एवं कृषि विकास के लिए वर्तमान वित्तीय वर्ष 2026-27 में कृषि विभाग हेतु 3446.45 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार एग्री-स्टैक के सभी अवयवों को पूरी तरह लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह पहल सरकार और किसानों के बीच पारदर्शी एवं प्रत्यक्ष संबंध स्थापित करेगी। उन्होंने कहा कि पूर्व में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री के रूप में वर्षों से लंबित म्यूटेशन एवं परिमार्जन कार्यों को पोर्टल आधारित प्रणाली से गति दी गई जिसके सकारात्मक परिणामस्वरूप फार्मर रजिस्ट्री अभियान को ऐतिहासिक सफलता मिली है। राज्य में अब तक 88.40 लाख किसानों का ई-केवाईसी पूर्ण किया जा चुका है तथा 48.45 लाख से अधिक किसानों का फार्मर आईडी बनाया गया है। राज्य सरकार ने 12 मई से 30 जून 2026 तक विशेष अभियान चलाकर सभी किसानों का फार्मर आईडी बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। कृषि मंत्री ने कहा कि डिजिटल क्रांति किसानों के जीवन में पारदर्शिता एवं समृद्धि का नया अध्याय लिखेगी। उन्होंने बताया कि पंचायत, प्रखंड एवं जिला स्तर पर कृषि डिजिटल साक्षरता बढ़ाने के लिए युवा किसान प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे तथा प्रशिक्षित युवाओं को 'बिहारी डिजिटल कृषि योद्धा' के रूप में पहचान दी जाएगी।

# 32 देशों के सर्वोच्च सम्मान मिलने पर डॉ. प्रेम कुमार ने प्रधानमंत्री को दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विश्व के 32 देशों द्वारा सर्वोच्च नागरिक सम्मान प्राप्त होने पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि यह सम्मान केवल नरेंद्र मोदी का नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों के गौरव, सम्मान और भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व, मजबूत कूटनीति तथा विश्व शांति, मानवता और विकास के प्रति समर्पित प्रयासों के कारण आज भारत का सम्मान पूरी दुनिया में लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी ने ह्लवसुधैव कुटुंबकम्ल् की भारतीय संस्कृति और विचारधारा को वैश्विक मंच पर नई पहचान दिलाई है। विभिन्न देशों द्वारा दिया गया सर्वोच्च नागरिक सम्मान इस बात का प्रमाण है कि भारत विश्व नेतृत्व की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत ने आर्थिक, तकनीकी, सांस्कृतिक और सामरिक क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। आज विश्व समुदाय भारत को एक मजबूत, विश्वसनीय और निर्णायक राष्ट्र के रूप में देख रहा है। उन्होंने कहा कि यह प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व और खुशी का विषय है। विधानसभा अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और निरंतर सफल नेतृत्व की कामना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में भारत विश्व पटल पर नई ऊंचाइयों को प्राप्त करता रहेगा।

## अब वीडियो कॉल से होगी आंगनबाड़ी केंद्रों की निगरानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** समाज कल्याण विभाग ने आंगनबाड़ी केंद्रों की निगरानी को और अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिए एक नया निर्देश जारी किया है। अब सभी लेडी सुपरवाइजर (महिला पर्यवेक्षक) को आंगनबाड़ी केंद्रों पर खुद जाकर वीडियो कॉल के माध्यम से अपनी हाजिरी दर्ज करानी होगी। इस व्यवस्था की शुरुआत पूर्णिया जिले से पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर की गई है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि अगले माह से इसे पूरे राज्य में सख्ती से लागू किया जाएगा। विभाग ने सभी डिस्टिक प्रोग्राम मैनेजर को निर्देश दिया है कि वे इस नई व्यवस्था को हर हाल में लागू कराएं। इसका मुख्य उद्देश्य केंद्रों पर नियमित उपस्थिति, पोषाहार वितरण, बच्चों की देखभाल और अन्य गतिविधियों की बेहतर मॉनिटरिंग सुनिश्चित करना है।

# नगर निकायों में सशक्त स्थायी समिति का चुनाव 26 मई से

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग ने राज्य के सभी नगर निकायों में सशक्त स्थायी समिति के सदस्यों के निर्वाचन की नई तिथि जारी कर दी है। अब यह चुनाव 26 मई 2026 से 31 मई 2026 के बीच कराया जाएगा। इस संबंध में विभाग के अपर सचिव मनोज कुमार ने सभी जिला पदाधिकारी-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) को पत्र जारी कर आवश्यक निर्देश दिए हैं। पत्र में कहा गया है कि विभागीय अधिसूचना संख्या 1187 दिनांक 2 अप्रैल 2026 के आलोक में पहले 15 अप्रैल से 25 अप्रैल 2026 तक निर्वाचन कराने का निर्देश दिया गया था। विभागीय पत्रांक 1188 दिनांक 3 अप्रैल 2026, पत्रांक 1276 दिनांक 11 अप्रैल 2026 और पत्रांक 1297 दिनांक 15 अप्रैल 2026 का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि अपरिहार्य कारणों से सशक्त स्थायी समिति के सदस्यों के निर्वाचन की प्रक्रिया को अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया था। हालांकि जिन नगर निकायों में 15 अप्रैल को ही निर्वाचन प्रक्रिया पूरी हो चुकी थी, वहां वैधानिक रूप से निर्वाचित समितियों को कार्य करने की अनुमति दी गई थी। अब राज्य सरकार ने स्थगित निर्वाचन प्रक्रिया को पूरा कराने का निर्णय लिया है। विभाग ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि अपने-अपने जिलों के सभी नगर निकायों में निर्धारित अवधि के भीतर निर्वाचन प्रक्रिया पूरी कराएं। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि इस संबंध में पूर्व में जारी निर्देश यथावत प्रभावी रहेंगे और उसी के अनुसार निर्वाचन कार्य संपन्न कराया जाएगा।

# लोहार जाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने की मांग तेज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में बिहार राज्य लोहार समन्वय समिति के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक कर लोहार जाति को बिहार सरकार की जातियों की अनुसूची में पुनः अनुसूचित जनजाति के रूप में शामिल करने के मुद्दे पर विचार-विमर्श किया। बैठक में विधानसभा सदस्य सतीश कुमार सिंह यादव द्वारा बजट सत्र में पूछे गए संबंधित प्रश्न और सरकार की ओर से दिए गए जवाब पर भी चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल ने डॉ. प्रेम कुमार को लोहार जाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने के समर्थन में विभिन्न दस्तावेज उपलब्ध कराए और इस दिशा में सहयोग की मांग की। बैठक में बताया गया कि सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली के 21 फरवरी 2022 के आदेश के आलोक में राज्य सरकार ने लोहार जाति को अनुसूचित जनजाति की सूची से हटाकर अन्य पिछड़ा वर्ग में शामिल कर दिया था। समिति के सदस्यों ने कहा कि लोहार जाति को पुनः अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिलाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि यह मामला सर्वोच्च न्यायालय के आदेश से जुड़ा हुआ है, इसलिए इस पर भारतीय संसद में विधेयक के माध्यम से ही आवश्यक पहल संभव है। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि समिति द्वारा उपलब्ध कराए गए दस्तावेजों के आधार पर वह इस विषय में भारत सरकार के संसदीय कार्य मंत्री को पत्र लिखेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि समिति द्वारा लोहार जाति को कमार जाति से अलग स्वतंत्र जाति के रूप में अधिसूचित करने की मांग को लेकर राज्य सरकार से भी पत्राचार किया जाएगा। बैठक में बिहार राज्य लोहार समन्वय समिति के संरक्षक राधाकांत ठाकुर, भीम विश्वकर्मा, मनोज कुमार शर्मा और शिवशंकर ठाकुर सहित विधानसभा सचिवालय की प्रभारी सचिव और अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# पंद्रह सौ से अधिक स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को मिलेगा प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** नेस्ले इंडिया ने बिहार स्वास्थ्य विभाग तथा नेशनल एसोसिएशन ऑफ स्ट्रीट वेंडर्स ऑफ इंडिया के सहयोग से राज्य में सर्व सेफ फूड परियोजना का विस्तार किया है। परियोजना के तहत एनएएसवीआई पटना, गया, नालंदा, वैशाली और मुजफ्फरपुर जिलों में 1,500 स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को प्रशिक्षण प्रदान करेगा, जिससे प्रशिक्षित विक्रेताओं की कुल संख्या 10,000 से अधिक हो जाएगी। सर्व सेफ फूड परियोजना के माध्यम से अब तक 27 राज्यों और 4 केंद्र शासित प्रदेशों में 92,800 से अधिक स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को लाभ मिला है। इस पहल के तहत विक्रेताओं को स्वास्थ्य, स्वच्छता, सुरक्षित खाद्य प्रबंधन, वेस्ट डिस्पोजल तथा एंटरप्रेन्योरशिप से संबंधित प्रशिक्षण दिया जाता है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम विक्रेताओं को खाद्य प्रबंधन प्रक्रियाओं में सुधार हेतु आवश्यक ज्ञान और कौशल प्रदान करता है। भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय में राज्य मंत्री डॉ. राज भूषण चौधरी ने कहा, बिहार विकास के पथ पर अग्रसर है। औद्योगिक, आर्थिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में राज्य निरंतर प्रगति कर रहा है। इससे राज्य में लोगों की संख्या और आवाजाही बढ़ेगी, जिन्हें बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रत्यक्ष रूप से अनुभव करने का अवसर मिलेगा। नेस्ले इंडिया में सस्टेनेबिलिटी और सामाजिक पहलों के प्रमुख कुँवर हिममत सिंह ने कहा, नेस्ले इंडिया में हम पूरे देश में खाद्य सुरक्षा मानकों को बेहतर बनाने के लिए प्रयासरत हैं, जो केवल हमारे उत्पादों तक सीमित नहीं है। 'सर्व सेफ फूड' परियोजना के माध्यम से हम स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा से जुड़ा व्यावहारिक प्रशिक्षण देकर उनके कौशल और जागरूकता को मजबूत कर रहे हैं।

## चोरी की घटनाओं के उद्भेदन में लगी डॉग स्क्वायड की टीम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** काराकाट थाना क्षेत्र अंतर्गत सखवां गांव में रविवार की रात चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया। अज्ञात बदमाशों ने उदय तिवारी के घर को निशाना बनाते हुए 15 हजार रुपये नकद और लगभग 7 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण चुरा लिए।

# विकसित भारत 2047के सपने को साकार करेंगे वॉलेंटियर : डॉ. उषा विद्यार्थी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** महिला कॉलेज खगौल के सभागार में वॉलेंट्रीयरशिप उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कॉलेज के प्राचार्या डॉ. उषा विद्यार्थी ने अपने सम्बोधन में कहा कि नई शिक्षा नीति में वॉलेंट्रीयरशिप एवं इंटर्नशिप को अनिवार्य कर बहुत ही सराहनीय प्रयास हुआ है। वॉलेंट्रीयरशिप में छात्राएं सामाजिक सरोकार से जुड़ेंगी। स्वच्छता ही सेवा है के संदेश के साथ स्वयंसेवक अपने-अपने गांव में स्वच्छता अभियान चलायेंगे। मुख्य रूप से गांव के स्कूल एवं मंदिर में सफाई करेंगे। साथ ही लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित करेंगे। प्रेम यूथ फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने कहा कि छात्राएं फाउंडेशन के साथ जुड़कर वॉलेंट्रीयरशिप कर रहे हैं। हेल्थ एंड वेलनेश, स्पोर्ट्स, सोशल सर्विस कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वॉलेंटीयर विशेष स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत अमर शहीदों के प्रतिमा का भी साफ सफाई करेंगे साथ ही गंगा की सफाई करेंगे। उन्होंने बताया कि भारत दुनिया का सबसे युवा देश है। युवा शक्ति ही राष्ट्र की शक्ति है। महात्मा गांधी ने जो सपना देखा था उसे नई शिक्षा नीति में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरा कर रहे हैं अब विद्यार्थियों को क्लास रूम से बाहर नदी, पहाड़, तलाब, खेत खलिहान का भ्रमण कराया जायेगा। फाउंडेशन में किसी भी धर्म, भाषा और क्षेत्र, रंग के युवा शामिल हो सकते हैं। मौके पर प्रो. वीणा समेत दर्जनों कॉलेज के प्राध्यापक मौजूद रहे।

# दरभंगा की शीशो पूर्वी पंचायत में 'सहयोग शिविर' में शामिल हुए संजय सरावगी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार सरकार द्वारा आयोजित 'सहयोग शिविर' कार्यक्रम के तहत दरभंगा सदर प्रखंड के शीशो पूर्वी पंचायत भवन परिसर में आयोजित सहयोग शिविर में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी शामिल हुए। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का उद्घाटन किया तथा विभिन्न विभागों के प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के साथ आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित निष्पादन एवं पारदर्शी कार्यप्रणाली सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि बिहार सरकार का उद्देश्य शासन को गांव-गांव तक पहुंचाना और आम नागरिकों की समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि 'सहयोग कार्यक्रम' जनता और प्रशासन के बीच एक मजबूत कड़ी के रूप में कार्य कर रहा है जिसके माध्यम से लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार लगातार जनहित और विकास को प्राथमिकता देते हुए काम कर रही है। गरीब, किसान, मजदूर, महिला, युवा एवं समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे, इसके लिए प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक जवाबदेह एवं संवेदनशील बनाया जा रहा है। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनता से जुड़े मामलों में तत्परता, संवेदनशीलता और पारदर्शिता बनाए रखें तथा किसी भी जरूरतमंद व्यक्ति को परेशानी न होने दें। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार सरकार जनकल्याण और विकास की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी और सामाजिक सुरक्षा जैसी योजनाओं का लाभ आज गांवों तक पहुंच रहा है जिससे आम लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव दिखाई दे रहा है। शिविर के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं एवं मांगें अधिकारियों के समक्ष रखीं। इनमें राजस्व, पेंशन, आवास, राशन कार्ड, सामाजिक सुरक्षा, पेयजल एवं अन्य स्थानीय समस्याएं प्रमुख रूप से शामिल रहीं। कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया गया जबकि शेष मामलों के शीघ्र निष्पादन का आश्वासन अधिकारियों द्वारा दिया गया। उन्होंने इस शिविर के निर्णय की तारीफ करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की ओर से इस शिविर का उचित निर्णय लिया गया है। बिहार के हित और जनता के लिए पंचायतों में सहयोग शिविर लगाए जाएंगे जो भी शिकायते आएंगी उसका 30 दिनों के अंदर निस्तारण किया जाएगा। अगर शिकायतों का निस्तारण अधिकारी नहीं करेंगे तो उनको निलंबित कर दिया जाएगा।

# मछली पालकों को सौगात, छह हजार वाहनों का वितरण

## राज्य के सभी नगर निगम क्षेत्रों में जल्द ही सुधा की तर्ज पर बनेगा 'फ्रेश कैच' कियोस्क

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राज्य सरकार मछली पालन को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण व्यापार को बढ़ावा देने के लिए मछली पालकों के बीच पिछले वित्तीय वर्ष 2025-26 में 6,449 वाहनों का वितरण किया गया है। माना जा रहा है कि इससे न सिर्फ मछली पालकों की आय बढ़ेगी, बल्कि उपभोक्ताओं को भी ताजी मछलियां मिलेंगी। मछली पालकों के बीच वाहन वितरण से मछली पालन के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को गति मिलेगी। व्यापार को बढ़ावा देने के लिए मछली बाजार और कियोस्क बनाने पर भी काम चल रहा है। मुख्यमंत्री मत्स्य विपणन योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य के चिह्नित 12 प्रखंडों एवं 31 पंचायतों में मछली बाजार का निर्माण किया जा रहा है। वहीं, पटना सहित सभी नगर निगम क्षेत्रों में 'सुधा' की तर्ज पर 'फ्रेश कैच' कियोस्क बनाने पर काम चल रहा है। जल्द ही राज्य के लोगों को 'सुधा मिल्क' की तरह 'फ्रेश कैच' से मछलियां मिलने लगेंगी। मछली उत्पादन और व्यापार को बढ़ावा देने के लिए राज्य में अब तक 68,890 मछली पालकों को राज्य के भीतर एवं बाहर स्थित मत्स्य संस्थानों में निःशुल्क आधुनिक प्रशिक्षण दिया गया है। इनमें 51305 मछली पालकों को राज्य के भीतर तथा 17,585 मछली पालकों को राज्य के बाहर के संस्थानों में प्रशिक्षित किया गया है। वहीं भ्रमण-दर्शन कार्यक्रम के तहत अब तक 47,279 से अधिक मछली पालकों को राज्य में विकसित आर्द्रभूमि एवं बायोफ्लॉक इकाइयों की निर्माण प्रक्रिया से अवगत कराने के लिए निःशुल्क भ्रमण कराया गया है।

# तेल खत्म मतलब खेल खत्म-ऊर्जा संरक्षण ही राष्ट्र निर्माण का आधार : डॉ. आनंद रंजन झा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**जंदाहा/वैशाली।** कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी के संचालक एवं शिक्षाविद् डॉ. आनंद रंजन झा ने वर्तमान में उत्पन्न ऊर्जा संकट एवं बढ़ती ईंधन खपत को लेकर आमजनों, छात्रों एवं कर्मचारियों से ऊर्जा संरक्षण की अपील की है। उन्होंने कहा कि आज देश और दुनिया ऊर्जा संकट की चुनौती का सामना कर रही है। ऐसे समय में प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह पेट्रोल, डीजल एवं अन्य ईंधनों का कम से कम उपयोग करे तथा ऊर्जा बचाने की दिशा में सकारात्मक कदम उठाए। उन्होंने कहा, 'तेल खत्म मतलब खेल खत्म', इसलिए आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए अभी से जागरूक होना आवश्यक है। डॉ. आनंद रंजन झा ने सभी छात्रों, शिक्षकों, स्टाफ एवं आम नागरिकों से अधिक से अधिक इलेक्ट्रिक वाहन के उपयोग की अपील करते हुए कहा कि इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाकर न केवल पर्यावरण को सुरक्षित किया जा सकता है, बल्कि देश को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि उनके पास पहले से पेट्रोल चालित कार एवं बाइक उपलब्ध थी, लेकिन संभावित ऊर्जा संकट एवं भविष्य की आवश्यकताओं को देखते हुए उन्होंने स्वयं दो इलेक्ट्रिक स्कूटर एवं एक इलेक्ट्रिक कार खरीदी है, ताकि लोग प्रेरित हो सकें और ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूक बनें। उन्होंने कहा कि बदलाव की शुरुआत स्वयं से करनी चाहिए और समाज को सकारात्मक दिशा देने के लिए उदाहरण प्रस्तुत करना आवश्यक है।

# रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक से मिलकर समस्याओं से कराया अवगत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** मुख्यालय, हाजीपुर में 3 रेलकर्मी/आश्रित ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह से मुलाकात की तथा अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। महाप्रबंधक ने संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में केस निष्पादन के निर्देश दिए। विदित हो कि रेलकर्मियों की विभागीय समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार का दिन निर्धारित किया गया है। इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में पंजीकृत करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं।

# गंगा तट पर स्थित बिहार के सभी मठ-मंदिरों में अब प्रतिदिन होगी गंगा आरती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार में गंगा तट पर स्थित बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के संबद्ध सभी मठ-मंदिरों में अब प्रतिदिन गंगा आरती होगी। गंगा आरती भव्य तरीके से सनातन परंपरा के अनुरूप होगी। बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो. रणवीर नंदन के आदेश से इस आशय का पत्र सभी मठ-मंदिरों के महंत, न्यासधारी और न्यास समिति के सदस्यों व प्रबंधकों को भेजा जा रहा है। प्रो. रणवीर नंदन ने बताया कि भव्य गंगा आरती की शुरुआत मां गंगा के अवतरण दिवस गंगा दशहरा 25 मई सोमवार से होगी। खासतौर से पटना, बक्सर, आरा, छपरा, फतुहा, बख्तियारपुर, मुंगेर, भागलपुर, वैशाली समेत राज्य में जहां-जहां से गंगा नदी गुजरती है, उस क्षेत्र में तट के निकटवर्ती पर्षद से संबद्ध सभी मठ-मंदिरों को गंगा आरती की व्यवस्था सुनिश्चित कराने का आग्रह किया गया है। पर्षद अध्यक्ष ने कहा कि इससे भक्ति और लोगों की सनातन धर्म के प्रति आस्था बढ़ेगी। साथ ही इस आयोजन के माध्यम से अविरल गंगा, स्वच्छ गंगा, स्वस्थ गंगा और स्वस्थ बिहार का संदेश भी दिया जाएगा। गंगा की स्वच्छता के लिए समय-समय पर विशेष अभियान चलाया जाएगा और गंगा की अविरलता व पवित्रता बनी रहे, इसके लिए मठ-मंदिरों की ओर से लगातार अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए पत्र भेजने के साथ मठ-मंदिरों के महंतों, प्रबंधकों व न्यासधारियों से अपील की जाएगी। ताकि यह अभियान व्यापक व असरदार हो। भागलपुर जिला के अजगैबी नाथ मंदिर सुलतानगंज, श्री बुढ़ानाथ मंदिर, श्री राधाकृष्ण मंदिर गोलाघाट, श्री बटेश्वर स्थान कहलगांव, श्री रामजानकी त्रिमुहान कहलगांव। मुंगेर जिला के श्री जगरनाथ मंदिर कष्टहरणी घाट मुंगेर, श्री राम मंदिर कष्टहरणी घाट, श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर कष्टहरणी घाट, श्री रामजानकी मंदिर सोझी घाट, श्री रामाजनकी मंदिर बेलवाघाट। बक्सर जिला के श्री विश्वामित्र आश्रम बड़ी मठिया रामरेखा घाट, श्री रामेश्वरनाथ महादेव मंदिर रामरेखा घाट, श्री चरित्रवन मंदिर बक्सर। पटना के मंदिर श्री काली स्थान, सती स्थान एवं श्री शंकर जी स्थान बांसघाट पटना, श्री विष्णु भगवान मंदिर सुमति पथ रानी घाट महेन्द्रु पटना, श्री भगवती सीता मंदिर सीता घाट बख्शी मोहल्ला पटना, श्री जल गोविन्द स्थान कछुआरा पटना, श्री मौनी बाबा का आश्रम गाढ़ोचक कृपाल टोला फतुहा, श्री रामजानकी ठाकुरबाड़ी ग्राम-कटैया स्थान फतुहा, श्री गंगा मंदिर रिकाबगंज मालसलामी पटना सिटी।

# संपादकीय

## ईरान-अमेरिका तनाव के बीच महंगाई का नया संकट

ईरान पर इजराइल और अमेरिका के साझा हमले के बाद वैश्विक स्तर पर ऊर्जा कीमतों में जिस तरह की तेजी आई है, अब तेल कंपनियां आम उपभोक्ताओं पर भी उसका बोझ सीधे डालना शुरू कर चुकी हैं। कुछ समय पहले वाणिज्यिक गैस सिलेंडर और विमानन टर्बाइन ईंधन के दाम में खासी बढ़ोतरी की गई थी। पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच इस बात की आशंका पहले से जताई जा रही थी कि तेल और गैस की कमी की वजह से आने वाले दिनों में जरूरी वस्तुओं की महंगाई बढ़नी तय है। खासतौर पर रसोई गैस की किल्लत की वजह से आम लोगों के सामने कैसी परिस्थितियां पैदा हुई हैं, यह सब जानते हैं। इस दौरान देश में ईंधन, बिजली और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल की वजह से थोक महंगाई दर अप्रैल में 8.3 फीसद दर्ज की गई, जो मार्च में 3.88 फीसद थी। साफ है कि घरेलू बाजार पर अब अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों का असर पड़ना शुरू हो चुका है।हालांकि कुछ समय पहले वाणिज्यिक गैस सिलेंडर और विमानन टर्बाइन ईंधन के दाम में खासी बढ़ोतरी की गई थी, लेकिन उसके असर का दायरा कुछ हद तक सीमित था। अब पेट्रोल और डीजल की कीमतों में इजाफे का मोर्चा जिस तरह खुला है, उससे साफ है कि अगर ईरान और अमेरिका के बीच टकराव के साए में तेल की आपूर्ति लंबे समय तक बाधित रही, तो इसका असर जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित करेगा। गौरतलब है कि तेल कंपनियों की ओर से शुक्रवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में तीन-तीन रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है। वहीं सीएनजी की कीमत में भी दो रुपए प्रति किलोग्राम का इजाफा किया गया।जाहिर है, ईरान पर इजराइल और अमेरिका के साझा हमले के बाद वैश्विक स्तर पर ऊर्जा कीमतों में जिस तरह की तेजी आई है, अब तेल कंपनियां आम उपभोक्ताओं पर भी उसका बोझ सीधे डालना शुरू कर चुकी हैं। यों जब ईरान ने होर्मुज जलमार्ग को बाधित किया था और दोनों पक्षों की ओर से एक-दूसरे के तेलशोधन केंद्रों और ठिकानों पर मिसाइल दागे गए, तभी से यह साफ था कि इसका असर दुनिया भर में होने वाली तेल और गैस की आपूर्ति पर पड़ेगा और नतीजतन सभी क्षेत्रों में महंगाई बढ़ेगी। खासतौर पर उन देशों में ज्यादा मुश्किल पैदा हो सकती है, जहां तेल और गैस की आपूर्ति को सहज बनाए रखने के विकल्प सीमित हैं। दरअसल, होर्मुज जलमार्ग से दुनिया भर में लगभग बीस से पच्चीस फीसद तेल और गैस की आपूर्ति होती है और इसी वजह से इसके बाधित होने के प्रभाव का अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है। स्वाभाविक रूप से भारत में भी तेल और गैस की कमी पैदा हुई।हालांकि अमेरिका की ओर से लगाई गई शर्तों के बीच भारत ने रास्ता निकालने की कोशिश की थी, लेकिन अब युद्ध से उपजी जटिलता जैसे-जैसे लंबी खिंचती जा रही है, वैसे-वैसे विकल्प भी सिमटते जा रहे हैं। यह छिपा नहीं है कि डीजल के दाम में बढ़ोतरी के साथ ही माल ढुलाई की कीमत बढ़ती है और उसकी वजह से सभी जरूरी उपभोक्ता वस्तुओं की महंगाई में बढ़ोतरी होती है। यानी फिलहाल डीजल के दाम तीन रुपए बढ़े हैं, लेकिन ईरान और अमेरिका के रुख के असर में वैश्विक स्तर पर ऊर्जा संकट के जो हालात बने हुए हैं, उसमें यह कहना मुश्किल है कि तेल के दाम में वृद्धि यहीं रुक जाएगी।ऐसी स्थिति में अगर खाने-पीने से लेकर जरूरत की हर चीज की कीमतें बेलगाम हुईं, तो यह एक स्वाभाविक परिणति होगी। अमेरिका और ईरान के बीच तनाव की वजह से उपजे ऊर्जा संकट में जरूरत इस बात की है कि सरकार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेल और गैस की उपलब्धता वाले देशों के साथ कूटनीतिक संवाद स्थापित करे और देश में गहराती मुश्किल को कम करने के लिए पहलकदमी करे।

# ऑपरेशन कन्विक्शन- लखनऊ जोन में अपराध और सजा के बीच घटती दूरी

**उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी त्रासदी केवल अपराध नहीं थी, बल्कि अपराध के बाद न्याय का लंबा इंतजार था। पीड़ित मरता एक बार था, पर अदालत की हर तारीख पर थोड़ा-थोड़ा फिर मरता था। लेकिन अब तस्वीर बदल रही है। अब उत्तर प्रदेश में अपराध केवल दर्ज नहीं हो रहा, उसका पीछा अदालत के अंतिम फैसले तक किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी की 'जीरो टॉलरेंस' नीति और पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण के नेतृत्व में चल रहा 'ऑपरेशन कन्विक्शन' दरअसल इसी 'नए उत्तर प्रदेश' की सबसे निर्णायक कहानी है। यह केवल एक प्रशासनिक अभियान नहीं है। यह अपराध और दण्ड के बीच टूट चुकी दूरी को समाप्त करने का प्रयास है। यह एफआईआर दर्ज करके फाइल बंद कर देने वाली मानसिकता का अंत है। यह उस सोच का प्रतिकार है, जिसमें अपराधी गिरफ्तारी से नहीं, केवल सजा से डरता है। इस अभियान के अंतर्गत पुलिस ने यह तय किया कि अपराधी को पकड़ना ही पर्याप्त नहीं है, उसे अदालत से दण्ड दिलाना ही असली सफलता होगी।**

(प्रणय विक्रम सिंह)

इन दिनों उत्तर प्रदेश के अपराध जगत में एक अनकहा भय तैर रहा है। थानों की दीवारों, अदालतों के गलियारों और जेलों की बैरकों के बीच एक नया शब्द तेजी से गूंज रहा है'कन्विक्शन'।

कभी अपराधियों के बीच यह भरोसा सबसे बड़ा कवच हुआ करता था कि 'मुकदमा चलता रहेगा'। हत्या करने वाला जानता था कि गवाह टूट जाएंगे। दुष्कर्मी जानता था कि पीड़ित परिवार अदालतों के चक्कर काटते-काटते थक जाएगा। गैंगस्टर जानता था कि कानून की प्रक्रिया लंबी है और समय सबसे बड़ा बचाव पक्ष होता है।

रात के किसी सन्नाटे में जब कोई मां अपनी बेटी को लेकर भयभीत होती है, जब किसी गांव की पगडंडी पर किसी हत्या के बाद पसरा हुआ सन्नाटा पूरे समाज को डरा देता है, जब कोई विधवा अदालतों के चक्कर काटते-काटते बूढ़ी हो जाती है तब केवल अपराध नहीं होता, समाज का विश्वास भी घायल होता है।

उत्तर प्रदेश में वर्षों तक अपराध का सबसे बड़ा दुस्साहस यही था कि अपराधी को कानून से अधिक अपनी पहुंच और पैरवी पर भरोसा रहता था।

उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी त्रासदी केवल अपराध नहीं थी, बल्कि अपराध के बाद न्याय का लंबा इंतजार था। पीड़ित मरता एक बार था, पर अदालत की हर तारीख पर थोड़ा-थोड़ा फिर मरता था। लेकिन अब तस्वीर बदल रही है।

अब उत्तर प्रदेश में अपराध केवल दर्ज नहीं हो रहा, उसका पीछा अदालत के अंतिम फैसले तक किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी की 'जीरो टॉलरेंस' नीति और पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण के नेतृत्व में चल रहा 'ऑपरेशन कन्विक्शन' दरअसल इसी 'नए उत्तर प्रदेश' की सबसे निर्णायक कहानी है।

यह केवल एक प्रशासनिक अभियान नहीं है। यह अपराध और दण्ड के बीच टूट चुकी दूरी को समाप्त करने का प्रयास है। यह एफआईआर दर्ज करके फाइल बंद कर देने वाली मानसिकता का अंत है। यह उस सोच का प्रतिकार है, जिसमें अपराधी गिरफ्तारी से नहीं, केवल सजा से डरता है। इस अभियान के अंतर्गत पुलिस ने यह तय किया कि अपराधी को पकड़ना ही पर्याप्त नहीं है, उसे अदालत से दण्ड दिलाना ही असली सफलता होगी।

इसी सोच के साथ लखनऊ जोन, जिसमें सीतापुर, खीरी, रायबरेली, हरदोई, उन्नाव, अयोध्या, सुलतानपुर, बाराबंकी, अम्बेडकरनगर और अमेठी शामिल हैं, ने 01 जनवरी 2026 से 10 मई 2026 तक कुल 328 अभियोगों में अपराधियों को सजा दिलाई। इन मामलों में 457 अभियुक्त दोषसिद्ध हुए।

ये केवल सरकारी आंकड़े नहीं हैं। इन संख्याओं के पीछे टूटे हुए घरों की कराह है। कहीं किसी मां ने बेटा खोया है, कहीं किसी बेटी की अस्मिता कुचली गई है, कहीं किसी पत्नी का सुहाग उजड़ा है, कहीं किसी मासूम बच्चे का बचपन रक्त से रंग दिया गया है।

'ऑपरेशन कन्विक्शन' की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि इसमें महिला अपराध, पॉक्सो, हत्या, संगठित अपराध, गैंगस्टर एक्ट और एनडीपीएस जैसे गंभीर मामलों को प्राथमिकता दी गई।

पुलिस ने केवल गिरफ्तारी नहीं की। गुणवत्तापूर्ण विवेचना हुई। साक्ष्य बोले। फॉरेंसिक ने सच की पुष्टि की। फॉरेंसिक साक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से



न्यायालय तक पहुंचाया गया। गवाहों की उपस्थिति सुनिश्चित की गई। अभियोजन विभाग और मॉनिटरिंग सेल के बीच मजबूत समन्वय बनाया गया।

हर केस को अदालत में अंतिम सांस तक लड़ने का प्रयास किया गया। और इसी का परिणाम है कि अब अदालतों से आने वाले फैसले अपराधियों की नींद छीनने लगे हैं। अब अपराधियों को गिरफ्तारी से अधिक 'सजा' का भय सताने लगा है।

सीतापुर का मामला इस अभियान का सबसे भयावह चेहरा है। 11 फरवरी 2022 की रात अभियुक्त नीरज ने अपनी पत्नी माया की हत्या कर दी। लेकिन उसके भीतर का वहशीपन यहीं नहीं रुका। उसने अपने मात्र दो वर्षीय मासूम पुत्र पीयूष को भी जमीन पर पटककर मौत के घाट उतार दिया। बीच-बचाव करने आए अपने भाई सुरेश पर भी धारदार हथियार से हमला कर दिया। यह केवल हत्या नहीं थी, यह मानवीय संवेदनाओं का रक्तरंजित विखंडन था।

लेकिन इस बार कहानी वहीं समाप्त नहीं हुई, जहां अक्सर हो जाया करती थी। पुलिस ने वैज्ञानिक और पेशेवर विवेचना की। साक्ष्य जुटाए गए। अभियोजन ने समयबद्ध पैरवी की। और अंततः माननीय न्यायालय ने अभियुक्त को धारा 302 भादवि में मृत्युदण्ड से दण्डित किया। यह दण्ड केवल एक अपराधी को नहीं मिला, यह संदेश पूरे समाज तक गया कि अब मासूमियत की हत्या का उत्तर कानून देगा।

बाराबंकी में 11 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म करने वाला उसका रिश्ते का चाचा था। यह अपराध केवल शरीर पर हमला नहीं था, विश्वास की हत्या भी था। लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाई। धारा 161 और 164 के बयान, वैज्ञानिक साक्ष्य, समयबद्ध आरोप पत्र और प्रभावी पैरवी, इन सबने मिलकर अभियुक्त को आजीवन कारावास तक पहुंचा दिया।

अयोध्या में रंजिश के चलते विवेक वर्मा की हत्या कर दी गई। सात अभियुक्तों ने मिलकर हमला किया। कभी ऐसे मामलों में गवाह टूट जाते थे, साक्ष्य बिखर जाते थे और अभियुक्त छूट जाते थे। पर इस बार थाना पुलिस, पैरोकार और मॉनिटरिंग सेल ने हर साक्ष्य को समय से न्यायालय तक पहुंचाया। परिणाम सातों अभियुक्तों को आजीवन कारावास।

जब हम सीतापुर के उस मासूम की हत्या या बाराबंकी की उस बिटिया की व्यथा को देखते हैं, तब हमें बोध होता है कि न्याय केवल अदालतों की फाइलों में दर्ज कोई शब्द नहीं है, बल्कि यह उस पीड़ित माँ के आंसुओं का जवाब है जिसने अपना बच्चा खोया, उस मासूम की चीख का प्रतिशोध है जिसकी मर्यादा भंग की गई, और उस समाज का विश्वास है जो सुरक्षित रातों का सपना देखता है।

रायबरेली में पुत्रवधू की हत्या

खीरी में पत्नी पर फावड़े से हमला

उन्नाव में पैसों के विवाद में हत्या

हरदोई में पुरानी रंजिश में गोलीबारी

अम्बेडकरनगर में दहेज के लिए बेटी को जला देना

सुलतानपुर में पीट-पीटकर हत्या

अमेठी में संगठित हत्या

इन सभी घटनाओं में एक बात समान थी कि अपराधियों को यह भ्रम था कि समय के साथ मामला ठंडा पड़ जाएगा। लेकिन 'ऑपरेशन कन्विक्शन' ने इस भ्रम को तोड़ दिया।सीतापुर में मृत्युदण्ड। बाराबंकी में पॉक्सो के दोषी को आजीवन कारावास। अयोध्या में हत्या के सात अभियुक्तों को आजीवन कारावास। उन्नाव में चार अभियुक्तों को आजीवन कारावास। हरदोई में तीन दोषियों को आजीवन कारावास। अम्बेडकरनगर में पांच अभियुक्तों को सश्रम आजीवन कारावास। ये सजाएं केवल अदालती आदेश नहीं हैं, यह उस व्यवस्था का पुनर्जन्म है, जिसमें पीड़ित पहली बार महसूस कर रहा है कि राज्य उसके साथ खड़ा है।लखनऊ जोन के जनपदवार आंकड़े भी इस परिवर्तन की कहानी कहते हैं कि सीतापुर में 28 अभियोग, खीरी में 92, रायबरेली में 45, हरदोई में 23, उन्नाव में 18, अयोध्या में 43, सुलतानपुर में 09, बाराबंकी में 47, अम्बेडकरनगर में 10 तथा अमेठी में 13 अभियोगों में अपराधियों को सजा दिलाई गई।यह केवल पुलिसिंग नहीं, न्याय की पुनर्स्थापना है। कभी उत्तर प्रदेश में अदालत की तारीखें अपराधियों के लिए राहत और पीड़ितों के लिए यातना बन जाती थीं। अब वही अदालतें अपराधियों के लिए भय का पर्याय बनने लगी हैं।'ऑपरेशन कन्विक्शन' की सबसे बड़ी सफलता यही है कि इसने समाज को यह भरोसा लौटाया है कि कानून केवल किताबों में नहीं, जमीन पर भी जीवित है।जब किसी दुष्कर्मी को आजीवन कारावास मिलता है, तब किसी पिता का भय थोड़ा कम होता है। जब किसी हत्यारे को मृत्युदण्ड मिलता है, तब किसी गांव का विश्वास लौटता है। जब किसी दहेज हत्यारे को सजा होती है, तब किसी बेटी की आंखों में न्याय का भरोसा जन्म लेता है।उत्तर प्रदेश पुलिस की यह नई कार्यशैली बता रही है कि गुणवत्तापूर्ण विवेचना, वैज्ञानिक साक्ष्य, अभियोजन विभाग से समन्वय और समयबद्ध पैरवी, ये सब अब केवल प्रशासनिक शब्द नहीं रहे, बल्कि न्याय की नई धड़कन बन चुके हैं।आज उत्तर प्रदेश में अपराधियों के बीच दण्ड का भय और समाज के भीतर कानून के प्रति विश्वास दोनों एक साथ जन्म ले रहे हैं। और शायद यही किसी भी सभ्य समाज की सबसे बड़ी विजय होती है। आज लखनऊ जोन की हवाओं में न्याय की सुगंध है और जनता के मन में यह विश्वास प्रतिष्ठित हो रहा है कि कानून के हाथ अब केवल लंबे ही नहीं, अत्यंत कठोर और न्यायप्रिय भी हैं।ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

# पीएम मोदी की पांच देशों की विदेश यात्रा के कूटनीतिक निहितार्थ भारत के लिए महत्वपूर्ण

(कमलेश पांडे)

यूरोप के साथ नई तकनीकी साझेदारी विकसित होगी, क्योंकि नीदरलैंड, स्वीडन और नॉर्वे का चयन बहुत रणनीतिक माना जा रहा है। चूंकि इन देशों से भारत सेमीकंडक्टर तकनीक, हरित ऊर्जा, जल प्रबंधन, एआई और रक्षा तकनीक और आर्कटिक एवं समुद्री सहयोग को मजबूत करना चाहता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पांच देशों के हालिया विदेश दौरे के कई बड़े कूटनीतिक, आर्थिक, सामरिक और राजनीतिक मायने हैं। क्योंकि मई 2026 में उनका यूएई, नीदरलैंड, स्वीडन, नॉर्वे और इटली का दौरा ऐसे समय हो रहा है, जब दुनिया ऊर्जा संकट, ईरान युद्ध, सप्लाई चेन अस्थिरता और नए वैश्विक ध्रुवीकरण से गुजर रही है। लिहाजा, पीएम मोदी का यह विदेश दौरा केवल औपचारिक यात्रा नहीं, बल्कि ऊर्जा सुरक्षा, वैश्विक शक्ति संतुलन, निवेश आकर्षण, तकनीकी साझेदारी, और भारत की उभरती महाशक्ति छवि को मजबूत करने की बहुस्तरीय रणनीतिक कवायद माना जा रहा है।

पहला, ऊर्जा सुरक्षा सबसे बड़ा लक्ष्य है, क्योंकि भारत दुनिया का बड़ा तेल आयातक देश है। ईरान संकट और पश्चिम एशिया में तनाव के कारण तेल कीमतें बढ़ रही हैं। ऐसे समय में यूएई दौरा भारत की ऊर्जा सुरक्षा मजबूत करने का प्रयास माना जा रहा है। लिहाजा भारत और यूएई के बीच रणनीतिक पेट्रोलियम भंडारण, एलपीजी (एलपीजी) सप्लाई, ऊर्जा निवेश, समुद्री सुरक्षा जैसे अहम समझौते हुए हैं। इससे संकेत मिलता है कि भारत भविष्य के किसी बड़े वैश्विक ऊर्जा संकट के लिए खुद को सुरक्षित करना चाहता है।

दूसरा, पश्चिम एशिया में भारत की रणनीतिक पकड़ बढ़ रही है, क्योंकि यूएई ने पीएम मोदी का असाधारण स्वागत किया- एफ-16 एस्कॉर्ट और राष्ट्रपति स्तर की अगवानी- यह दिखाता है कि भारत अब केवल तेल खरीदने वाला देश नहीं बल्कि एक रणनीतिक साझेदार बन चुका है। इसके मायने ये निकलते हैं कि पाकिस्तान की पारंपरिक खाड़ी पकड़ कमजोर होगी और भारत की अरब देशों में स्वीकार्यता बढ़ती जाएगी। इससे रक्षा और टेक्नोलॉजी सहयोग का विस्तार भी होगा।

तीसरा, यूरोप के साथ नई तकनीकी साझेदारी विकसित होगी, क्योंकि नीदरलैंड, स्वीडन और नॉर्वे का चयन बहुत रणनीतिक माना जा रहा है। चूंकि इन देशों से भारत सेमीकंडक्टर तकनीक, हरित ऊर्जा, जल प्रबंधन, एआई और रक्षा तकनीक और आर्कटिक एवं समुद्री सहयोग को मजबूत करना चाहता है। विशेषकर सेमीकंडक्टर क्षेत्र में भारत चीन पर निर्भरता कम करना चाहता है। इसलिए इस पहल के अपने रणनीतिक मायने हैं।

चौथा, चीन और अमेरिका दोनों को संतुलित संदेश देने के लिए पीएम मोदी का यह दौरा मल्टी-अलाइनमेंट नीति का हिस्सा भी है, इससे अमेरिका के साथ साझेदारी, रूस से संबंध, अरब देशों से सामरिक निकटता, यूरोप के साथ तकनीकी सहयोग, चीन के प्रभाव का संतुलन बढ़ेगा। चूंकि भारत यह संदेश देना चाहता है कि वह किसी एक गुट का हिस्सा नहीं बल्कि स्वतंत्र वैश्विक शक्ति है।

पांचवां, भारत को निवेश हब बनाने की कोशिश यूएई द्वारा भारत में 5 अरब डॉलर निवेश की घोषणा महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इससे इंफ्रास्ट्रक्चर, बैंकिंग, लॉजिस्टिक्स, बंदरगाह, ऊर्जा क्षेत्र में निवेश बढ़ सकता है। यह मेक इन इंडिया और भारत को मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने की रणनीति से जुड़ा है।

छठा, घरेलू राजनीति के संकेत के नजरिए से दिलचस्प बात यह है कि एक तरफ पीएम मोदी जनता से ईंधन बचाने, विदेशी यात्राएं कम करने और विदेशी मुद्रा बचाने की अपील कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ खुद बड़े वैश्विक दौरे कर रहे हैं। इसका राजनीतिक संदेश यह जाएगा कि कठिन वैश्विक समय में सक्रिय नेतृत्व पीएम दे रहे हैं और भारत संकट में भी वैश्विक केंद्र बना हुआ है। इससे पीएम मोदी की व्यक्तिगत कूटनीतिक छवि मजबूत होकर चमकेगी।

सातवां, भारत की वैश्विक छवि निर्माण के दृष्टिकोण से यह दौरा यह दिखाने का प्रयास भी है कि भारत केवल क्षेत्रीय शक्ति नहीं, बल्कि ऊर्जा, तकनीक, व्यापार और सुरक्षा में निर्णायक वैश्विक खिलाड़ी बन रहा है। विशेषकर ज20 के बाद भारत अपनी विश्व नेतृत्व छवि को स्थायी बनाना चाहता है। इसके संभावित दीर्घकालिक प्रभाव भारत के लिए अहम साबित हो सकते हैं, क्योंकि इससे जहां ऊर्जा सुरक्षा मजबूत होगी, वहीं विदेशी निवेश बढ़ने की संभावना रहेगी।

साथ ही रक्षा-तकनीकी सहयोग विस्तार से वैश्विक प्रभाव में वृद्धि होगी। भारत की यह नई चाल चीन के लिए यूरोप और खाड़ी में भारत की सक्रियता चीन के प्रभाव को चुनौती दे सकती है। जबकि पाकिस्तान के लिए खाड़ी देशों में भारत की बढ़ती स्वीकार्यता रणनीतिक दबाव बढ़ा सकती है। वहीं, यूरोप के लिए चीन के विकल्प के रूप में भारत की अहमियत बढ़ेगी। जबकि अमेरिका के लिए भारत एक आवश्यक रणनीतिक साझेदार बना रहेगा, भले ही वह पूरी तरह अमेरिकी धड़े में न जाए।

# कब तक होगा परीक्षार्थियों के भविष्य से खिलवाड़?

**'नीट प्रश्नपत्र लीक' मामले में गिरफ्तारियों की धरपकड़ जारी है। पड़ताल का जिम्मा सीबीआई को सौंपा गया है। राजस्थान से कुछ आरोपी गिरफ्तार हुए हैं। लेकिन जो आरोपी पकड़े गए हैं वह सियासत से संबंध रखते हैं। पुलिस अभिरक्षा में उनका सार्वजनिक रूप से मीडिया के कैमरों पर बोलना कि वह तो मौहरे मात्र हैं। खिलाड़ी तो कोई और ही हैं वह बड़े-बड़े स्तर के? आरोपियों के मुख से निकले ये शब्द निश्चित रूप से निष्पक्ष जांच की उम्मीदों पर ग्रहण लगाने के लिए प्याप्त हैं। यहीं से मुकम्मल जांच की उम्मीदें टूटती दिखाई पड़ती हैं। साढ़े 22 लाख परीक्षार्थियों के भविष्य के साथ हुआ इतना बड़ा खिलवाड़ भी क्या एक कहानी बनकर सरकारी फाइलों में सिमट जाएगा?**

(डॉ. रमेश ठाकुर)

करोड़ों लोग नीट परीक्षा लीक कांड की जांच को अब धूमिल होते देख रहे हैं। तसल्ली उन अभिभावकों को भी कर लेनी चाहिए,जो न्याय की उम्मीद लिए बैठे हैं। निष्पिक्ष जांच-पड़ताल की आस अब इसलिए भी नहीं की जा सकती। क्योंकि पूरा सिस्टम जांच छोड़कर, बड़ी मछलियों को बचाने में ही जुटेगा।

'नीट प्रश्नपत्र लीक' मामले में गिरफ्तारियों की धरपकड़ जारी है। पड़ताल का जिम्मा सीबीआई को सौंपा गया है। राजस्थान से कुछ आरोपी गिरफ्तार हुए हैं। लेकिन जो आरोपी पकड़े गए हैं वह सियासत से संबंध रखते हैं। पुलिस अभिरक्षा में उनका सार्वजनिक रूप से मीडिया के कैमरों पर बोलना कि वह तो मौहरे मात्र हैं। खिलाड़ी तो कोई और ही हैं वह बड़े-बड़े स्तर के? आरोपियों के मुख से निकले ये शब्द निश्चित रूप से निष्पक्ष जांच की उम्मीदों पर ग्रहण लगाने के लिए प्याप्त हैं। यहीं से मुकम्मल जांच की उम्मीदें टूटती दिखाई पड़ती हैं। साढ़े 22 लाख परीक्षार्थियों के भविष्य के साथ हुआ इतना बड़ा खिलवाड़ भी क्या एक कहानी बनकर सरकारी फाइलों में सिमट जाएगा?

करोड़ों लोग नीट परीक्षा लीक कांड की जांच को अब धूमिल होते देख रहे हैं। तसल्ली उन अभिभावकों को भी कर लेनी चाहिए,जो न्याय की उम्मीद लिए बैठे हैं। निष्पिक्ष जांच-पड़ताल की आस अब इसलिए भी नहीं की जा सकती। क्योंकि पूरा सिस्टम जांच छोड़कर, बड़ी मछलियों को बचाने में ही जुटेगा। ऐसा इस बार नहीं, पिछले तकरीबन सभी पेपर लीक कांड़ों में हुआ। नीट दाखिला परीक्षा है, भर्ती की पूरी की पूरी परीक्षा भारत में लीक होने लगी हैं। बावजूद इसके केंद्रीय हुकूमत कोई ऐसा उपाय नहीं कर पा रही जिससे परीक्षार्थियों के भविष्य के साथ किया जाने वाला खिलवाड़ रूक सके।

पिछले 7 वर्षों में यानी 2019 से लेकर 2026 मई तक, भारत में विभिन्न स्तरीय प्रतियोगी लगभग 70 परीक्षाओं के पेपर लीक हुए। आज तक किसी मामले की जांच न पूरी हुई और ना किसी मामले में न्याय हुआ। प्रत्येक मामलों में छोटे स्तर के कर्मचारी ही पकड़े गए जिन्हें कुछ महीनों बाद या एकाध वर्षों में जमानत मिल गई। सबसे पहले दाखिला परीक्षा कराने वाली एनटीए को उनकी जिम्मेदारियों से मुक्त कर देना चाहिए। एनटीए का कार्य इसलिए भी अब संतोषजनक नहीं, क्योंकि वह पुराने तौर-तरीकों को अभी भी अपनाती है।अपने सिस्टम को रिफॉर्म भी नहीं करती। विश्व की प्रतिष्ठित भरोसेमंद परीक्षाओं से भी कुछ नहीं सीखती। इंटरनेट-कंप्यूटर के जमाने में भी प्रश्न पत्र मुद्रित करके परीक्षा केंद्रों पर पहुंचाने में विश्वास करती है।अगर ऐसा ही करना है तो प्रश्पपत्रों के सेट बदले हुए और अलग-अलग होने चाहिए ताकि किसी तरह की गड़बड़ी की संभावनाएं न हो। अगर खुदा ना खास्ता कुछ हो भी, तो पूरी परीक्षा रद ना की जाए, सिर्फ उसी सेंटर पर दोबारा परीक्षा करवाई जाए, जहां कुछ गड़बड़ी हुई हो? अगर ऐसे आधुनिक तरीके अपनाए जाते तो परीक्षार्थियों के साथ खिलवाड़ न होता।



केंद्र से लेकर राज्य सरकारें भी अच्छे से जानती हैं कि भारत में आयोजित होने वाली हर चौथी प्रतियोगी परीक्षा का पेपर का लीक होता है जिसमें पुलिस भर्ती और शिक्षा परीक्षाएं कुख्यात हैं। जबकि, नीट परीक्षा नौकरी या भर्ती की परीक्षा नहीं होती, मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के लिए आयोजित होती है उसमें भी सेंधमारी, हद है? गौरतलब है अगर पूर्ववर्ती पेपर लीक मामलों में सख्ती और स्वतंत्र-निष्पक्ष जांच हुई होती और आरोपियों के नाम सार्वजनिक किए गए होते और सजा के तौर पर उम्रकैद या मोटा हर्जाना वसूला गया होता, तो ऐसे कांड करने वाले भय खाते, डरते। भविष्य में गड़बड़ी करने से तौबा भी करते? लेकिन लचीला कानून-प्रशासन का उदार रवैया और कमजोर सजा-जुर्माने से आरोपी तनिक भी नहीं डरते। एक कांड करते हैं दूसरे की तैयारी में लगे होते हैं। फिलहाल मौजूदा नीट पेपर कांड पहला दोष तो परीक्षा कराने वाली संस्था 'नेशनल टेस्टिंग एजेंसी' यानी एनटीए का ही है। मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश की पात्रता परीक्षा नीट के सवाल लीक होने से पूरी परीक्षा रद्द करने की मजबूरी जितनी शर्मनाक है, उतनी ही चिंताजनक।

एनटीए का गठन 2017 में हुआ, तब से लेकर आज तक इस संस्था की विश्वसनीयता सवालों के घेरे में रही। 5 मई 2024 को भी जब इसी नीट परीक्षा में गडबड़झाला हुआ और मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा था। तब संस्था ने भविष्य में इस तरह की गलती दोबारा न करने का आश्वासन न सिर्फ अदालत को दिया था बल्कि केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय को भी भरोषा दिया था? पर, बेशर्मी देखिए मात्र 24 महीनों बाद भी उससे पहले से भी बड़ा कांड़ कर दिया। पिछली दफा इन्होंने कई छात्रों को पूरे-पूरे 720 नंबर दे डाले थे,जबकि वो सभी छात्र पढ़ने में सामान्य थे उनके मुकाबले टॉपरों को उनसे कहीं कम नंबर दिए गए थे। इस बार तो उससे भी बड़ा ब्लंडर हुआ। पेपर लीक की सूचना सबसे पहले राजस्थान से बाहर निकली। जहां, कई छात्रों के पास 140 से अधिक परीक्षा के मूल प्रश्नों से हूबहू प्रश्न गेस पेपरों में मिले।

लीक प्रश्नों पर सबसे पहले एनटीए की ओर से सफाई दी गई कि प्रश्न प्रिंटिंग प्रेस से लीक हुए। जबकि, सभी जानते हैं कि जहां पेपरों की छपाई होती है जहां परिंदा भी पर नहीं मार सकता। बेहद गुप्त स्थान होता है और वहां के कर्मचारियों को फोन तक रखने की इजाजत नहीं होती। ऐसे में प्रिंटिंग प्रेस से प्रश्नों के लीक होने का सवाल ही नहीं उठता। इस कांड में पूरा का पूरा सिंडिकेट शामिल होता है। समय का तकाजा है ऐसी विधि केंद्रीय लेबल पर बननी चाहिए, ताकि छात्रों के जीवन से कोई खिलवाड़ न कर पाए। केंद्र सरकार को आगे आकर हस्तक्षेप करना चाहिए। क्योंकि मौजूदा कांड में हुकूमत की चुप्पी सभी को अखर रही है। ऐसी घटनाओं के घट जाने के बाद छात्र सिर्फ सरकार से ही न्याय की उम्मीद करते हैं। उनकी उम्मीदें नहीं टूटनी चाहिए। (लेखक सदस्य, राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान (एनआईपीसीसीडी) भारत सरकार! (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# प्रभारी सचिव एवं जिलाधिकारी ने विभिन्न सहयोग शिविरों में लिया भाग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया ।** सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना सह प्रभारी सचिव, अररिया जिला मो० सौहेल एवं जिला पदाधिकारी विनोद दूहन द्वारा जिला अंतर्गत आयोजित सदर प्रखंड के साहसमल पंचायत भवन एवं फारबिसगंज प्रखंड के बथनाहा पंचायत भवन, रानीगंज प्रखंड के हांसा पंचायत सरकार भवन सहित विभिन्न सहयोग शिविरों में भाग लिया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार भी साथ थे। सहयोग शिविरों में प्रभारी सचिव द्वारा आमजनों से सीधे संवाद स्थापित किया।




इस क्रम में उन्होंने शिविर में उपस्थित पदाधिकारियों से पूर्व में प्राप्त आवेदनों, उसके निष्पादन सहित शिविर में प्राप्त हो रहे शिकायतों का त्वरित एवं समयबद्ध निष्पादन का निर्देश दिए तथा शिविरों में उपलब्ध सेवाओं का फीडबैक भी प्राप्त किया। सहयोग शिविरों में बड़ी संख्या में पुरुषों, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों एवं युवाओं ने भाग लेकर जनहित से जुड़े मामलों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। इस अवसर पर प्रभारी सचिव ने कहा कि सहयोग शिविर के माध्यम से आमजन की समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर त्वरित एवं प्रभावी रूप से सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सहयोग शिविर जिला प्रशासन को आमजन के और निकट लाने की एक प्रभावी पहल है, जिसके माध्यम से अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं यथा पीडीएस, नल जल, एमडीएम, आंगनबाड़ी केंद्र से संबंधित शिकायतों का निपटारा प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। जिला पदाधिकारी अररिया ने कहा कि सहयोग शिविरों के माध्यम से विभिन्न विभागों की सेवाएं एवं उससे जुड़ी शिकायतों का



समाधान पंचायत स्तर पर किया जा रहा है। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि शिविरों में प्राप्त सभी आवेदनों एवं शिकायतों का निष्पादन संवेदनशीलता, पारदर्शिता एवं तत्परता के साथ सुनिश्चित किया जाए। पुलिस अधीक्षक श्री जितेन्द्र कुमार ने भी लोगों की समस्याएं सुनीं तथा आवश्यक मामलों में त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया। जिले में सहयोग पोर्टल पर विभिन्न विभागों से प्राप्त आवेदनों में अब तक कुल 1000 से अधिक मामलों का निष्पादन किया गया है। जिलाधिकारी द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारी को सभी प्राप्त शिकायतों का शत प्रतिशत निष्पादन करने का निर्देश दिया गया है।

# जिलाधिकारी ने दत्तक ग्रहण प्रक्रिया के तहत बच्ची को केरल की दंपत्ति को किया सुपुर्द

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया।** जिला पदाधिकारी, विनोद दूहन के द्वारा विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान अररिया में आवासित रही एक बच्ची को अंतिम दत्तक ग्रहण प्रक्रिया के तहत केरल की एक दंपति को बाल संरक्षण इकाई अररिया द्वारा बताया गया कि सभी प्रक्रिया को नियमानुसार पूर्ण करने के उपरांत बच्ची को अंतिम दत्तक ग्रहण प्रक्रिया के तहत दंपति को सौंपा गया। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष भी इसी संस्थान के माध्यम से



सुपुर्द किया गया।

इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने कहा कि दत्तक ग्रहण बच्चों के सुरक्षित पुनर्वास एवं उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे बच्चों को पारिवारिक वातावरण एवं बेहतर जीवन का अवसर प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा निरंतर इस दिशा में कार्य करते हुए अनाथ एवं परित्यक्त बच्चों को बेहतर भविष्य प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है।

सहायक निदेशक जिला दो बच्चियों को बेंगलुरु के अलग-अलग दंपतियों को गोद दिया गया था।

वहीं, बच्ची को गोद लेने आए दंपति ने खुशी और संतोष व्यक्त करते हुए संस्थान एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह उनके जीवन का एक महत्वपूर्ण और भावनात्मक क्षण है। इस अवसर पर जिला बाल संरक्षण इकाई के पदाधिकारी एवं कर्मी, तथा विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान के समन्वयक और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### खुदरा एवं थोक दवा दुकानें बंद रहेंगी : एसोशिएशन

**अररिया (नबिटासं)।** 20 मई यानी आज बुधवार को द ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के द्वारा एक दिवसीय देशव्यापी सभी थोक एवम खुदरा दवा दुकाने बंद रहेंगी।जिसके समर्थन में बिहार प्रदेश सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन अररिया यूनिट के सचिव विकाश कुमार ,राज्य प्रतिनिधि सदस्य अजित कुमार, संयुक्त सचिव रंजीत कुमार, कोषाध्यक्ष कन्हैया कुमार,शेखर कुमार,हिमांशु शेखर, निशान्त कुमार, अमर कुमार, कन्हैया कुमार 2,सत्यम कुमार, कुणाल कुमार, नितेश कुमार, गौरव कुमार, एवम सुशील कुमार इतियादी ने संयुक्त रूप से बी सी डी ए अररिया के सचिव राकेश रंजन उर्फ मिट्ठू को एक सहमति पत्र देते हुए एक दिवसीय बंदी को सफल करने में समर्थन जताया ।सचिव राकेश रंजन ने अररिया जिले के तमाम दवा दुकानदारों से अपील है कि इस बंदी को पूर्ण सफल बनाना है और केन्द्र सरकार तक यह संदेश पहुंचाना है कि यह बंदी इसलिए ज्यादा महत्वपूर्ण है कि नकली, नशीली एवम अवैध दवाओं की ऑन लाइन जो बिक्री हो रही है उस पर अंकुश लगाया जाय साथ ही आरोप यह है कि ऑन लाइन सेल्स ऑफ मेडिसिन या ई फामेर्सी कानून जी एस आर 817 (ई) के तहत ऑन लाइन दवाओं की बिक्री की जा रही है इसपर रोक लगे।कोई भी नशीली, नकली , अवैध एवम सिड्यूल एच दवाओं की आपुर्ति या बिक्री विभागीय दिशा निर्देश के अधीन आता है पर ऑन लाइन दवा बेचेने वाले इन नियमों को अनदेखी कर मोटी कमाई कर आम जनता के स्वास्थ्य के साथ खुलेआम खिलवाड़ करने का काम कर रहे हैं जबकि कोई भी दवा को चिकित्सक के भौतिक परामर्श के बिना लेना स्वास्थ्य के लिए सही नहीं है।

### सर्पदंश से महिला की मौत

**मनसाही/कटिहार (नबिटासं)।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के हफलागंज में मकई के बगड़े का बोझा बना रही एक महिला सर्पदंश की शिकार हो गयी और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक महिला सुरेन पासवान की पत्नी अबीता देवी (45) बताया जाता है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि महिला खेत में बगड़े का बोझा बनाकर अपने सर पर उठाकर घर लौट रही थी कि पहले से बगड़े का बोझे में छुपी जहरीले सांप ने उनके गले में काट लिया। घटना के बाद पहले तो उसे कुछ पता नहीं चला और जब उनकी तबीयत बिगड़ने लगा तब उन्हें अस्पताल ले जाया गया मगर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### हसनगंज के बलुआ में सहयोग शिविर का आयोजन

**हसनगंज/कटिहार (नबिटासं)।** प्रखंड क्षेत्र के बलुआ पंचायत के सरकार भवन में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, जीविका,स्वास्थ्य विभाग,कृषि विभाग आदि द्वारा स्टॉल लगाया गया था। जिसमें आम जानो ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए जिसका मौके पर ही निष्पादन किया गया। बताया गया माह के पहले और तीसरे मंगलवार को इस प्रकार के सहयोग शिविर का आयोजन किया जाएगा। ताकि ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ आसानी से मिल सके। सहयोग शिविर में कुल 99 आवेदन प्राप्त हुआ और उसका निष्पादन किया गया। इस मौके पर अपर समाहर्ता सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी मनोज कुमार, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी एमडीएम निशीथ प्रणीत,प्रखंड प्रमुख नीलू देवी, मुखिया कंदलाल मुर्मू, प्रखंड परियोजना प्रबंधक शहनवाज इरफान,प्रखंड पदाधिकारी, अंचल पदाधिकारी, थानाध्यक्ष निक्की सहित अन्य कर्मचारी व स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद रहे ।

### ट्रैक्टर ट्राली में आग लगने से अफरा-तफरी

**मनसाही/कटिहार (नबिटासं)।** मनसाही थाना के समीप एनएच 131ए पर मंगलवार की दोपहर को अचानक एक ट्रैक्टर का ट्रॉली में उस वक्त आग लग गई। जब एक किसान मक्के की बगरा लोड कर अपने घर जा रहे थे। इस दौरान बिजली की तार ट्रैक्टर पर लोड मक्का का बगरा पर जा सटा। जिससे कि अचानक आग लग गई। वहीं घटना को देखते हुए ट्रैक्टर पर सवार सभी लोग गाड़ी रोक कर अपनी जान बचाकर ट्रैक्टर से नीचे उतर गए। जबकि आग की लपटे देखकर आसपास की दर्जनों लोग घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की सूचना मनसाही पुलिस एवं कटिहार दमकल कर्मी को दिया। मौके पर मनसाही पुलिस द्वारा थाने में उपस्थित दमकल को घटनास्थल पर भेजा एवं ग्रामीणों की एवं दमकल की सहयोग से आग बुझाने में सफल रहा।

### जन जातीय गरिमा उत्सव-2026 के तहत पलासी प्रखंड में जन भागीदारी अभियान शुरू

**अररिया (नबिटासं)।** जनजातीय गरिमा उत्सव-2026 जन भागीदारी सबसे दूर, सबसे पहले सूचना, शिक्षा एवं संचार (आईईसी) के राष्ट्रव्यापी अभियान अंतर्गत पलासी प्रखंड के 05 पंचायतों के 10 टोलों में शिविर का आयोजन किया गया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार बलुआ कलियागंज पंचायत के बलुआ टोला, कुजरी पंचायत के रामनगर टोला, पकड़ी पंचायत के बेलबाड़ी, बेनी एवं लोखड़ा टोला, नकटाखुर्द पंचायत के दीपनगर, बड़गांव, सोनाकन्दर, बरहकुम्बा पंचायत के खपड़ा तथा बरौली टोला में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया है। शिविर के माध्यम अनुसूचित जनजाति समुदाय के लोगों का सिकल सेल एनीमिया एवं अन्य रोगों का उपचार तथा दवा वितरण किया गया है। साथ ही स्वास्थ्य संबंधी सुझाव शिविर के माध्यम से दिया गया है। उक्त शिविर में जिला कल्याण पदाधिकारी अररिया, भूमि सुधार उप समाहर्ता अररिया, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी पलासी, अंचल अधिकारी प्लासी, प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी पलासी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सहित अन्य प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारी मौजूद रहे। शिविर से पूर्व बुलआ, रामनगर, बेलबाड़ी, बेनी, दीपनगर इत्यादि टोलों में वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत पेड़ भी लगाए गए। जिसमें जिला कल्याण पदाधिकारी, एवं वन विभाग के पदाधिकारी तथा प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। विदित हो कि प्रखण्ड स्तर पर प्रत्येक शिविर के लिए पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति किया गया। जिनके देख-रेख में शिविर का सफल आयोजन किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य सुदूरवर्ती एवं जनजातीय बहुल टोलों तक सरकार की योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ पहुंचाना तथा लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। अभियान के दौरान आगामी 25 मई तक चिन्हित गांवों एवं टोलों में व्यापक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

# आरपीएफ ने दो मासूमों को किया रेस्क्यू

## रेल के चोरी के तार के साथ रिसीवर को किया गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** कटिहार रेल मंडल में रेलवे सुरक्षा बल लगातार चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत दो अलग-अलग मामलों में बड़ी सफलता हासिल किया है। जानकारी के अनुसार एक ओर जहां ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत दो नाबालिग बच्चों को सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। वहीं दूसरी ओर चोरी किए गए रेलवे के ओएचई कैटेनरी तार के साथ एक रिसीवर को गिरफ्तार किया गया। कटिहार रेलमंडल अंतर्गत आरपीएफ कमांडेंट संदीप कुमार पीएस के निर्देश पर आरपीएफ पोस्ट कमांडर विक्रम कुमार के नेतृत्व में कटिहार रेलवे स्टेशन एवं आसपास के रेल क्षेत्रों में लगातार विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।इसी क्रम में को



आरपीएफ ईस्ट पोस्ट कटिहार की एलएएसआई नीता छेत्री एवं एलसीटी सुमन ने एसआईबी टीम के साथ स्टेशन परिसर में ऑपरेशन ह्लनन्हे फरिश्तेह्व के तहत मानव तस्करी एवं बाल तस्करी विरोधी अभियान के दौरान प्लेटफॉर्म संख्या-01 से दो नाबालिग लड़कों को संदिग्ध अवस्था में बरामद कर सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। रेस्क्यू किए गए बच्चों में 16 वर्षीय सद्दाम अली एवं 9 वर्षीय मुर मोहम्मद हैं। वही आरपीएफ द्वारा।दोनों बच्चों को अग्रिम कार्रवाई हेतु चाइल्ड लाइन कटिहार को सुपुर्द कर दिया गया। जबकि दूसरी कार्रवाई में आरपीएफ के एसआई बाबलू कुमार द्वारा चोरी किए गए ओएचई कैटेनरी वायर मामले में एक रिसीवर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मुकीम (38) के रूप में हुई है।आरोपी को उस समय पकड़ा गया जब वह मोटरसाइकिल से चोरी के तार को दलन की ओर जा रहा था।आरपीएफ ने आरोपी के पास से ओएचई कैटेनरी वायर के 30 कटे हुए टुकड़े बरामद किए हैं, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 9800 रुपये बताई जा रही है। वही गिरफ्तार मो मुकीम ने खुद को निर्दोष बताया। बाद में आरपीएफ द्वारा गिरफ्तार युवक के विरुद्ध आरपीएफ पोस्ट में मामला दर्ज करते हुए रेलवे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जिसके बाद रेलवे मजिस्ट्रेट द्वारा गिरफ्तार युवक को जेल भेज दिया गया। आरपीएफ की इन दोनों कार्रवाइयों की रेल यात्रियों एवं स्थानीय लोगों ने काफी सराहना की है। रेल में लगातार चल रहे अभियान से रेल संपत्ति की सुरक्षा के साथ-साथ मानव तस्करी पर भी प्रभावी अंकुश लगा है।

# सोती और गुरुमेला में अवैध खनन पर प्रशासन की कारवाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी (कटिहार)।** बरारी थाना क्षेत्र के सोती और गुरुमेला गांव में अवैध खनन के खिलाफ प्रशासन ने संयुक्त रूप से बड़ी कार्रवाई की। छापेमारी के दौरान तीन हाइवा को जब्त किया गया। जबकि एक पोकलेन मशीन एवं एक हाइवा खराब रहने के कारण मौके पर ही लॉक कर दिया गया। जानकारी के अनुसार बरारी अंचलाधिकारी मनीष कुमार, जिला खनन पदाधिकारी एवं बरारी थानाध्यक्ष सुमेश कुमार को सूचना मिली थी कि गुरुमेला क्षेत्र में अवैध रूप से खनन कार्य किया जा रहा है।

सूचना मिलते ही प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों की संयुक्त टीम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और छापेमारी की।कार्रवाई के दौरान अवैध खनन कार्य को तत्काल बंद कराया गया। प्रशासन ने मौके से तीन हाइवा को जब्त करते हुए आगे की विधि-सम्मत कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं एक पोकलेन मशीन और एक हाइवा खराब रहने के कारण उसे घटनास्थल पर ही लॉक कर निगरानी में रखा गया है। प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद अवैध खनन कारोबारियों में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने अवैध खनन पर लगातार कार्रवाई करने की मांग की है। ताकि नदी एवं पर्यावरण को नुकसान से बचाया जा सके।

# कोढ़ा के बहरखाल पंचायत में सहयोग शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोढा (कटिहार)।** कोढ़ा प्रखंड क्षेत्र में बहरखाल पंचायत सरकार भवन परिसर में मंगलवार को राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना पंचायत सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य आम ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान करते हुए सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे लोगों तक पहुंचाना था। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे और बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं एवं आवेदन दिये ।शिविर का विधिवत उद्घाटन जिला के प्रभारी मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार, जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी, सदर



अनुमंडल पदाधिकारी प्रद्युम्न सिंह यादव तथा बहरखाल पंचायत की मुखिया मुनिता कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

इस मौके पर उपस्थित अधिकारियों ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने की प्रतिबद्धता दोहराई और लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने का आश्वासन दिया। शिविर में सिविल सर्जन डॉ. जितेन्द्रनाथ सिंह, डीपीआरओ अभिषेक रंजन, ओएसडी, अभिषेक किशोर एसडीसी नैमिष कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी राजकुमार पंडित, अंचलाधिकारी संजीव कुमार, बीपीआरओ प्रियंका कुमारी,आपूर्ति पदाधिकारी मंजीत माहेश्वरी, कार्यक्रम पदाधिकारी अजय कुमार सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। पंचायत सहयोग शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 416 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें आधार कार्ड से जुड़े मामले, ऊर्जा विभाग की समस्याएं, खाद एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, जीविका, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, शिक्षा विभाग, श्रम संसाधन विभाग, समाज कल्याण विभाग, समेकित बाल विकास परियोजना आईसीडीएस, सांख्यिकी विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग से संबंधित आवेदन शामिल थे। खास बात यह रही कि प्राप्त सभी 416 आवेदनों का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया। जिससे ग्रामीणों में काफी संतोष देखने को मिला।

# बघार पंचायत में सहयोग शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी (कटिहार)।** मुख्य सचिव बिहार सरकार के आदेशानुसार एवं जिला पदाधिकारी के निर्देश के आलोक में ग्रामीणों की समस्याओं का सुगम तरीके से निवारण के उद्देश्य से मंगलवार को ग्राम पंचायत बघार में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुखिया पिंटु यादव ने कहा कि यह पहला शिविर है। इस तरह के शिविर के आयोजन से ग्रामीणों को लाभ मिला है।बिहार सरकार के कार्य की सराहना की। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सनत कुमार ने कहा कि ग्रामीणों से प्राप्त समस्याओं व शिकायतों से संबंधित आवेदनों को पंजिकृत कर सेवा संवाद समाधान पोर्टल पर



अपलोड करने के बाद सभी आवेदनों का नियमानुसार कार्रवाई करते हुए निष्पादन कर लाभुकों को लाभ पहुंचाने का प्रयास किया गया। जिस मामले का निष्पादन नहीं हो सका उस के लिए आवश्यक कार्रवाई की गयी। जानकारी दी कि किसी भी आवेदन को लम्बित नहीं रखा जायेगा। इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी त्रिलोकी नाथ सिंह, एसडीपीओ बिनोद कुमार,मनरेगा पीओ अलेन्दू कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे । सेवा शिविर में पंचायती राज.श्रम संसाधन विभाग, मनरेगा विभाग. नल -जल योजना, जनवितरण प्रणाली विभाग, सांख्यिकी विभाग, मेडिकल कैम्प, स्वच्छता विभाग सहित सभी विभाग का अलग अलग स्टाल लगाया गया था। सभी स्टाल में कर्मियों द्वारा लोगों के प्राप्त आवेदन का निष्पादन किये गये। राजस्व कर्मी, किसान सलाहकार, आवास सहायक, रोजगार सेवक, विकास मित्र, आशा, स्वच्छता पर्यवेक्षक को सहायक कर्मी प्रतिनियुक्त किया गया था।

# मनिहारी अंचल कार्यालय में फिर संभाला प्रभार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी (कटिहार)।** लम्बे अवकाश के बाद अंचलाधिकारी निहारिका राय ने अपने पद पर पुनःप्रभार ग्रहण कर लिया। उनके कार्यालय पहुंचते ही अंचल कर्मियों एवं अधिकारियों ने स्वागत किया। प्रभार ग्रहण के दौरान राजस्व अधिकारी रामसागर पासवान, प्रधान सहायक अंजारुल हक, नाजिर मंटू कुमार सहित कई अंचल कर्मी मौजूद रहे। सभी ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए बेहतर प्रशासनिक कार्यों की उम्मीद जताई। मौके पर अंचलाधिकारी निहारिका राय ने कहा कि आम जनता की समस्याओं का त्वरित निष्पादन उनकी पहली प्राथमिकता होगी।

# वंदे भारत से 13 किलो गांजा बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बारसोई (कटिहार)।** ऑपरेशन नार्कोस के अंतर्गत चलाए जा रहे अभियान में रेलवे सुरक्षा बल एवं सरकारी रेलवे पुलिस को बड़ी सफलता मिली, जब ट्रेन संख्या 22233 डाउन न्यू जलपाईगुड़ी-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस में लावारिस छोड़े गए एक ट्रॉली बैग से 13.430 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। जिसका अनुमानित बाजार मूल्य लगभग छह लाख इकहत्तर हजार रुपये आँका गया है।आरपीएफ न्यू जलपाईगुड़ी के हेड कांस्टेबल पीके मिश्रा अपनी टीम के साथ उक्त ट्रेन में यात्री एस्कॉर्ट ड्यूटी पर तैनात थे। खगड़िया झ्र बारसोई रेलखंड में कोच सी-5 के सीट संख्या 55, 56, 57 के ऊपरी रैक पर एक संदिग्ध ट्रॉली बैग दिखा। तलाशी में बैग के अंदर चार पैकेटों में भरा 13.430 किलोग्राम गांजा मिला। जाँच में पाया गया कि उक्त सीटों पर कोई यात्री नहीं बैठा था, जिससे यह स्पष्ट होता है कि तस्करों ने जानबूझकर बैग छोड़ दिया था। बरामदगी के तत्काल बाद आरपीएफ, बरसोई ने मौके पर आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर गांजे को जीआरपी बारसोई को सुपुर्द किया। जीआरपी, बारसोई थाना प्रभारी ने इस संबंध में केस संख्या 13/2026 धारा 8/20(बी)(बी) एनडीपीएस अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर आगे की कार्यवाई आरंभ कर दी है।

# इलाज और कार्रवाई की मांग पर फूटा गुस्सा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी (कटिहार)।** बरारी थाना क्षेत्र के सुजापुर पंचायत स्थित गिदाबाड़ी चौक पर ट्रैक्टर और बाइक की टक्कर में तीन युवकों के गंभीर रूप से घायल होने के बाद ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। इलाज में लापरवाही और सहायता नहीं मिलने के आरोप में आक्रोशित ग्रामीणों ने ट्रैक्टर मालिक के घर के सामने सड़क जाम कर जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान लोगों ने सड़क पर बांस-बल्ला लगाकर आवागमन बाधित कर दिया और टायर जलाकर विरोध जताया।जानकारी के अनुसार 18 मई को मिट्टी लदे ट्रैक्टर और बाइक की आमने-सामने टक्कर में मोहन कुमार, पिंकू चौहान और उमा चौहान गंभीर रूप से घायल हो गए।



हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरारी पहुंचाया गया। वहां चिकित्सकों ने मोहन कुमार की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सिलीगुड़ी रेफर कर दिया। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। पीड़ित परिवार का आरोप है कि ट्रैक्टर मालिक महबूब ने इलाज का पूरा खर्च उठाने और मदद करने का भरोसा दिया था। लेकिन 24 घंटे बीत जाने के बाद भी कोई सहायता नहीं दी गई। इसी से नाराज परिजनों और ग्रामीणों ने ट्रैक्टर मालिक के घर के सामने सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शन के दौरान सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और घंटों यातायात बाधित रहा।

# प्राणपुर बरझल्ला पंचायत में उमड़ा जनसैलाब

## 220 मामलों का ऑन-द-स्पॉट निपटारा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**प्राणपुर (कटिहार) ।** बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी और संवेदनशील पहल सहयोग शिविरह्ल के तहत सुशासन की किरणें अब राज्य के सुदूर ग्रामीण अंचलों तक सीधे पहुँचने लगी हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को कटिहार जिले के प्राणपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बरझल्ला पंचायत भवन में एक सहयोग शिविरह्ल का आयोजन किया गया। जन-समस्याओं के त्वरित और पारदर्शी निष्पादन के संकल्प के साथ आयोजित इस शिविर में प्रशासनिक तत्परता और जनता की भागीदारी का एक अभूतपूर्व समन्वय देखने को मिला। पूरे कार्यक्रम के दौरान सरकारी तंत्र न केवल संवेदनशील नजर आया। बल्कि मौके पर ही शिकायतों का पुलिंदा समेटकर फाइलों को अंतिम रूप दिया गया।



शिविर की सबसे उल्लेखनीय और सुखद तस्वीर यह रही कि इसमें पुरुषों की तुलना में महिलाओं की तादाद बहुत ज्यादा थी।

महिलाओं की इस भारी और सक्रिय उपस्थिति को देखकर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित स्थानीय विधायक निशा सिंह बेहद खुश नजर आयी।विधायक निशा सिंह ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा किआज बरझल्ला पंचायत भवन में उमड़ी बहनों और माताओं की यह भीड़ इस बात का जीवंत प्रमाण है कि ग्रामीण परिवेश में महिलाएं अब अपने हक और अधिकारों के प्रति पूरी तरह जागरूक हो चुकी हैं। सरकार की यह योजना वास्तव में समाज के अंतिम पायदान पर खड़ी महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है।शिविर को सफल बनाने और आम जनता को बिना किसी दफ्तर के चक्कर काटे न्याय दिलाने के लिए शीर्ष प्रशासनिक अमला खुद जमीन पर उतरा। कार्यक्रम में वरीय नोडल पदाधिकारी सह नगर आयुक्त कटिहार संतोष कुमार ने खुद पूरी कमान संभाली। उनके साथ प्राणपुर की प्रखंड विकास पदाधिकारी मनीषा कुमारी और अंचलाधिकारी भी पूरे समय शिविर में मुस्तैद रहे। अधिकारियों ने एक-एक काउंटर पर जाकर आवेदकों से बात की और मातहत कर्मचारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। 220 आवेदनों का हुआ ऑन-द-स्पॉट निष्पादन - वरीय नोडल पदाधिकारी सह नगर आयुक्त संतोष कुमार ने आधिकारिक आंकड़ों की घोषणा करते हुए बताया कि इस शिविर में प्रशासनिक गति बुलेट स्पीड का शानदार उदाहरण पेश किया गया है।

## 96.38 पर खुला जो पिछले बंद भाव से 18 पैसे की गिरावट दर्शाता है

# रुपये में लगातार छठे सत्र में गिरावट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** रुपया मंगलवार को शुरुआती कारोबार में 18 पैसे टूटकर 96.38 प्रति डॉलर पर आ गया। अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव से बाजार की भावनाएं लगातार कमजोर हो रही हैं। विदेशी मुद्रा कारोबारियों का कहना है कि कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि और होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने से निर्यात और खाड़ी देशों से आयात में बाधा आने के कारण रुपये की स्थिति अब भी नाजुक बनी हुई है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 96.38 पर खुला जो पिछले बंद भाव से 18 पैसे की गिरावट दर्शाता है।

**क्यों गिर रहा है रुपया?:** एलकेपी सिक्योरिटीज में कमोडिटी एंड करेंसी के वीपी रिसर्च एनालिस्ट जतिन त्रिवेदी ने कहा कि कच्चे तेल की कीमत अब भी उच्च स्तर पर बनी हुई है। रुपये के लिए व्यापक रुझान अब भी कमजोर है और बाजार की नजर सरकारी उपायों पर बनी हुई है कि सस्ते तेल और सप्लाई का सप्लाई के लिए वह क्या कर रही है। रुपये को 96.55 के करीब सपोर्ट दिख रहा है जबकि तत्काल रेसिसटेंस 96 से 96.10 के आसपास है।

**शेयर बाजार में तेजी:** शेयर बाजार में आज शुरुआती कारोबार में तेजी दिख रही है। बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 235.53 अंक यानी 0.31% की तेजी के साथ 75,550.57 अंक पर ट्रेड कर रहा था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी50 इंडेक्स 71.40 अंक यानी 0.3% की तेजी के साथ 23,721.35 अंक पर आ गया।


**लगातार छठे सत्र में गिरा रुपया:** रुपये में गिरावट का दौर जारी है। आज रुपया डॉलर के मुकाबले 96.37 के भाव पर खुला जबकि कल यह 96.35 पर खुला। कच्चे तेल की कीमत में गिरावट आई है जबकि शेयर बाजार में प्री-ओपन में तेजी दिख रही है। सोमवार को यह कारोबार के दौरान 96.39 तक गिर गया था जो इसका ऑल टाइम लो है।

**आपके पसंद की स्टोरी:** मिराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा कि मजबूत डॉलर और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में बढ़ोतरी के कारण रुपये में कमजोर रुख बना रह सकता है। जारी वैश्विक तनाव और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की निकासी भी रुपये पर दबाव डाल सकती है। उन्होंने कहा, भारतीय रिजर्व बैंक के संभावित हस्तक्षेप और सोने-चांदी के आयात पर लगाए गए कुछ अंकुश निचले स्तर पर रुपये को समर्थन दे सकते हैं।

केडिया एडवाइजरी के निदेशक अजय सुरेश केडिया ने बताया कि डॉलर की मजबूत मांग और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों की वजह से रुपया लगातार दबाव का सामना कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय रुपया लगातार दबाव में है क्योंकि डॉलर इंडेक्स 99 के करीब मजबूत बना हुआ है, जबकि कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें भारत के आयात बिल को बढ़ा रही हैं। उन्होंने कहा कि ऊर्जा की ऊंची कीमतों ने घरेलू बाजारों में डॉलर की मांग बढ़ा दी है, जबकि अमेरिका में ऊंचे बॉन्ड यील्ड वैश्विक स्तर पर अमेरिकी डॉलर को मजबूत कर रहे हैं।

संयुक्त राष्ट्र (ह) के पूर्व सलाहकार और अर्थशास्त्री संतोष मेहरोत्रा ने भारतीय मुद्रा पर भू-राजनीतिक तनाव और बाहरी दबावों के प्रभाव पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन महीनों में जो हुआ है वह यह है कि रुपया 90 रुपये के नीचे से गिरकर प्रति डॉलर लगभग 96 रुपये पर पहुंच गया है। अब इसका अपना एक मुद्रास्फीति (महंगाई) प्रभाव होने जा रहा है। यानी रुपया गिरने से महंगाई बढ़ सकती है।

मुद्रा विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों, विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली, वैश्विक अनिश्चितता और भू-राजनीतिक तनावों के कारण आने वाले महीनों में भारतीय रुपया दबाव में बना रह सकता है। मुद्रा विशेषज्ञ के एन डे ने एएनआई से कहा कि अभी गिरावट का कोई तल नजर नहीं आ रहा है। ऐसे में स्थिरता के स्तर का अनुमान लगाना केवल अटकलें हैं और मनोवैज्ञानिक रूप से रुपया 100 प्रति डॉलर तक भी जा सकता है।




### विदेशी निवेशकों की बिकवाली डाल रही असर

एक्सपर्ट के अनुसार विदेशी संस्थागत निवेशकों द्वारा की जा रही आक्रामक बिकवाली रुपये की कमजोरी के पीछे सबसे बड़े कारणों में से एक है। संस्थागत निवेशक साल 2026 में अब तक भारतीय बाजारों से 2.65 लाख करोड़ रुपये निकाल चुके हैं, जो पिछले साल की कुल 3.04 लाख करोड़ रुपये की निकासी के बेहद करीब है।

### रुपये में इस साल 5.5% की गिरावट

सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया गिरकर 96.25 के नए सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ। इस ताजा गिरावट के साथ ही भारतीय मुद्रा इस साल अब तक करीब 5.5% टूट चुकी है। रुपये पर यह दबाव कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों, मजबूत होते अमेरिकी डॉलर और वैश्विक अनिश्चितता के कारण बना हुआ है। इस बीच, डॉलर इंडेक्स 99.32 के स्तर पर बना रहा, जो अमेरिकी मुद्रा में लगातार आ रही मजबूती को दर्शाता है। वहीं, विदेशी फंडों की लगातार निकासी ने दबाव को और बढ़ा दिया है।

### कच्चे तेल में गिरावट

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि मिडिल ईस्ट के नेताओं के अनुरोध पर उन्होंने ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई रोक दी है। इससे कच्चे तेल की कीमत में आज गिरावट आई है। कच्चा तेल अभी 1.91 फीसदी गिरावट के साथ 110 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेड कर रहा है। डब्ल्यूटीआई क्रूड भी 1.42 फीसदी गिरावट के साथ 102.9 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

## रेलवे कर्मचारियों पर संकट, न पेंशन मिल रही और न फंड, देनदारियों का 2136 करोड़ रुपया बकाया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वित्तीय प्रदर्शन में सुधार के तमाम दावों के बावजूद पाकिस्तान रेलवे इस समय भारी वित्तीय संकट से जूझ रहा है। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, रेलवे पर अपने रिटायर्ड और वर्तमान कर्मचारियों की देनदारियों का 2136 करोड़ पाकिस्तानी रुपया (भारतीय मुद्रा में करीब 735 करोड़ रुपये) बकाया है, जिसका भुगतान अब तक नहीं किया गया है। समा टीवी की ओर से पेश आधिकारिक दस्तावेजों के मुताबिक, इस बकाया राशि को मंजूरी देने और फंड जारी करने को लेकर रेल मंत्रालय और वित्त मंत्रालय के बीच एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। रेलवे मंत्रालय ने इस पूरी देरी की जिम्मेदारी वित्त मंत्रालय पर मढ़ दी है और इस संबंध में सभी जरूरी दस्तावेज देश की नेशनल असेंबली (संसद) को सौंप दिए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि मार्च 2023 के बाद रिटायर हुए कर्मचारियों को अभी तक उनके हक का पैसा नहीं मिला है। दस्तावेजों के अनुसार, कुल लंबित राशि का एक बड़ा हिस्सा रिटायर्ड कर्मचारियों और उनके परिवारों से जुड़ा है। प्रमुख देनदारियां इस प्रकार हैं : कुल राशि में से 1000 करोड़ रुपये रिटायर कर्मचारियों की ओर दायर किए गए 5,578 ग्रेच्युटी दावों से जुड़े हैं। प्रधानमंत्री सहायता पैकेज के तहत आने वाले 4,135 मामलों में 752 करोड़ रुपये का भुगतान अभी बाकी है। इनके अलावा 118 करोड़ रुपये मैरिज ग्रांट (विवाह अनुदान) के रूप में और 152 करोड़ रुपये बेनेवोलेंट फंड (परोपकारी कोष) के तहत लंबित हैं। पाकिस्तान सरकार (रेल मंत्रालय) का कहना है कि बार-बार अनुरोध किए जाने के बावजूद वित्त मंत्रालय द्वारा अतिरिक्त फंड आवंटित नहीं किया गया है। इस बीच 819 करोड़ रुपये की अतिरिक्त ग्रांट की मांग वाली एक समरी दिसंबर 2025 से वित्त मंत्रालय के पास लंबित पड़ी है। पिछले पांच महीनों के दौरान आर्थिक समन्वय समिति ने भी इस मामले पर कोई विचार नहीं किया है।



## चर्चित डिफेंस स्टॉक 3 दिन में 10% लुढ़का, 2-2 एक्सपर्ट्स दे रहे शेयरों को खरीदने की सलाह

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सरकारी डिफेंस कंपनी हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के शेयरों की कीमतों में सोमवार को 5 प्रतिशत के करीब गिरावट देखने को मिली है। महज 3 कारोबारी दिन में यह डिफेंस स्टॉक 10 प्रतिशत गिर चुका है। कंपनी के शेयरों में गिरावट के बावजूद एक्सपर्ट्स प्रदर्शन को लेकर बुलिश हैं। बता दें, कंपनी ने मार्च तिमाही के नतीजो का ऐलान कर दिया है। आज मंगलवार को भी कंपनी के शेयरों में गिरावट देकने को मिली है। शुरुआती कारोबार में ।रुके शेयर 4326.45 रुपये के स्तर पर ओपन हुए थे। कुछ देर के बाद कंपनी के शेयरों का भाव 4285.95 रुपये के इंट्रा-डे लो लेवल तक आ गए। गुरुवार को कंपनी ने तिमाही नतीजों का ऐलान किया था। कंपनी ने दी जानकारी में बताया था कि मार्च क्वार्टर के दौरान कुल 4196 करोड़ रुपये का प्रॉफिट हुआ है। सालाना आधार पर कंपनी के नेट प्रॉफिट में 6 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

## अमेरिका में केस बंद होते ही सरपट भागे अडानी ग्रुप के शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के तीसरे बड़े औद्योगिक घराने अडानी ग्रुप के शेयरों में आज काफी तेजी देखने को मिली। ग्रुप के शेयर कारोबार के दौरान 3.5 फीसदी तक उछल गए। अमेरिका के डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस ने गौतम अडानी और उनके भतीजे सागर अडानी के खिलाफ सारे आपराधिक आरोप वापस ले लिए हैं। इसके साथ ही न्यूयॉर्क में चल रहा यह केस बंद हो गया है। साथ ही अडानी ग्रुप सिविल मामले को सेटल करने के लिए सहमत हो गया है।



अडानी एंटरप्राइजेज, अडानी ग्रीन, अडानी पावर, अडानी पोर्ट्स, अडानी एनर्जी और अडानी टोटल गैस में 3.5 फीसदी तक तेजी आई। ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज का शेयर बीएसई पर पिछले सत्र में 2,690.30 रुपये पर बंद हुआ था और आज 2,749.95 रुपये पर खुला। कारोबार के दौरान यह 2,774.50 रुपये तक उछला। इसका 52 हफ्ते का उच्चतम स्तर 2,800 रुपये है। इसी तरह अडानी ग्रीन का शेयर 1,442.70 रुपये तक उछला जबकि इसका 52 हफ्ते का उच्चतम स्तर 1,472.30 रुपये है।

### किसमें कितनी तेजी

देश की सबसे वैल्यूएबल पावर कंपनी अडानी पावर का शेयर 224.70 रुपये तक उछला जबकि अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकनॉमिक जोन का शेयर 1,805 रुपये तक चढ़ा। अडानी ग्रीन एनर्जी का शेयर पिछले सत्र में 1,328.20 रुपये पर बंद हुआ और आज 1,357.50 रुपये पर खुला। शुरुआती कारोबार में यह 1,361.90 रुपये तक गया। अडानी टोटल गैस का शेयर 635.80 रुपये तक उछला जबकि पिछले सत्र में यह 609.95 रुपये पर बंद हुआ था।

### क्या है मामला?

साल 2024 के अंत में अमेरिकी नियामक एसईसी और न्याय विभाग द्वारा दर्ज मामलों में आरोप लगाया गया था कि अडानी ग्रुप ने भारत में सौर ऊर्जा के ठेके हासिल करने के लिए भारतीय अधिकारियों को लगभग 26.5 करोड़ रुपये की रिश्वत देने की योजना बनाई थी। साथ ही, अमेरिकी निवेशकों और ऋणदाताओं से पूंजी जुटाते समय इस व्यवस्था को छुपाया था। अडानी ग्रुप लगातार इन आरोपों से इन्कार कर रहा था।

## लिक्विड फंड्स में निवेश 7 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंचा, सुरक्षित विकल्पों की तरफ भाग रहे हैं निवेशक?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार में जारी अस्थिरता और वैश्विक तनाव के बीच निवेशकों का रुझान सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर तेजी से बढ़ रहा है। इसी का असर है कि अप्रैल 2026 में लिक्विड फंड्स (कम समय के लिए पैसा रखने वाले म्यूचुअल फंड) में निवेश 7 साल के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया। AMFI के आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल में लिक्विड फंड्स में शुद्ध निवेश 1.65 लाख करोड़ रुपये रहा। पिछले साल इसी महीने यह आंकड़ा 1.19 लाख करोड़ था। सालाना आधार पर इसमें 46,448 करोड़ की बढ़ोतरी दर्ज हुई, जो पिछले कम से कम 7 वर्षों में सबसे ज्यादा है। लिक्विड फंड्स डेट म्यूचुअल फंड्स होते हैं। ये आपका पैसा ट्रेजरी बिल्स, गवर्नमेंट सिक्योरिटीज और कॉल मनी जैसे बहुत शॉर्ट टर्म वाले मार्केट इंस्ट्रूमेंट्स में निवेश करते हैं। ये फंड्स 91 दिनों के मैच्योरिटी पीरियड वाले इंस्ट्रूमेंट्स में निवेश कर सकते हैं।आमतौर पर एक से तीन महीने की अवधि के लिए करते हैं।



### बढ़ी नकदी का असर

विशेषज्ञों के मुताबिक, इसके पीछे बैंकिंग सिस्टम में बढ़ी नकदी बड़ी वजह रही। अप्रैल के दौरान बैंकिंग सिस्टम में अतिरिक्त नकदी 2 लाख करोड़ से 5.5 लाख करोड़ के बीच रही जबकि पिछले साल यह 1 लाख करोड़ से 2 लाख करोड़ थी। कदमों से बाजार में पर्याप्त नकदी बनी रही, जिससे बैंकों और कंपनियों ने अतिरिक्त पैसा लिक्विड फंड्स में लगाया। की रिपोर्ट के अनुसार, कम अवधि की ब्याज दरों ने भी निवेशकों को आकर्षित किया। यानी दरें 6.5% से 7.5% के बीच रहीं। अप्रैल में लिक्विड फंड्स ने लगभग 5.5-6% का रिटर्न दिया, जबकि ओवरनाइट रेट लगभग 5% थे।




## ईरान युद्ध के बीच मंदिरों का सोना बेचने जा रही सरकार? वित्त मंत्रालय ने बताई सच्चाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय घरों और मंदिरों में करीब 50,000 टन सोना है जिसकी कीमत करीब 10,000 अरब डॉलर है। इस बीच कुछ मीडिया रिपोर्ट्स और सोशल मीडिया पोस्ट्स में दावा किया गया है कि सरकार मंदिरों में रखे गए सोने के बदले उन्हें गोल्ड बॉन्ड जारी करने की योजना बना रही है। साथ ही यह भी दावा किया जा रहा है कि मंदिरों में रखे सोने के मोनेटाइजेशन से जुड़े प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। लेकिन सरकार ने इन दावों को फर्जी और गुमराह करने वाला बताया है।

केंद्रीय वित्त मंत्रालय की तरफ से जारी एक बयान में कहा कि इस तरह की अफवाहें फैलाई जा रही है कि सरकार मंदिर ट्रस्टों या धार्मिक संस्थानों के पास मौजूद सोने के लिए मोनेटाइजेशन स्कीम ला रही है। इनमें कोई सच्चाई नहीं हैं। ये निराधार और गुमराह करने वाली हैं। सरकार ने साथ ही साफ किया है कि मंदिरों के स्तंभों, दरवाजों या किसी अन्य ढांचे पर मढ़े गए सोने को स्ट्रैटजिक गोल्ड रिजर्व घोषित करने के दावे भी झूठे हैं और इनका कोई आधार नहीं है।

### सरकार ने क्या कहा

बयान में लोगों से अनुरोध किया गया है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें। इस तरह की अपुष्ट खबरों से लोगों में भ्रम पैदा होता है। सरकार ने सभी लोगों से अनुरोध किया है कि वे केवल आधिकारिक बयानों पर भरोसा करें। सरकार की तरफ से लिए जाने वाले किसी भी फैसले या स्कीम की जानकारी आधिकारिक प्रेस रिलीज, सरकारी वेबसाइट और वेरिफाइड पब्लिक कम्युनिकेशन प्लेटफॉर्म्स पर साझा किया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईरान युद्ध के मद्देनजर देशवासियों से पेट्रोल-डीजल और खाने के तेल की खपत कम करने, एक साल तक सोना नहीं खरीदने, रासायनिक खाद का प्रयोग कम करने और विदेश यात्रा से परहेज करने की अपील की थी। इससे विदेशी मुद्रा बचेगी और चालू खाते का घाटा कम होगा। इससे रुपये पर भी दबाव कम होगा। इस साल रुपये की कीमत में भारी गिरावट आई है और यह एशिया में सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली करेंसी है।

### सोने का आयात

चीन के बाद भारत दुनिया में सोने का दूसरा बड़ा उपभोक्ता है। पिछले साल भारत ने 72 अरब डॉलर का सोना आयात किया था जो । 2024-25 की तुलना में सोने का आयात 24 फीसदी बढ़ गया। सरकार ने इसे हतोत्साहित करने के लिए हाल में सोने और चांदी पर आयात शुल्क 6 फीसदी से बढ़ाकर 15 फीसदी कर दिया है।

# सरकार की जेब पर बढ़ेगा 70,000 करोड़ रु. का अतिरिक्त बोझ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव का असर अब भारत के उर्वरक सब्सिडी बिल पर भी पड़ता दिख रहा है। सरकार का उर्वरक सब्सिडी खर्च वित्त वर्ष 2026-27 में अतिरिक्त करीब 70,000 करोड़ रुपये बढ़कर 2.41 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है। इसकी मुख्य वजह यूरिया और अन्य उर्वरकों के आयात खर्च में तेज बढ़ोतरी मानी जा रही है। उर्वरक विभाग की अतिरिक्त सचिव अपर्णा एस. शर्मा ने सोमवार को पश्चिम एशिया से जुड़े अंतर-मंत्रालयी ब्रीफिंग के दौरान कहा कि सब्सिडी बिल बढ़ेगा, लेकिन यह कितने प्रतिशत बढ़ेगा, अभी कहना मुश्किल है। जब उनसे पूछा गया कि क्या यह बढ़ोतरी 70,000 करोड़ रुपये तक हो सकती है, तो उन्होंने कहा, 'हो सकता है।' बता दें कि बजट में वित्त वर्ष 2026-27 के लिए उर्वरक सब्सिडी के मद में 1.71 लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया गया था। अतिरिक्त सचिव शर्मा ने स्पष्ट किया कि बढ़ती लागत के दबाव के बावजूद साल 2026 के आगामी खरीफ सीजन के लिए देश में उर्वरकों का पर्याप्त स्टॉक है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में 390 लाख टन की कुल आवश्यकता का 51 प्रतिशत से अधिक स्टॉक पहले से ही मौजूद है। बाकी के अंतर को अलग-अलग देशों से आयात के जरिए पूरा किया जा रहा है। वर्तमान में देश में 200.9 लाख टन उर्वरक का स्टॉक उपलब्ध है। देश में घरेलू उत्पादन लगभग 80,000 टन प्रतिदिन की दर से चल रहा है। पश्चिम एशिया संकट की शुरुआत से अब तक कुल उत्पादन 86.2 लाख टन रहा है, जो पिछले साल की इसी अवधि के 93 लाख टन से थोड़ा कम है। उर्वरक उत्पादन में मामूली कमी आई है, जिसे हम आने वाले महीनों में पूरा करने की उम्मीद करते हैं। यूरिया प्लांटों के लिए पर्याप्त गैस आपूर्ति उपलब्ध है। सुरक्षित रखने के लिए भारत ने होर्मुज जलडमरूमध्य से हटकर अपने आयात मार्गों में सक्रिय रूप से विविधता ला दी है। इसके तहत अब तक 22 लाख टन से अधिक उर्वरक भारतीय तटों पर सुरक्षित पहुंच चुका है।



# बच्चे बीमार पड़े तो आया बिजनेस का आईडिया, सरकारी नौकरी छोड़ी

### 6 महीने तक नाकाम रहे, आज करोड़ों की कमाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आज भारतीय घरों में वॉटर प्यूरीफायर होना एक आम बात है, लेकिन 1990 के दशक के आखिरी सालों में ऐसा बिल्कुल नहीं था। उस दौर में भारत में पानी साफ करने का कोई संगठित बाजार नहीं था। बाजार में गिने-चुने अल्ट्रावायलेट प्यूरीफायर थे, जिन पर लोग ज्यादा भरोसा नहीं करते थे। साफ पानी सबकी जरूरत तो था, लेकिन यह कोई बड़ी कमर्शियल कैटेगरी नहीं बनी थी। इसी दौर में कानपुर से पढ़े मैकेनिकल इंजीनियर डॉ. महेश गुप्ता के सामने एक ऐसा संकट आया जिसने भारत में वाटर प्यूरीफिकेशन इंडस्ट्री की तकदीर बदल दी। डॉ. महेश गुप्ता आज केंट आरओ सिस्टम्स के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर हैं।

यह कहानी किसी बड़े बिजनेस प्लान से नहीं, बल्कि एक घरेलू समस्या से शुरू होती है। डॉ. महेश गुप्ता के बच्चे दूषित पानी पीने की वजह से पीलिया (जॉन्डिस) के शिकार हो गए। एक इंजीनियर होने के नाते डॉ. गुप्ता ने इसके मूल कारण पर रिसर्च शुरू की। वे बताते हैं कि बाजार में मौजूद ड्क प्यूरीफायर पानी में घुले हानिकारक कणों को नहीं हटा पा रहे थे।

तब उन्हें समझ आया कि इसका एकमात्र इलाज रिवर्स ऑस्मोसिस तकनीक है। भारत में तब यह तकनीक नहीं थी, इसलिए उन्होंने अमेरिका से मेम्ब्रेन और पंप जैसे पार्ट्स मंगवाए और घर पर ही पहला प्यूरीफायर असेंबल किया। जब वह सिस्टम कामयाब रहा, तो डॉ. गुप्ता को अहसास हुआ कि जो तकनीक उनके परिवार के काम आई, उसकी जरूरत पूरे देश को है। यहीं से जन्म हुआ।



### नौकरी छोड़कर लिया रिस्क

आईआईटी कानपुर से मैकेनिकल इंजीनियरिंग करने के बाद डॉ. महेश गुप्ता इंडियन ऑयल जैसी प्रतिष्ठित सरकारी कंपनी में एक क्लास-वन ऑफिसर की नौकरी कर रहे थे। लेकिन जब दूषित पानी के कारण उनके बेटे की तबीयत खराब हुई, तो इस घरेलू संकट ने उन्हें नौकरी छोड़कर कुछ नया करने की प्रेरणा दी। उन्होंने महज 20,000 रुपये की मामूली पूंजी के साथ रिस्क लिया और बिजनेस की शुरुआत की। 2 बेटियों का जिम्मा, नौकरी, खाना बनाते हुए की तैयारी, छठी बार में अफसर बनीं बरेली की बहू हुमा डॉ. गुप्ता ने अमेरिका से एक खास मेम्ब्रेन और पंप मंगवाकर शुरुआती वॉटर प्यूरीफायर बनाने पर काम शुरू किया। हालांकि, यह सफर इतना आसान नहीं था। डॉ. गुप्ता ने लगातार 6 महीने तक दिन-रात मेहनत की और हर संभव तकनीक आजमाई, लेकिन वे पानी की अशुद्धियों को पूरी तरह अलग करने में नाकाम रहे। इस शुरुआती असफलता के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और 6 महीने के कड़े संघर्ष और तकनीकी प्रयोगों के बाद आखिरकार उन्होंने उस सटीक फॉर्मूले को खोज निकाला।



# इमरान खान ने सिंगल फादर होने का दर्द किया बयां

**इमरान खान ने हाल ही में सिंगल फादरहुड को लेकर खुलकर बात की। एक्टर ने बताया कि अकेले पिता के तौर पर जिंदगी आसान नहीं होती और कई बार उन्हें समाज की सोच का भी सामना करना पड़ता है।**

इमरान ने कहा कि कुछ माता-पिता अपने बच्चों को उनके घर प्लेडेट के लिए भेजने में हिचकिचाते हैं, क्योंकि वह अकेले रहते हैं। उन्होंने माना कि यह अनुभव कभी-कभी काफी अकेलापन महसूस कराता है। एक्टर ने अपनी बेटी इमारा की को-पैरेंटिंग और एक्स-वाइफ अवंतिका मलिक के साथ रिश्ते पर भी बात की। उन्होंने कहा कि सिंगल फादर्स के पास अक्सर वैसा इमोशनल सपोर्ट सिस्टम नहीं होता जैसा महिलाओं के पास होता है।

## पुरुष अंदर ही अंदर संघर्ष करते रहते हैं

इमरान के मुताबिक, महिलाएं अपनी दोस्तों के साथ खुलकर भावनाएं शेयर कर लेती हैं, लेकिन पुरुषों को बचपन से यही सिखाया जाता है कि उन्हें मजबूत दिखना है और अपनी कमजोरी जाहिर नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा, 'पुरुषों के लिए समाज ने मर्दानगी की एक तय सोच बना दी है, जहां भावनाओं और कमजोरियों पर खुलकर बात नहीं की जाती। यही वजह है कि कई पुरुष अंदर ही अंदर संघर्ष करते रहते हैं।'

## अब इस एक्ट्रेस को डेट कर रहे हैं इमरान?


रिपोर्ट्स के मुताबिक, इमरान खान इन दिनों लेखा वाशिंगटन को डेट कर रहे हैं। कहा जाता है कि दोनों की नजदीकियां 2020 में बढ़ीं, क्योंकि वे एक ही सोशल सर्कल का हिस्सा थे।





# 'टॉक्सिक' के लिए फायदेमंद साबित होगा रिलीज टलना

**'टॉक्सिक' पहले यह फिल्म मार्च में रिलीज होने वाली थी, फिर इसे जून के लिए शिफ्ट किया गया था। लेकिन अब इसकी कोई फाइनल रिलीज डेट अभी तक घोषित नहीं की गई है। इसपर अब तारा सुतारिया ने भी अपने विचार रखे हैं।**




यश स्टारर इस पैन-इंडिया फिल्म को लेकर बताया गया था कि मिडल ईस्ट में चल रहे हालात की वजह से रिलीज प्लान में बदलाव करना पड़ा। बाद में यह भी साफ किया गया कि फिल्म पूरी तरह बनकर तैयार है, लेकिन टीम अभी इसकी ग्लोबल रिलीज और बड़े डिस्ट्रीब्यूशन पार्टनर्स को फाइनल करने में लगी हुई है, ताकि फिल्म को दुनिया भर में सही तरीके से रिलीज किया जा सके।


## फिल्म को लेकर बोलीं तारा सुतारिया?

इसी बीच फिल्म की एक्ट्रेस तारा सुतारिया ने हॉलीवुड रिपोर्टर से बातचीत में इस देरी पर अपना रिएक्शन दिया है। उन्होंने कहा कि वह इस पूरी स्थिति को बहुत समझदारी से देखती हैं। तारा ने एक इंटरव्यू में कहा, 'मैं बहुत पेशेंस रखती हूं। मैं ये नहीं सोचती कि अगर फिल्म तुरंत रिलीज नहीं हुई तो क्या होगा। एक एक्टर के तौर पर आप फिल्म को सिर्फ अपनी नहीं मान सकते, यह पूरी टीम की होती है।' उन्होंने आगे कहा कि कई बार बड़े फैसलों के पीछे सही वजहें होती हैं, जिन्हें प्रोड्यूसर्स और डायरेक्टर्स बेहतर समझते हैं। तारा ने यह भी कहा कि वह दर्शकों की एक्साइटमेंट को समझती हैं और खुद भी फिल्म का इंतजार कर रही हैं, लेकिन उनका मानना है कि यह इंतजार फिल्म के लिए फायदेमंद साबित होगा और इसे ग्लोबली बेहतर रिस्पॉन्स मिलेगा।

## 'टॉक्सिक' फिल्म के बारे में

अब यश के फैंस बेसब्री से फिल्म की नई रिलीज डेट का इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म में कियारा और यश के अलावा नयनतारा, हुमा कुरैशी, तारा सुतारिया और रुक्मिणी वसंत जैसे कलाकार हैं। इसमें यश डबल रोल में होंगे। इसके निर्देशक गीतू मोहनदास हैं।

# क्या 'इंडियाज गॉट लेटेंट' में आएंगी आरजे महवश



आरजे महवश इन दिनों अपनी अपकमिंग वेब सीरीज 'सतरंगी: बदले का खेल' को लेकर चर्चा में हैं। यह सीरीज 22 मई 2026 को जी5 पर रिलीज होने वाली है। शो में उनके साथ अंशुमान पुष्कर और कुमुद मिश्रा भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। इंटरव्यू में जब उनसे पूछा गया कि क्या वह इंडियाज गॉट लेटेंट के दूसरे सीजन में दिखाई देंगी, तो महवश ने बताया कि समय रैना ने उन्हें शो के लिए इनवाइट किया था। उन्होंने कहा, 'जब हम एक शो की शूटिंग कर रहे थे, तब समय ने मुझसे पूछा था कि क्या मैं उनके शो के अगले सीजन में आऊंगी। मैंने उनसे कहा कि मैं जरूर आना चाहूंगी।' महवश ने यह भी बताया कि जब समय मुश्किल दौर से गुजर रहे थे, तब वह उन्हें व्यक्तिगत तौर पर ज्यादा नहीं जानती थीं। उन्होंने कहा कि वह बाहर से पूरी स्थिति को देख रही थीं। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि उस दौरान उनकी रणवीर अल्लाहबादिया से बात हुई थी।
वर्क फ्रंट की बात करें तो आरजे महवश जल्द ही 'सतरंगी: बदले का खेल' में नजर आने वाली हैं। इसके अलावा वह मशहूर कोरियोग्राफर और डायरेक्टर रेमो डिसूजा की रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 'तेढ़ी है पर मेरी है' पर भी काम कर रही हैं।

# आखिर क्यों फिल्में नहीं कर रहीं अनुष्का शर्मा?

अनुष्का शर्मा पिछले करीब आठ साल से बॉलीवुड में फिल्में नहीं कर रही हैं। उनकी आखिरी फिल्म 'जीरो' थी, जो साल 2018 में रिलीज हुई थी। अब वह कभी-कभी विज्ञापनों में नजर आती हैं। उनके कई फैंस जानना चाहते हैं कि आखिर अनुष्का फिल्में क्यों नहीं कर रही हैं?

## अब भारत में नहीं रहतीं अनुष्का

अनुष्का शर्मा ने साल 2017 में क्रिकेटर विराट कोहली से शादी की थी। जनवरी 2021 में उनकी बेटी वामिका का जन्म हुआ और फरवरी 2024 में बेटे अकाय का जन्म हुआ। इसके बाद परिवार लंदन रहने चला गया। अनुष्का और विराट ने कभी साफ-साफ नहीं बताया कि वे भारत क्यों छोड़कर गए। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार माधुरी दीक्षित के पति डॉ. श्रीराम नेने ने बताया था कि वे बच्चों को लाइमलाइट से दूर शांति से बड़ा करना चाहते हैं। इसलिए अनुष्का नए फिल्मी प्रोजेक्ट भी नहीं ले रही हैं।

## परिवार को महत्व?

अनुष्का अब परिवार और बच्चों को ज्यादा समय देना चाहती हैं। लंदन में रहने और प्राइवेसी की वजह से वे बॉलीवुड से दूरी बनाए हुए हैं। एक बार सिमी गरेवाल के शो में अनुष्का ने कहा था कि शादी और बच्चों के बाद वे फिल्मों से दूर हो जाना चाहती हैं। उन्होंने कहा था, 'मैं शादी करना चाहती हूं, बच्चे चाहती हूं और शादी के बाद शायद काम नहीं करूंगी।'





# 'सीक्रेट डायरेक्टिंग' की अफवाहों पर आमिर ने तोड़ी चुप्पी

आमिर खान को बॉलीवुड का 'मिस्टर परफेक्शनिस्ट' कहा जाता है। फिल्मों में उनकी गहरी दिलचस्पी और हर छोटी-बड़ी चीज पर ध्यान देने की आदत की वजह से अक्सर ऐसी अफवाहें उड़ती रही हैं कि वह अपनी फिल्मों को पर्दे के पीछे से खुद डायरेक्ट करते हैं। लेकिन अब आमिर खान ने इन सभी खबरों पर खुलकर जवाब दिया है।

## 'घोस्ट डायरेक्टिंग' पर क्या बोले एक्टर?

हाल ही में स्क्रीन एकेडमी इवेंट के दौरान आमिर खान ने साफ कहा कि अपने 38 साल के करियर में उन्होंने सिर्फ एक ही फिल्म डायरेक्ट की है और वह 'तारे जमीन पर' है। बाकी फिल्मों को लेकर जो 'घोस्ट डायरेक्टिंग' की बातें होती हैं, वह पूरी तरह गलत हैं। आमिर ने कहा, 'मीडिया ने हमेशा कहा कि मैं फिल्मों को पर्दे के पीछे से डायरेक्ट करता हूं। लेकिन ऐसा क्यों करूंगा मैं? अगर मैं इतना अच्छा काम कर रहा हूं तो किसी और का नाम क्यों दूंगा? क्या मुझे पागल कुत्ते ने काटा है?' उन्होंने आगे कहा कि उन्हें अपने करियर में कई शानदार डायरेक्टर्स के साथ काम करने का मौका मिला, जिनसे उन्होंने बहुत कुछ सीखा। आमिर का मानना है कि हर निर्देशक अपनी अलग सोच और स्टाइल लेकर आता है और यही वजह है कि उनकी फिल्में एक-दूसरे से बिल्कुल अलग दिखाई देती हैं। आमिर ने उदाहरण देते हुए कहा कि 'लगान', 'रंग दे बसंती', 'सरफरोश' और '3 इडियट्स' जैसी फिल्मों का अंदाज और कहानी अलग-अलग है, क्योंकि हर फिल्म के पीछे अलग निर्देशक की सोच थी।

## फिल्मों की सफलता पूरी टीम की मेहनत होती है

उन्होंने यह भी कहा कि फिल्मों की सफलता सिर्फ एक इंसान की नहीं होती, बल्कि पूरी टीम की मेहनत का नतीजा होती है। आमिर ने बताया कि उन्होंने 'तलाश', 'रंग दे बसंती' या 'तारे जमीन पर' की कहानी नहीं लिखी थी। उन्हें बस ये कहानियां पसंद आईं और वह उनका हिस्सा बनना चाहते थे। आमिर खान का वर्कफ्रंट वर्कफ्रंट की बात करें तो आमिर खान आखिरी बार 'सितारे जमीन पर' में नजर आए थे। आने वाले समय में वह राजकुमार हिरानी की '3 इडियट्स' के सीक्वल में दिखाई दे सकते हैं।



# मम्मी के लिए इतना कमाना है कि खर्च करते समय बिल्कुल न सोचें

पलक तिवारी इंडस्ट्री के उन स्टार किड्स में से हैं, जो एक्टिंग की दुनिया में आने से पहले ही सोशल मीडिया पर स्टार बन चुकी थीं, मगर जब जानी-मानी टीवी एक्ट्रेस श्वेता तिवारी की इस बेटी ने एक्टिंग की असली दुनिया में कदम रखा है, तो उन्हें भी अग्नि परीक्षा से गुजरना पड़ रहा है। 'बिजली बिजली' गाने से अपने करियर की शुरुआत करने वाली पलक तिवारी सलमान खान के साथ 'किसी का भाई किसी की जान' में नजर आने के बाद 'भूतनी' में भी दिखीं, मगर इन दिनों वह अपनी नई सीरीज 'लुक्खे' की अपनी भूमिका से तारीफें बटोर रही हैं।

## अपनी मम्मी जैसी बनना चाहती हूं

ग्लैमर जगत में आने के साथ ही पलक तिवारी की तुलना उनकी जानी-मानी मशहूर टीवी एक्ट्रेस मां श्वेता तिवारी से होने लगी थी। मगर पलक का कहना है कि लोग भले उन दोनों को एक्ट्रेस की तरह देखें, मगर असल जीवन में वो मां-बेटी हैं। पलक अपनी मां के लिए बहुत कुछ करना चाहती हैं। वह कहती हैं, 'मुझे आज तक पैसे का कोई डर नहीं रहा। जब मेरी मम्मी ने मुझे पैदा किया तो उन्हें जो बनना था, वो बन चुकी थीं। तो मुझे कभी पैसे या किसी चीज की कमी कभी नहीं रही। मगर वो जिस मध्यमवर्गीय माहौल से आती हैं, उनके दिमाग में अभी भी रहता है कि अरे 5 हजार खर्च हो गए, अरे इतने पैसे खर्च हो गए। पता नहीं मेरी मम्मी के लिए वो कितने पैसे होंगे, जब उन्हें ये सोचना न पड़े, मगर मैं इतना पैसा कमाना चाहती हूं कि वो पैसे के बारे में दो बार भी न सोचें। उन्हें कुछ खर्च करते हुए कटौती न करनी पड़े।'

## भाई तो मुझे पूरे घर में नचाता है

हालिया वेब सीरीज में पलक बहन की एक बेहद इमोशनल भूमिका में हैं। असल जिंदगी में कैसी बहन हैं वो? इस पर वह कहती हैं, 'मेरा भाई नौ साल का है। हर किसी को लगता है कि घर पर मैं बॉसिंग करती होऊंगी, मगर मेरी मजाल क्या है, जो मैं बॉसिंग करूं। घर श्वेता तिवारी का है और उनका फेवरेट बच्चा उनका छोटा वाला है (हंसती हैं) मैं जब मम्मी से कहती हूं कि इसने मुझे मारा, तो वह झट से कहती हैं, तुमने कोई हरकत ही ऐसी की होगी। मेरा छोटा भाई रेयांश मम्मी के पीछे जाकर यही करता है। हाल-फिलहाल मेरी जिंदगी यही है कि नौ साल का एक छोटा-सा बच्चा मुझे लात मार कर पूरे घर में नचवाता रहता है। मगर इसके अलावा मेरे पास और कोई चारा भी नहीं है। (ठहाका लगाती हैं) हालांकि वो मेरे जिगर का टुकड़ा है। मस्ती-मजाक की बात साइड में रख दें, तो उसने मम्मी और नानी के स्ट्रगल को देखा है और वो चीजें समझता है। मैं भी उसके लिए काफी इम्पोर्टेंट हूं। मैं सोचती हूं, इतना अच्छा काम करूं कि उसे मुझ पर गर्व हो।

## लक के साथ मेहनत जरूरी

पलक खुद को बहुत खुशकिस्मत मानती हैं कि फिल्मों में उनकी शुरुआत सलमान खान जैसे सुपरस्टार के साथ 'किसी का भाई किसी की जान' से से हुई। एक्टिंग की दुनिया में अपनी जमीन तलाशती पलक अपनी जर्नी को लेकर कहती हैं, 'हर प्रोजेक्ट और हर रोल के साथ बेहतर होने की कोशिश करती हूं। आपको एक अजीब-सी बात बताऊं? किसी भी ऑडिशन या रोल के लिए मैंने उस वक्त कितना भी अच्छा क्यों न किया हो? या उस वक्त मैं उसमें कितनी ही सही क्यों न लगी होऊं, मगर बाद में मैं खुद को कभी अच्छी नहीं लगी। आज पलट कर देखती हूं, तो लगता है, छि कितनी बुरी लग रही हूं। मुझे कभी ऐसा नहीं लगा कि वह मैंने कितना कमाल का काम किया है। मैं सोचती हूं कि ऐसा करने से मैं खुद को संवारती रह सकती हूं। जब मैंने सलमान खान जैसे सुपरस्टार के साथ भी काम किया था, तब भी लोगों ने कहा था, तू कितनी लकी है, मगर मुझे लगता है कि लक के साथ मेहनत भी बहुत जरूरी है।'



# इशान किशन ने CSK फैंस को चिढ़ाया

## सैमसन और क्लासेन के बीच लड़ाई, हाईवोल्टेज मैच में ड्रामा

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 के 63वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद का सामना चेन्नई सुपर किंग्स से हुआ। चेपॉक में इस सीजन का यह आखिरी मुकाबला था। इस मैच में प्लेऑफ के टिकट दांव पर थे। चेन्नई की हार के बाद हैदराबाद तो प्लेऑफ में पहुंची साथ ही गुजरात टाइटंस को भी टॉप 4 का टिकट मिल गया। इस मैच में रोमांच चरम पर था और यह एक हाईवोल्टेज मुकाबला था। यही कारण है कि इस मुकाबले में गहमागहमी भी देखने को मिली। खासतौर से शांत स्वभाव के संजू सैमसन और हेनरिक क्लासेन के बीच। इसके बाद मैच जब खत्म हुआ तो 70 रन की पारी खेलने वाले इशान किशन भी झल्लाहट में दिखे। उन्होंने सीएसके फैंस को उन्हीं के अंदाज में सीटी बजाकर सेलिब्रेट करते हुए चिढ़ाया और इशारा करते हुए स्टेडियम से जाने के लिए कहा।



**हैदराबाद ने सीएसके को चटाई धूल–** इस मैच की बात करें तो पहले खेलते हुए सीएसके ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 180 रन बनाए और हैदराबाद को जीत के लिए 182 रन का लक्ष्य मिला। इसके जवाब में हैदराबाद ने 19 ओवर में 5 विकेट पर 181 रन बनाकर मैच को जीत लिया।

### सैमसन और क्लासेन के बीच क्यों हुई लड़ाई?

संजू सैमसन ने जब हेनरिक क्लासेन को स्टंप आउट किया उसके बाद यह विवाद देखने को मिला। हो सकता है कि पहले से ही विकेट के पीछे से संजू और बल्लेबाजी कर रहे क्लासेन के बीच बातचीत जारी होगी। उसके बाद जब संजू ने बेहतरीन स्टंपिंग से उन्हें आउट किया तो साउथ अफ्रीकी खिलाड़ी को यह रास नहीं आया और उन्होंने कुछ अनुचित कहा। आमतौर पर शांत रहने वाले संजू सैमसन को ऐसे किसी से भिड़ते नहीं देखा जाता है। यहां पर संजू भी गुस्से में दिखे और क्लासेन को आंख दिखाकर घूरते रहे।

# क्या वैभव सूर्यवंशी इंटरनेशनल डेब्यू के लिए तैयार नहीं?

- IPL में शॉर्ट पिच से स्लोअर बॉल तक कई कमियां उजागर

**नई दिल्ली।** वैभव सूर्यवंशी का जोश हेजलवुड, जसप्रीत बुमराह, मिचेल स्टार्क और ट्रेंट बोल्ट के ऊपर सिक्सर की चर्चा सबने की। मगर वैभव का प्रफुल हिंगे के खिलाफ शॉर्ट पिच गेंद पर विकेट। उसके बाद रविवार को दिल्ली कैपिटल्स के माधव तिवारी की स्लोअर गेंद पर वैभव का विकेट फेंकना, इन बातों पर चर्चा नहीं हुई लेकिन क्रिकेट एक्सपर्ट्स ने इन चीजों में वैभव की कमियों को बारीकी से पकड़ लिया। यही कारण है कि अभी 15 वर्षीय बल्लेबाजो को कड़ी मेहनत करनी है और शायद वह इंटरनेशनल



क्रिकेट के लिए तैयार नहीं हैं। वैभव सूर्यवंशी इन दिनों क्रिकेट जगत का हॉट टॉपिक हैं। हर कोई यही सवाल कर रहा है कि उनके टीम इंडिया में डेब्यू का सही समय क्या है। पूर्व हेड कोच रवि शास्त्री ने तो यह तक कहा है कि उनकी उम्र कुछ भी हो लेकिन वैभव को टीम के टी20 फॉर्मेट में कम से कम जगह मिलनी चाहिए। इसके अलावा हरभजन सिंह लगातार वैभव को टीम इंडिया में लाने की मांग कर रहे हैं।

### दिग्गजों की बंटी राय...

एक तरफ कुछ ऐसे दिग्गज हैं जिनका मानना है कि वैभव सूर्यवंशी इंटरेशनल डेब्यू के लिए तैयार हैं। वहीं एक पक्ष ऐसा भी है जिसका मानना है कि अभी वैभव के सामने कई चुनौतियां आना बाकी है, अभी वैभव हर वर्ग में मजबूत नहीं हुए हैं। वैभव से पहले भी कई ऐसे खिलाड़ी हैं जो लंबे समय से खुद को साबित कर रहे हैं। एबी डिविलियर्स ने हाल ही में कहा था कि, अगर वैभव को टी20 का स्पेशलिस्ट बनकर ही रहना है तो वह जारी रख सकते हैं और लंबे समय तक अपना करियर आगे ले जा सकते हैं। लेकिन अगर बात वनडे और टेस्ट क्रिकेट की आती है तो वैभव सूर्यवंशी को आने वाले समय में और अधिक चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। मोहम्मद कैफ ने वैभव सूर्यवंशी की फील्डिंग क्षमताओं पर सवाल उठाए थे। उनका मानना था कि टीम इंडिया में खेलने के लिए आपकी फील्डिंग में चपलता जरूरी है। वैभव ने मौजूदा आईपीएल 2026 के 12 मैचों में एक भी कैच नहीं पकड़ा है। चेतेश्वर पुजारा का मानना है कि बहुत जल्दबाजी करने की जरूरत नहीं हैं उनसे पहले भी यशस्वी जायसवाल जैसे अनुभवी और युवा खिलाड़ी हैं जो टीम इंडिया में जगह के हकदार हैं।

# चेन्नई को हरा प्लेऑफ में पहुंची सनराइजर्स

## इशान, क्लासेन और कमिंस चमके



**नई दिल्ली।** इशान किशन के 70 रन और पैट कमिंस के तीन विकेट की मदद से सनराइजर्स हैदराबाद ने सोमवार को चेन्नई सुपर किंग्स को पांच विकेट से हराकर इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में प्लेआफ में जगह पक्की कर ली। जीत के लिये 181 रन का लक्ष्य चेपक की धीमी विकेट पर आसान नहीं था, लेकिन इशान ने 47 गेंद की अपनी पारी में सात चौके और तीन छक्के लगाकर इसे आसान बना दिया। हेनरिक क्लासेन ने 26 गेंद में 47 रन बनाये और दोनों ने तीसरे विकेट के लिये 75 रन की साझेदारी करके हैदराबाद को 19 ओवर में पांच विकेट पर 181 रन तक पहुंचाया। सनराइजर्स के अब 16 अंक है और उसे एक मैच और खेलना है। चेन्नई सुपर किंग्स की हार के बाद गुजरात टाइटंस (16 अंक) भी प्लेआफ में पहुंच गई है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (18 अंक) पहले ही प्लेआफ में पहुंच चुकी है और अब बस एक स्थान के लिये मुकाबला है। चेन्नई के 13 मैचों में 12 अंक है और वह दौड़ से पूरी तरह बाहर नहीं हुई है।

### क्लासेन को जीवनदान

अभिषेक शर्मा भी 21 गेंद में 26 रन ही बना सके। पावरप्ले में स्कोर एक विकेट पर 45 रन था। क्लासेन को नूर अहमद की गेंद पर 18 के स्कोर पर स्पेंसर जॉनसन ने जीवनदान दिया। इसके बाद क्लासेन और इशान ने मैच का नक्शा ही बदल दिया। दोनों ने चेन्नई के स्पिनरों अकील हुसैन और नूर अहमद को सहजता से खेला। इशान ने 37 गेंद में 50 रन पूरे किये। वहीं नूर की गेंद पर संजू सैमसन की कुशल स्टम्पिंग का शिकार होकर क्लासेन आउट हो गए।

**चेन्नई सुपर किंग्स ने 180 रन बनाये–** इशान को अंशुल कम्बोज ने आउट किया, लेकिन उस समय सनराइजर्स को जीत के लिये छह रन की ही जरूरत थी। इससे पहले कमिंस ने अनुशासित गेंदबाजी करते हुए 28 रन देकर तीन विकेट लिये, लेकिन चेन्नई सुपर किंग्स ने सात विकेट पर 180 रन बना लिये।

# पीरियड्स एक सामान्य प्रक्रिया

## एक जागरूकता कार्यक्रम में कहा इस पर बिना संकोच चर्चा होना चाहिए: स्मृति मंधाना



**मुंबई।** भारत में क्रिकेट और क्रिकेटरों की लोकप्रियता किसी भी खेल और खिलाड़ियों से ज्यादा है। यही वजह है कि क्रिकेटरों को सामाजिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए देखा जाता है। इसकी वजह उनकी कही बात का असर बड़े जनमानस पर पड़ना है। मुंबई में महिलाओं की पीरियड्स (मासिक धर्म) से जुड़ी समस्याओं से संबंधित एक जागरूकता कार्यक्रम में भारतीय महिला क्रिकेट की उपकप्तान स्मृति मंधाना ने हिस्सा लिया और इस विषय पर सामान्य रूप से चर्चा किए जाने की जरूरत पर बल दिया। मंधाना ने कहा, 'गांव में पीरियड्स के बारे में बातचीत दबी जुबान में होती है। इसे छुपाया जाता है, जबकि यह एक सामान्य प्रक्रिया है। इस पर बिना झिझक के चर्चा की जानी चाहिए। मैं अपनी तरफ से हर प्रयास करूंगी कि ग्रामीण क्षेत्रों में इसे लेकर जागरूकता फैले और चीजें सामान्य हो।' भारतीय उपकप्तान ने संबंधित संस्था की प्रशंसा करते हुए कहा कि मुझे इस कार्यक्रम से जुड़कर अच्छा महसूस हो रहा है। यह काफी रोमांचक है। संस्था द्वारा गांव-गांव में पीरियड्स जागरूकता संबंधी कई अभियान चल रही हैं। मैं उम्मीद करती हूं कि ये कार्यक्रम यूं ही चलता रहेगा और मेरी जरूरत जहां भी होगी मैं आउंगी। हम मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता के बारे में कार्य करते रहेंगे। हमारा लक्ष्य जीरो पीरियड को बढ़ावा देना है।

इस दौरान मंधाना उन स्कूली छात्राओं से मिलीं, जो क्रिकेट खेलती हैं। इस पर उन्होंने कहा, 'छोटे-छोटे बच्चों से मिलना और उनसे बातें करना काफी रोमांचक था। लंबे समय बाद स्कूल में आने का मौका मिला। मुझे अपने स्कूल के दिन याद आ गए।'

छात्राओं को आप क्या संदेश देती हैं? इस पर भारतीय टीम की सलामी बल्लेबाज ने कहा, 'मैं उनसे कहती हूं कि क्रिकेट को गंभीरता से लें। इसमें बेहतर करियर बनाया जा सकता है। खेल में करियर बनाने के लिए कठिन मेहनत जरूरी है और उसका आनंद लेना भी जरूरी है। मैंने यही किया है। मैं हर किसी को सलाह दूंगी कि अपने जीवन में खेल को शामिल करें। फिटनेस के लिए यह बहुत जरूरी है।'



प्रीमियर लीग

# खिताब के करीब पहुंचा आर्सेनल, बर्नले को 1-0 से हराया

**लंदन।** आर्सेनल एफसी सोमवार को बर्नले एफसी पर 1-0 की रोमांचक जीत के बाद 22 साल में अपने पहले प्रीमियर लीग खिताब के करीब पहुंच गया। आर्सेनल के लिए मैच में एकमात्र गोल काई हैवर्ट्ज ने किया। हाफटाइम से ठीक पहले बुकायो साका के कॉर्नर पर हैवर्ट्ज ने शानदार हेडर की मदद से गोल दागा। इसके बाद दोनों टीमों ने गोल करने के काफी प्रयास लिए, लेकिन किसी को भी सफलता नहीं मिल सकी। आर्सेनल एक मैच बाकी रहते टेबल में टॉप पर पांच पॉइंट की बढ़त बना चुका था। हालांकि, मैनचेस्टर सिटी एफसी को अभी भी दो मैच खेलने हैं, और अगर वे मंगलवार को एएफसी बॉर्नमाउथ को हरा देते हैं, तो वह खिताब की रेस में बने रहेंगे। वहीं, अगर इस मुकाबले में सिटी को हार का सामना करना पड़ता है, तो क्रिस्टल पैलेस एफसी के खिलाफ अपने आखिरी मैच से पहले आर्सेनल चैंपियन बन जाएगा।

आर्सेनल ने नॉर्थ लंदन में जोश भरे माहौल के साथ मैच में एंट्री की। बर्नले के रेलिगेट होने और स्थायी मैनेजर के बिना होने के बावजूद, आर्सेनल



को जीत के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी। मेहमान टीम ने हैनिबल मेजब्री के साथ शुरुआत में दबाव बनाया, जबकि आर्सेनल को भारी उम्मीदों के बीच अपनी लय पाने में मुश्किल हुई। हालांकि, धीरे-धीरे आर्टेटा की टीम ने मैच को कंट्रोल करना शुरू कर दिया। एबेरेची एजे ने गोलकीपर मैक्स वीस को परखा। लुकास पाइरेस के चैलेंज पर साका के गिरने के बाद आर्सेनल ने पेनल्टी के लिए भी नाकाम अपील की। आर्सेनल को फिर से एक तयशुदा मौके (सेट-पीस) से सफलता मिली। इस पूरे सीजन में टीम कॉर्नर और फ्री-किक जैसे मौकों पर बहुत अच्छा खेली है। साका ने शानदार क्रॉस दिया, जिसे हैवर्ट्ज ने शानदार हेडर से इस सीजन में कॉर्नर से आर्सेनल का 18वां लीग गोल किया। एमिरेट्स में टेंशन थोड़ी देर के लिए कम हुई, लेकिन हाफ टाइम के बाद आर्सेनल मैच पर पूरी पकड़ नहीं बना सका। एजे का शॉट क्रॉसबार से टकराकर वापस आ गया। वहीं, हैवर्ट्ज के एक कड़े टैकल को वीएआर ने रेड कार्ड के लिए रिव्यू किया, लेकिन आखिर में उन्हें सिर्फ येलो कार्ड दिया गया।

# मुशफिकुर रहीम का ऐतिहासिक शतक

## दूसरे टेस्ट में बांग्लादेश का दबदबा, पाकिस्तान को मिला 437 का लक्ष्य



**नई दिल्ली।** मुशफिकुर रहीम के ऐतिहासिक शतक से बांग्लादेश ने दूसरे क्रिकेट टेस्ट में सोमवार (18 मई) को पाकिस्तान के सामने जीत के लिये 437 रन का लक्ष्य रखा। रहीम ने 233 गेंद में 12 चौकों और एक छक्के की मदद से 137 रन बनाये जिसके दम पर बांग्लादेश ने दूसरी पारी में 390 रन बनाये। यह उनका 14वां शतक था जिससे वह मोमिनुल हक को पछाड़कर बांग्लादेश के लिये सबसे ज्यादा टेस्ट शतक जड़ने वाले बल्लेबाज बन गए। पहली पारी में 126 रन बनाने वाले लिटन दास ने दूसरी पारी में 69 रन का योगदान दिया। अब पाकिस्तान को टेस्ट क्रिकेट में सबसे बड़े लक्ष्य का पीछा करके जीत दर्ज करनी है।

# 'गेल को कई बार आउट किया पर वैभव का लेवल अलग'

- 15 साल के बैटर के खिलाफ क्या होगा बॉलिंग प्लान भज्जी ने बताया

**नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स के 15 साल के बैटर वैभव सूर्यवंशी आईपीएल 2026 में जिस तरह से बैटिंग कर रहे हैं वो कमाल का है। आलम ये है कि गेंदबाज उनका सामना करने से डरते हैं और उनके खेल का दर्शक खूब लुत्फ उठा रहे हैं। राजस्थान के खिलाफ मैच से पहले हर टीम का बॉलर उनके खिलाफ बेस्ट रणनीति बनाकर मैदान पर उतरते हैं और उन्हें आउट करने की कोशिश करते हैं, लेकिन हरभजन सिंह ने बताया कि अगर वो वैभव के खिलाफ खेलते तो उनकी रणनीति क्या होती और वो उन्हें किस तरह से बॉलिंग करते।

### वैभव जैसा बैटर मैंने नहीं देखा

हरभजन सिंह ने कहा कि उनके खिलाफ सबसे अच्छी रणनीति यह होगी कि गेंद को लगातार उनके हिटिंग आर्क से दूर स्पिन कराया जाए। इसके बाद उन्होंने इस युवा खिलाड़ी की तुलना टी20 के दिग्गज क्रिस गेल से की।

# आरटीआई से बाहर है बीसीसीआई

## केंद्रीय सूचना आयोग ने अपना ही फैसला पलटा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सूचना आयोग ने कहा कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत कोई सार्वजनिक संस्था नहीं है,इसलिए वह आरटीआई कानून के तहत किसी भी सवाल का जवाब देने के लिए जिम्मेदार नहीं है। सीआईसी ने अपने ही 2018 के आदेश को पलटते हुए यह फैसला सुनाया है।

सूचना आयुक्त पीआर रमेश ने कहा कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड क्रिकेट प्रबंधन और अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में भारत के प्रतिनिधित्व से जुड़े जरूरी सार्वजनिक काम करने के बावजूद उसे सार्वजनिक संस्था नहीं माना जा सकता क्योंकि न तो इसका मालिकाना हक है, न ही इसे सरकार संचालित करती है और न ही इसे वित्तीय मदद करती है।

**क्या जानकारी मांगी गई थी–** पीआर रमेश ने आदेश में कहा, 'बीसीसीआई को सूचना के अधिकार




कानून के खंड 2(एच) के तहत 'सार्वजनिक संस्था' नहीं माना जा सकता और इसलिए इस मामले के तथ्य और हालात को देखते हुए कानून के नियम उस पर लागू नहीं होते।'

खारिज किए गए अपील में उन नियमों और अधिकारों के बारे में जानकारी मांगी गई थी जिनके तहत बीसीसीआई भारत का प्रतिनिधित्व करता है और राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के लिए खिलाड़ियों को चुनता है।

**दूसरे बड़े क्रिकेट बोर्ड भी ऐसे ही करते हैं काम–** बीसीसीआई का अभी का स्ट्रक्चर और काम करने का तरीका मोटे तौर पर दुनिया भर के दूसरे बड़े क्रिकेट बोर्ड जैसा ही है, जिसमें इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका, वेस्टइंडीज और पाकिस्तान के बोर्ड भी शामिल हैं। ये बोर्ड जवाब देने वाले कानूनों के सीधे दायरे से बाहर स्वायत या स्वतंत्र निकाय के तौर पर काम करते हैं।हालांकि, कई बोर्ड अपनी मर्जी से वित्तीय और प्रशासनिक जानकारी देते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### एक छत के नीचे मिलेंगी पासपोर्ट, बैंक-बीमा जैसी कई सुविधाएं

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अत्याधुनिक नेहरू प्लेस डाकघर पारंपरिक डाकघर की बजाय



आधुनिक सुविधाओं का बड़ा केंद्र बन गया है। यहां एक ही छत के नीचे बैंकिंग सुविधाओं के साथ पासपोर्ट केंद्र, डाक जीवन बीमा, आधार केंद्र और केंद्र सरकार की समस्त योजनाओं से जुड़ी सुविधाएं मौजूद हैं। यह बातें सोमवार को डाकघर का निरीक्षण करने के बाद दक्षिणी दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कही। डाकघर को वर्ल्ड क्लास बताते हुए उन्होंने सुकन्या समृद्धि योजना के तहत खाता खोलने वाले लाभार्थियों को पासबुक वितरित किए। उन्होंने कहा कि नेहरू प्लेस डाकघर का पूरी तरह से नवीनीकरण किया गया है। यह देश में अपनी तरह का पहला डाकघर है। इस अत्याधुनिक डाकघर के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को धन्यवाद देते हुए कहा कि अब ' 'डाकिया डाक लाया' ' वाली मान्यता पूरी तरह खत्म हो गई है। अब डाकघरों का पूरी तरह आधुनिकीकरण किया जा रहा है। पहले जहां डाकघर संकुचित होते जा रहे थे, वहीं पीएम मोदी के कार्यकाल में देशभर में 5500 से अधिक डाकघर खुले हैं। अब परंपरागत डाक व्यवस्था की जगह लोगों को सभी सुविधाएं एक ही छत के नीचे मिल रही हैं। इस अवसर पर दिल्ली के चीफ पोस्ट मास्टर जनरल कर्नल अखिलेश कुमार पांडेय, निदेशक डाक सेवाएं सुनील कुमार आदि उपस्थित रहे।

### चचेरे भाई बोलकर फ्लैट में बुलाए 4 पुरुषों पर आधी रात मचा बवाल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** द्वारका इलाके में साथ रहने वाली दो युवतियों के बीच विवाद इतना



बढ़ गया कि मामला पुलिस तक पहुंच गया। एक युवती ने अपनी रूममेट और उसके साथ आए कुछ पुरुषों पर बदसलूकी, धमकी देने और उसे असुरक्षित महसूस कराने का आरोप लगाया है। पुलिस के अनुसार, शिकायत मिलने के बाद 16 अप्रैल को द्वारका नॉर्थ थाने में केस दर्ज किया गया। जांच में पता चला कि दोनों युवतियां दिल्ली से बाहर की रहने वाली हैं और नौकरी करती हैं। उन्होंने फरवरी में द्वारका सेक्टर-15 के पास एक 1 बीएचके फ्लैट किराए पर लिया था। शुरुआत में सब ठीक था, लेकिन कुछ समय बाद खाने-पीने के खर्च, राशन और सफाई जैसी बातों को लेकर दोनों के बीच झगड़े होने लगे। विवाद तब ज्यादा बढ़ गया जब एक युवती के परिवार के पुरुष सदस्य बार-बार फ्लैट पर आने लगे। फ्लैट में सिर्फ एक कमरा होने की वजह से दूसरी युवती को काफी परेशानी होने लगी। उसने अपनी रूममेट से साफ कहा था कि महिला मेहमानों के आने से उसे कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन छोटे फ्लैट में पुरुषों का बार-बार आना उसे ठीक नहीं लगता। इसके बावजूद उसकी बात पर ध्यान नहीं दिया गया। चचेरा भाई बताते हुए 4 पुरुषों को बुलाया 15 अप्रैल की रात विवाद और बढ़ गया। आरोप है कि रूममेट ने चार पुरुषों जानकारों को फ्लैट पर बुलाया, जिन्हें उसने अपना चचेरा भाई बताया। उस समय उसकी ननद भी फ्लैट में मौजूद थी। जब दूसरी युवती ने रात में इतने लोगों के आने पर विरोध किया तो दोनों के बीच तीखी बहस हो गई। शिकायत के मुताबिक, एक पुरुष जबरन उसके हिस्से में आ गया और वहां मौजूद लोगों ने उसके साथ बदसलूकी की। युवती ने यह भी आरोप लगाया कि उसे धमकियां दी गईं। डरी हुई युवती उसी रात फ्लैट छोड़कर अपने एक दोस्त के घर चली गई।

# 500 जनजातियों का महासमागम मतांतरण के खिलाफ एकजुटता का शंखनाद



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी से सुदूर राज्यों में जनजाति समाज को सनातन संस्कृति से काटने तथा मतांतरण के षड्यंत्र के बीच लालकिला मैदान में होने वाले वृहद जनजाति सांस्कृतिक समागम से संपूर्ण भारत के एकजुटता का संदेश निकलेगा। 'तू मैं एक रक्त, वनवासी - ग्रामवासी-नगरवासी, हम सब भारतवासी' विचार सूत्र के साथ पूरा देश एक माला में पिरोया नजर आएगा। वैसे, तो जननायक भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में 24 मई को यह समागम आयोजित है, जिसमें देशभर से करीब 1.5 लाख वनवासी समाज के लोग अपने विशिष्ट पहनावे, वादयंत्र, संस्कृति के साथ जुट रहे हैं। पर इस समागम के गहरे सामाजिक व राजनीतिक निहितार्थ है। जिस तरह से जनजाति समाज को देश की संस्कृति से विभाजित करने तथा मतांतरण से धर्म बदलने का षडयंत्र गंभीर हुआ है। उसमें यह समागम एकजुटता का बड़ा व स्पष्ट संदेश देगा। यह पहली बार है जब दिल्ली में इतनी बड़ी संख्या में जनजाति समाज के लोग उपस्थित होंगे। ऐसे में दिल्ली से जनजाति समाज की दूरी कम होगी। राष्ट्रीय राजधानी की भी समझ बढ़ेगी।

विशेष बात कि समागम को केंद्रीय मंत्री अमित शाह संबोधित करेंगे। जिनके नेतृत्व में देश नक्सलवाद से मुक्त हुआ है। यह नक्सवाद जनजातियों को दशकों से देश की मुख्य धारा से अलग कर रहा था। इसी तरह, जब समाज जुटेगा तो बात मतांतरण के बाद भी जनजाति समाज के आरक्षण का लाभ उठाने पर भी होगी, जिसे हटाने की मांग लंबे वक्त से हो रही है। आयोजक जनजाति सुरक्षा मंच व जनजाति जागृति समिति द्वारा आयोजित इस समागम में देशभर के 500 से अधिक जनजातियों के प्रतिभागी पहुंच रहे हैं। अडंमान से 150 लोगों का जत्था निकल भी चुका है। भव्य सांस्कृतिक शोभा यात्रा समागम का प्रमुख आकर्षण रहेगा। अपनी पारंपरिक वेशभूषा में देश से विभिन्न हिस्सों से आए जनजति महिला-पुरुष इस शोभायात्रा में सम्मिलित होकर संस्कृति-परम्परा का दर्शन दिल्लीवासियों को कराएंगे। यह शोभा यात्रा पांच विभिन्न स्थलों से प्रारंभ होगी, जो जनजातीय परंपराओं और सांस्कृतिक विविधता का प्रतीकात्मक प्रतिनिधित्व करेगी। ये यात्राएं लाल किले पर आकर एकत्रित होंगी, जहां जनसभा का आयोजन किया गया है। लालकिला मैदान में विशेष प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी, जिसमें 75 जनजाति समाज के महापुरुषों की तस्वीरों के साथ उनका जीवन परिचय तथा राष्ट्र के प्रति उनके योगदान को दर्शाया जाएगा। इसी तरह, मंच पर विशेष रूप से 100 विशिष्ट जनजाति समाज के लोग मौजूद रहेंगे। जनजाति समाज के लोगों की सुविधा व आगवानी की तैयारी में दिल्ली वाले जुटे हुए हैं। विशेष रूप से विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए 20 विभाग बनाए गए हैं और विभिन्न समितियों का गठन किया है।

**पूर्व छात्र ने वीसी को लिखा पत्र**

# डीयू लॉ फैकल्टी के पोर्टेबल क्लासरूमों की सुरक्षा पर सवाल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** डीयू की लॉ फैकल्टी में पोर्टेबल केबिनों में चल रही कक्षाओं को लेकर सुरक्षा संबंधी चिंताएं फिर सामने आई हैं। लॉ फैकल्टी के पूर्व छात्र और अधिवक्ता उमेश कुमार ने कुलगुरु प्रो. योगेश सिंह को पत्र लिखकर इन अस्थायी कक्षाओं को तत्काल बंद करने और छात्रों के लिए सुरक्षित स्थान पर कक्षाएं संचालित करने की मांग की है।

यह मांग ऐसे समय उठी है जब पिछले महीने आत्माराम सनातन धर्म (एआरएसडी) कालेज के पोर्टेबल केबिनों में आग लगने की घटना ने इन संरचनाओं की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए थे। उमेश कुमार ने अपने पत्र में कहा है कि लॉ फैकल्टी में उपयोग किए जा रहे पोर्टेबल केबिनों में अग्निशमन यंत्र, फायर अलार्म, आपातकालीन निकास और सुरक्षित विद्युत व्यवस्था जैसी बुनियादी सुविधाएं पर्याप्त नहीं हैं। छात्रों ने भी इन कक्षाओं की स्थिति पर चिंता जताई है। कैंपस लॉ सेंटर के एक छात्र के अनुसार, तीन में से एक केबिन में एयर कंडीशनर तक नहीं है और गर्मियों में इनमें बैठना मुश्किल हो जाता है। ला सेंटर-2 की छात्रा स्नेहा अग्रवाल ने कहा कि फीस बढ़ने के बावजूद छात्रों को अस्थायी ढांचों में पढ़ाई करनी पड़ रही है। पत्र में यह भी कहा गया है कि इन केबिनों में बैठने की व्यवस्था अपर्याप्त है, दीवारों और छतों की स्थिति खराब है तथा पेयजल की समुचित सुविधा भी नहीं है। उमेश कुमार ने बताया कि इस मामले से संबंधित याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट में 6 जुलाई को सुनवाई निर्धारित है।

## 'बचपन का प्यार' पर दिल्ली एचसी का फैसला, गाने-हुक लाइन के अवैध इस्तेमाल पर रोक; बादशाह वाले वर्जन का मामला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाई कोर्ट ने सॉन्ग 'बचपन का प्यार' और उसकी चर्चित हुक लाइन 'जाने मेरी जानेमन बचपन का प्यार भूल नहीं जाना रे' के अनधिकृत इस्तेमाल पर रोक लगा दी है। दिल्ली हाई कोर्ट ने कई यूट्यूब चैनलों और अज्ञात लोगों को बिना अनुमति इसका उपयोग करने से रोक दिया है। अदालत ने कहा कि प्रथमदृष्टया गाने के कॉपीराइट आईवी इंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पास हैं।




न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने 15 मई को यह अंतरिम आदेश कॉपीराइट उल्लंघन से जुड़े एक मुकदमे में पारित किया। अदालत ने राहुल सिंह समेत अन्य नामित प्रतिवादियों और अज्ञात पक्षों को गीत, उसकी हुक लाइन या उससे जुड़े किसी हिस्से के उपयोग, वितरण और व्यावसायिक इस्तेमाल से तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित कर दिया। याचिका के अनुसार बचपन का प्यार मूल रूप से वर्ष 2017 में बना एक गुजराती गीत है। इसके बोल पीपी बरैया ने लिखे थे, संगीत मयूर नाडिया ने तैयार किया था और इसे कमलेश बारोट ने गाया था। बाद में गीत के अधिकार मेशवा इलेक्ट्रॉनिक्स को सौंपे गए और 12 मई 2017 को इसे यूट्यूब पर रिलीज किया गया। कंपनी ने अदालत को बताया कि जुलाई 2021 में मेशवा इलेक्ट्रॉनिक्स ने यूनिवर्सल म्यूजिक मीडिया इंडिया को गीत के अनुकूलन और सिंक्रोनाइजेशन का लाइसेंस दिया था। इसके बाद सहदेव दिर्दो और रैपर बादशाह द्वारा इसका नया संस्करण तैयार किया गया।

# अब अक्टूबर तक खत्म हो पाएगा ओखला में कूड़े का पहाड़, पांचवीं बार बढ़ाया गया लक्ष्य

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के तीन लैंडफिल साइटों में ओखला लैंडफिल को खत्म करने का लक्ष्य जुलाई 2026 में पूरा नहीं हो पाएगा। इसलिए एमसीडी ने इसकी समय-सीमा अक्टूबर 2026 कर दी है। एमसीडी ने दिल्ली सरकार को सौंपी एक रिपोर्ट में इसका लक्ष्य रखा गया है। जिसमें नए और पुराने कचरे के निस्तारण में अक्टूबर 2026 का समय लग जाएगा। इस तरह से यह पांचवा मौका है जब कूड़े के पहाड़ को खत्म करने की समय-सीमा बढ़ाई गई है। प्रारंभिक तौर पर 2020 में लैंडफिल साइटों को खत्म करने का लक्ष्य रखा गया था लेकिन कभी संसाधनों की कमी तो कभी फंड की कमी और फिर कभी तैनात की गई एजेंसियों में कार्यक्षमता की कमी के कारण इस लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया जा सका। सूत्रों से मिली एमसीडी की रिपोर्ट के अनुसार ओखला लैंडफिल पर 14.79 लाख मीट्रिक टन पुराना कचरा पड़ा हुआ है जबकि यहां पर प्रतिदिन औसतन 9000 मीट्रिक टन प्रतिदिन पुराने कचरे का निस्तारण हो रहा है। ऐसे में पुराने कचरे का निस्तारण अक्टूबर 2026 तक ही



हो पाएगा। इसमें जुलाई-अगस्त में वर्षा होने के कारण काम धीमा हो जाएगा। जबकि अक्टूबर में ही पूरा हो पाएगा।

हालांकि निगम ने भलस्वा और गाजीपुर लैंडफिल को खत्म करने की समय-सीमा में कोई बदलाव नहीं किया है। अभी तक निगम ने गाजीपुर लैंडफिल पर पड़े हुए पुराने 69.16 लाख मीट्रिक कचरे को खत्म करने का लक्ष्य दिसंबर 2027 कर रखा है जबकि भलस्वा लैंडफिल पर 21.11 लाख मीट्रिक टन कचरे के निस्तारण की समय-सीमा दिसंबर 2026 ही रखी हुई है। उल्लेखनीय है कि इससे 2019 में एनजीटी के आदेश पर एक साल के भीतर इन लैंडफिल को खत्म करने का लक्ष्य रखा गया था। फिर से बाद में बाद में बढ़ाकर मार्च 2023 की गई थी। फिर से इसे बढ़ाकर दिसंबर 2024 की गई थी। इसके फिर बढ़ाकर जुलाई 2026 किया गया और अब इसे अक्टूबर 2026 कर दिया गया है। ओखला लैंडफिल की बात करें तो यह 1996 में शुरू हुई थी। 62 एकड़ में यह लैंडफिल साइट फैली हुई है। 2019 में इसकी ऊंचाई 60 मीटर तक हो गई थी। लैडफिल साइटों को तय-समय में खत्म करने की बड़ी वजह यहां पर पुराने कचरे के निस्तारण के साथ नए कचरे का डाला जाना बड़ी वजह बन रहा है।

# तेल संकट से चीन-अमेरिका को फर्क नहीं, 74 दिन के तेल भंडार के भरोसे भारत

**अब बचत और भंडारण की आखिरी रास्ता**

**बीजिंग/वाशिंगटन एजेंसी।** पश्चिम एशिया में अमेरिका और ईरान के बीच पिछले ढाई महीने से तनावपूर्ण हालात बने हुए हैं। इस दौरान रणनीतिक महत्व के समुद्री मार्ग होर्मुज स्ट्रेट पर भी ईरान और अमेरिका की नाकेबंदी जारी है। इस अहम मार्ग से सामान्य दिनों में दुनिया की जरूरत का 20 प्रतिशत तेल रोज विभिन्न देशों को भेजा जाता था। इसके लिए प्रतिदिन करीब 140 मालवाहक जहाज होर्मुज से गुजरते थे। अमेरिका द्वारा ईरान के खिलाफ आपरेशन स्लेजहैमर के तहत नए सैन्य अभियान की आशंका के बीच सोमवार को अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत 111 डालर प्रति बैरल तक पहुंच गई। इससे वैश्विक तेल संकट गहराने की आशंका बढ़ गई है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका और चीन जैसी महाशक्तियों पर इसका अपेक्षाकृत कम असर पड़ रहा है। अमेरिका जहां खुद बड़ा तेल उत्पादक देश है, वहीं चीन




ने विशाल भंडारण क्षमता विकसित कर ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत कर लिया है। चीन की भंडारण क्षमता अमेरिका से तीन गुना ज्यादा बताई जाती है। चीन और अमेरिका के बीच ऊर्जा सुरक्षा को लेकर बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बीच यह सवाल अहम हो जाता है कि भारत इस मामले में कहां खड़ा है। भारत ने औपचारिक रूप से रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार (स्ट्रैटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व) बनाने की दिशा में वर्ष 2004 में कदम बढ़ाया था।

**● परिवार के ही एक आदमी ने दी जानकारी**

# कैलिफोर्निया की सबसे बड़ी मस्जिद में गोलीबारी, सुरक्षा गार्ड समेत 3 लोगों की मौत

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के कैलिफोर्निया में सैन डिएगो स्थित मज्जिद में सोमवार को अंधाधुंध गोलीबारी हुई। इस दुर्घटना में सुरक्षा गार्ड सहित तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं, पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दो किशोर संदिग्ध हमलावर भी मारे गए हैं। यह केंद्र सैन डिएगो काउंटी की सबसे बड़ी मस्जिद है और इसमें अल रशीद स्कूल भी शामिल है जो 5 वर्ष और उससे अधिक आयु के छात्रों के लिए अरबी भाषा, इस्लामी अध्ययन और कुरान के पाठ्यक्रम प्रदान करता है। सैन डिएगो काउंटी की इस सबसे बड़ी मस्जिद में हुए इस खूनी हमले को पुलिस घृणा



अपराध मानकर जांच कर रही है। यह भीषण हमला उस समय हुआ जब मस्जिद के भीतर बच्चों का स्कूल चल रहा था और गैर-मुस्लिमों का एक समूह इस्लाम के बारे में जानने के लिए वहां आया हुआ था। सैन डिएगो पुलिस प्रमुख स्कॉट वाहल ने घटनास्थल के सामने एक पड़ोस के पार्क में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। पुलिस प्रमुख ने बताया कि सोमवार को सैन डिएगो की एक मस्जिद में हुई गोलीबारी में तीन पुरुषों की मौत हो गई और दो किशोर संदिग्ध भी मारे गए।

## मीडिया पर भड़के ट्रंप: ईरान युद्ध कवरेज को लेकर जताई नाराजगी, कहा-पागलपन भरी रिपोर्टिंग से देश को हुआ नुकसान

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर मीडिया आउटलेट्स पर हमला बोला है। उन्होंने ईरान के साथ जारी संघर्ष से जुड़ी रिपोर्टिंग को लेकर मुख्यधारा के मीडिया पर गंभीर आरोप लगाए हैं। ट्रंप ने सीधे तौर पर कहा है कि कुछ अमेरिकी मीडिया संस्थान ईरान युद्ध को लेकर पूरी तरह से गलत, पक्षपातपूर्ण और भ्रामक तरीके से खबरें प्रसारित कर रहे हैं। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि मान लेते हैं कि ईरान पूरी तरह आत्मसमर्पण कर देता है। वह मान लेता है कि उसकी नौसेना खत्म हो चुकी है और समुद्र की तलहटी में डूब गई है। उसकी वायुसेना का नामोनिशान मिट चुका है। ईरान की पूरी सेना तेहरान से बाहर आ जाती है। वे अपने हथियार डाल देते हैं और हाथ ऊपर उठा लेते हैं। हर एक सैनिक सफेद झंडा लहराते हुए जोर-जोर से चिल्लाता है कि मैं सरेंडर करता हूं। ईरान का बचा हुआ पूरा नेतृत्व आत्मसमर्पण के जरूरी दस्तावेजों पर दस्तखत कर देता है। वे महान और शक्तिशाली अमेरिका के सामने अपनी घुटने टेकने वाली हार स्वीकार कर लेते हैं। ट्रंप ने आगे लिखा कि इसके बावजूद यह फेक न्यूज मीडिया देश को सच नहीं दिखाएगा। द फेलिंग न्यूयॉर्क टाइम्स, द चाइना स्ट्रीट जर्नल और सीएनएन जैसी संस्थाएं कुछ और ही खबर चलाएंगी। ये सब मिलकर अपने अखबारों और चैनलों पर यही बड़ी हेडलाइन लगाएंगे कि ईरान ने संयुक्त राय अमेरिका पर जीत हासिल की है। ये मीडिया संस्थान दिखाएंगे कि यह मुकाबला दूर-दूर तक बराबरी का नहीं था। ट्रंप ने कहा कि फेक मीडिया पूरी तरह अपना रास्ता भूल चुके हैं और सचमुच बिल्कुल पागल हो गए हैं। राष्ट्रपति ने अपने बयान में एक और बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि मीडिया की इन भ्रामक रिपोर्ट्स से दुश्मन देशों, विशेषकर ईरान को गलत संदेश मिलता है। इससे न केवल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भ्रम फैलता है, बल्कि अमेरिका के रणनीतिक और सुरक्षा हित भी सीधे तौर पर प्रभावित हो सकते हैं। ट्रंप का मानना है कि मीडिया सनसनी फैलाने के चक्कर में देश के हितों को ताक पर रख रहा है।

# महायुद्ध फिलहाल टला: अरब देशों की अपील पर ट्रंप ने रोका ईरान पर हमला

**लेकिन सेना अभी भी अलर्ट पर**

**वॉशिंगटन , एजेंसी।** दुनिया पर मंडरा रहा महायुद्ध का खतरा फिलहाल टल गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की है कि उन्होंने ईरान पर कल होने वाले नियोजित सैन्य हमले को स्थगित कर दिया है। यह बड़ा फैसला मध्य पूर्व के शक्तिशाली देशों के नेताओं के अनुरोध के बाद लिया गया है।

राष्ट्रपति ट्रंप ने जानकारी दी कि कतर के अमीर तमीम बिन हमद अल थानी, सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान और यूएई के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने उनसे व्यक्तिगत रूप से संपर्क किया था। इन नेताओं ने ट्रंप से हमले को रोकने की अपील करते हुए कहा कि वर्तमान में गंभीर बातचीत चल रही है और



उनकी राय में एक ऐसा समझौता हो सकता है जो अमेरिका और पूरे मध्य पूर्व के लिए स्वीकार्य होगा। नो न्यूक्लियर वेपन्स की शर्त पर होगा समझौता ट्रंप ने स्पष्ट किया है कि इस संभावित समझौते का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा यह होगा कि ईरान के पास कोई परमाणु हथियार नहीं होंगे। अरब देशों के नेताओं के प्रति सम्मान जताते हुए ट्रंप ने अपने युद्ध सचिव पेट हेगसेथ और ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष जनरल डेनियल केन को हमले की योजना पर फिलहाल रोक लगाने का निर्देश दिया है।

सेना को मोमेंट नोटिस पर तैयार रहने का आदेश हालांकि हमला टल गया है, लेकिन ट्रंप ने तेवर अभी भी सख्त रखे हैं। उन्होंने अमेरिकी सेना को निर्देश दिया है कि यदि बातचीत के जरिए कोई स्वीकार्य समाधान नहीं निकलता है, तो वे एक क्षण के नोटिस पर ईरान पर पूर्ण और बड़े पैमाने पर हमले के लिए पूरी तरह तैयार रहें। बाद अब पूरी दुनिया की नजरें इन वार्ताओं के नतीजों पर टिकी हैं, क्योंकि कूटनीति विफल होने की स्थिति में सैन्य कार्रवाई का विकल्प अभी भी खुला हुआ है।

# जनता की समस्याओं पर संवेदनशील प्रशासन, 'हम आपको सुनते हैं' में डीसी ने की सुनवाई



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय परिसर में मंगलवार को आयोजित हम आपको सुनते हैं कार्यक्रम (जनता दरबार) में उपायुक्त अजय नाथ झा ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याओं एवं मांगों को गंभीरता से सुना। कार्यक्रम के दौरान शिक्षा, राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, भूमि विवाद, आपूर्ति, नगर प्रशासन सहित विभिन्न विभागों से जुड़े मामलों पर क्रमवार सुनवाई की गई। जनता दरबार में चास, नावाडीह, चंदनकियारी, जरीडीह एवं चंद्रपुरा प्रखंडों से आए लोगों ने अपनी समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया। उपायुक्त ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को सभी मामलों की जांच कर नियमानुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि जन समस्याओं का समयबद्ध समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजनों से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता एवं जवाबदेही के साथ कार्य करें, ताकि लोगों को अनावश्यक कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पड़े।

### दिव्यांगजनों को बैट्री चालित वाहन उपलब्ध कराने का निर्देश

कार्यक्रम के दौरान दिव्यांगजनों की सुविधा को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को पात्र लाभुकों की सूची तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सीएसआर मद के माध्यम से बैट्री चालित वाहन क्रय कर जरूरतमंद दिव्यांगजनों को उपलब्ध कराया जाएगा।

### प्रखंड एवं अंचल कार्यालयों में भी हुआ जनता दरबार का आयोजन

उपायुक्त के निदेर्शानुसार जिले के सभी प्रखंड सह अंचल कार्यालयोंपर में भी जनता दरबार आयोजित किया गया। वहां प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी द्वारा स्थानीय स्तर पर लोगों की समस्याएं सुनी गई। कई मामलों का निष्पादन मौके पर ही कर दिया गया, जबकि शेष मामलों के त्वरित समाधान हेतु संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया। कार्यक्रम में जिला आपूर्ति पदाधिकारी शालिनी खालको, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा सुचिता किरण, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बाल श्रम व बाल विवाह के खिलाफ बच्चों ने उठाई आवाज

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नब्बे दिवसीय आउटरीच एवं अवेयरनेस कार्यक्रम के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डालसा) द्वारा गुजराती स्कूल झरिया उत्क्रमित विद्यालय निरसा, बलियापुर में बाल श्रम एवं बाल विवाह विषय पर पेंटिंग तथा वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस बाबत जानकारी देते हुए प्राधिकार के सचिव सह अवर न्यायाधीश मयंक तुषार टोपनो ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों एवं अभिभावकों को बाल अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा समाज में व्याप्त कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता फैलाना था। झालसा एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश निकेश कुमार सिन्हा के निर्देश पर आयोजित प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पेंटिंग प्रतियोगिता में बच्चों ने रंगों के माध्यम से बाल श्रम और बाल विवाह के दुष्परिणामों को दर्शाया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित उपस्थित अधिकार मित्र दीपेंती गुप्ता, पंकज वर्मा, मार्शा, पूनम हेमरम, पूजा झा, गीता कुमारी अनामिका सिंह अधिकारियों एवं शिक्षकों ने बच्चों को शिक्षा के महत्व, कानूनी अधिकारों तथा बाल संरक्षण से संबंधित जानकारी दी।

# ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर डीडीसी ने की समीक्षा बैठक

### जागरूकता बढ़ाने हेतु अगले सप्ताह कार्यशाला आयोजित करने का लिया निर्णय





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मंगलवार को उप विकास आयुक्त (डीडीसी) श्रीमती शताब्दी मजूमदार ने समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली-2016, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली एवं पर्यावरण संरक्षण अधिनियम-1986 के अनुपालन को लेकर पहली साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में सभी सदस्यों को बताया गया कि सर्वोच्च न्यायालय एवं उपायुक्त बोकारो के निर्देश के आलोक में जिले में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की नियमित समीक्षा की जाएगी। बैठक में पीपीआईए फेलो ने बताया कि ठोस अपशिष्ट का वैज्ञानिक प्रबंधन सुनिश्चित करने हेतु कचरे को चार अलग-अलग श्रेणियों में विभाजित करना आवश्यक है।

उप विकास आयुक्त ने सभी संबंधित विभागों को अपने-अपने क्षेत्र में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। नगर निगम चास एवं नगर परिषद फुसरो को विशेष रूप से आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। समीक्षा के दौरान बताया कि प्रत्येक माह निरीक्षण प्रतिवेदन राज्य सरकार को भेजा जाएगा। साथ ही प्लास्टिक उत्पन्न करने वाली इकाइयों से उत्पादन एवं पुनर्चक्रण संबंधी प्रतिवेदन प्राप्त करने का निर्देश दिया। बैठक में स्वास्थ्य विभाग, विद्यालयों एवं मॉल आदि संस्थानों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर जागरूकता बढ़ाने हेतु अगले सप्ताह कार्यशाला आयोजित करने का निर्णय लिया गया। मौके पर संबंधित विभागों के पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### राम मंदिर मोड़ गोलीकांड का मुख्य साजिशकर्ता गिरफ्तार

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बीएस सिटी थाना क्षेत्र स्थित राम मंदिर मोड़ गोलीकांड मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने इस मामले के मुख्य साजिशकर्ता रूपेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी फुसरो मेन रोड, थाना बेरमो का रहने वाला बताया जा रहा है। दरअसल 17 मई की रात करीब साढ़े नौ बजे राम मंदिर मोड़ के पास एक चाय दुकान पर जयराम प्रसाद को गोली मार दी गई थी। घटना के बाद घायल को तत्काल बीजीएच अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें खतरे से बाहर बताया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी नाथू सिंह मीना के निर्देश पर सिटी डीएसपी आलोक रंजन के नेतृत्व में विशेष छापामारी टीम का गठन किया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। घायल जयराम प्रसाद के आवेदन पर बीएस सिटी थाना कांड संख्या 101/2026 दर्ज किया गया है। मामले में तीन अन्य नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।




### दामोदर नदी में नहाने गए दो छात्र डूबे, एक का शव बरामद

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दामोदर नदी के बरवाघाट में मंगलवार सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। दामोदर नदी में नहाने गए दो छात्र डूब गए, जिसमें एक छात्र विष्णु का शव बरामद कर लिया गया, जबकि दूसरे छात्र शनि की तलाश जारी है। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और नदी किनारे लोगों की भारी भीड़ जुट गई। जानकारी के अनुसार एलएच, आजाद नगर के तीन छात्र सनी, विष्णु और रवि एक स्कूटी से बरवाघाट नहाने पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि तीनों एक प्राइवेट स्कूल के छात्र हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक छात्र ट्यूशन पढ़ने की कहकर घर से निकले थे। नहाने के दौरान अचानक गहरे पानी में जाने से विष्णु और शनि डूब गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय गोताखोर मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद विष्णु का शव नदी से बाहर निकाला। वहीं खबर लिखे जाने तक शनि की तलाश जारी थी। घटना के बाद दामोदर नदी किनारे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मौके पर ग्रामीणों और आसपास के लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई है। पुलिस और स्थानीय प्रशासन भी राहत एवं खोज अभियान में जुटा हुआ है।



### डिजिटल पंचायत प्रज्ञा केंद्र संचालक संघ का एक दिवसीय धरना

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद जिले के पंचायत भवनों में कार्यरत डिजिटत पंचायत प्रज्ञा केन्द्र संचालक अपनी 10 सूत्री मांगों को लेकर मंगलवार को धनबाद जिला मुख्यालय रणधीर वर्मा चौक पर एक दिवसीय धरना दिया, जिसमें जिले के सभी 256 डिजिटल पंचायत प्रज्ञा केन्द्र संचालक शामिल रहे। झारखण्ड, प्रदेश डिजिटल पंचायत सचिवालय प्रज्ञा केन्द्र संचालक संघ धनबाद, कमिटि द्वारा आहुत इस धरना का नैतिक समर्थन हेतु धनबाद के सभी जन प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया। संघ के धनबाद जिला अध्यक्ष सह प्रदेश सचिव अमीर राज पाण्डेय ने बताया है कि संघ के प्रदेश पदाधिकारियों और अन्य वरीय अगुवा साथियों ने भाग लिया। 10 सूत्री मांगों में न्यूनतम मजदूरी एवं सभी की स्थायीकरण आदि मांग भी शामिल हैं।



# शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने को लेकर उपायुक्त ने की समीक्षा बैठक

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में मंगलवार को उपायुक्त अजय नाथ झा की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के विद्यालयों में शैक्षणिक गतिविधियों, आधारभूत सुविधाओं, छात्र उपस्थिति, पठन-पाठन व्यवस्था एवं संचालित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिए प्रशासनिक पदाधिकारियों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है।



### एक पंचायत एवं एक विद्यालय गोद लेने का निर्देश

समीक्षा क्रम में उपायुक्त ने जिले के सभी वरीय पदाधिकारियों को एक-एक पंचायत एवं एक प्राथमिक अथवा उच्च विद्यालय गोद लेने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि संबंधित पदाधिकारी नियमित रूप से विद्यालयों एवं पंचायतों का भ्रमण करें तथा वहां की समस्याओं की पहचान कर समाधान सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने कहा कि सभी अधिकारी अपने गोद लिए गए विद्यालयों को मॉडल विद्यालय के रूप में विकसित करने की दिशा में कार्य करें, ताकि वहां बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण, स्वच्छ परिसर एवं आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

### बच्चों की नियमित उपस्थिति एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर जोर

उपायुक्त ने विद्यालयों में बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षक बच्चों के साथ संवाद स्थापित करें तथा पढ़ाई का वातावरण बेहतर बनाएं। साथ ही, विद्यालयों में पठन-पाठन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। उन्होंने कहा कि बच्चों को केवल नामांकन तक सीमित नहीं रखा जाए, बल्कि उनकी सीखने की क्षमता में भी निरंतर सुधार सुनिश्चित किया जाए।

### आधारभूत सुविधाओं की नियमित मॉनिटरिंग का निर्देश

बैठक में उपायुक्त ने विद्यालयों में पेयजल, शौचालय, बिजली, साफ-सफाई, मध्याह्न भोजन एवं बैठने की व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि विद्यालयों में उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं की नियमित मॉनिटरिंग करें एवं जहां कमी हो उसे शीघ्र दूर करें।

### पंचायत स्तर पर भी विकास कार्यों की निगरानी होगी

उपायुक्त ने कहा कि गोद ली गई पंचायतों में संचालित विकास योजनाओं की भी नियमित समीक्षा की जाएगी। पंचायत स्तर पर शिक्षा, स्वच्छता एवं जनकल्याण योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे केवल औपचारिक निरीक्षण तक सीमित न रहें, बल्कि पंचायत एवं विद्यालयों में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में कार्य करें।

# मां-बाप को खो चुके मासूमों के साथ खड़ा हुआ जिला प्रशासन

### उपायुक्त के निर्देश पर बच्चों को योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया शुरू

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चंदनकियारी प्रखंड अंतर्गत बरमसिया ओपी क्षेत्र के दुबेकांटा के समीप हुई सड़क दुर्घटना में सपन मांझी एवं उनकी पत्नी लक्ष्मी देवी की मौत के बाद अनाथ हुए तीन बच्चों के प्रति जिला प्रशासन ने संवेदनशील पहल की है। सोशल मीडिया के माध्यम से मामला सामने आने के बाद माननीय मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर उपायुक्त अजय नाथ झा ने तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया। बच्चों को खाद्य सुरक्षा योजना के तहत 50 किलोग्राम अनाज उपलब्ध कराया गया। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत दो लाख रुपये की सहायता राशि दिलाने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। अनुमंडल पदाधिकारी चास एवं बाल संरक्षण पदाधिकारी को बच्चों के पालन-पोषण हेतु एनजीओ चयन का निर्देश दिया गया। मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना के तहत प्रतिमाह सहायता राशि उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू की गई। बच्चों की पढ़ाई जारी रखने हेतु उसका नामांकन कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय चंदनकियारी, आश्रम विद्यालय ललपनिया अथवा अन्य उपयुक्त विद्यालय में कराने का निर्देश दिया। डीएसडब्ल्यूओ को सावित्री बाई फुले योजना से सहायता उपलब्ध कराने को कहा गया। बच्चों के बालिग होने पर प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ उपलब्ध कराने की दिशा में कार्रवाई शुरू की गई। बीडीओ चंदनकियारी को राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना एवं आपदा राहत मद से मुआवजा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।



# बाइक चोर गिरोह का पदार्फाश, दो चढ़े पुलिस के हत्थे




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील सिटी में लगातार बढ़ रही बाइक चोरी की घटनाओं के बीच पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। बीएस सिटी थाना पुलिस ने एक सक्रिय बाइक चोर गिरोह का खुलासा करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से चोरी की पांच मोटरसाइकिलें भी बरामद की हैं। बोकारो पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीना के निर्देश पर नगर डीएसपी आलोक रंजन के नेतृत्व में विशेष छापामारी दल का गठन किया गया था। लगातार मिल रही शिकायतों और दर्ज मामलों के आधार पर पुलिस ने तकनीकी एवं गुप्त सूचना के जरिए कार्रवाई करते हुए धीरज कुमार और अर्पित कुमार को गिरफ्तार किया। पुलिस पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बाइक चोरी की कई घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने रॉयल एनफील्ड बुलेट, बजाज पल्सर एनएस, बजाज पल्सर, हीरो ग्लैमर और हीरो पैशन प्रो समेत कुल पांच चोरी की बाइक बरामद की है। गिरफ्तार आरोपी धीरज कुमार बीएस सिटी के गेमन कॉलोनी का रहने वाला है, जबकि अर्पित कुमार जरीडीह थाना क्षेत्र के तीरो गांव का निवासी बताया जा रहा है। इस मामले में बीएस सिटी थाना में तीन अलग-अलग कांड दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों और चोरी की अन्य घटनाओं से इनके संबंधों की जांच में जुटी हुई है।

## झारखंड में उच्च शिक्षा को तबाह करने की 'सोची-समझी साजिश' है क्लस्टर सिस्टम : अभाविप

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने झारखंड सरकार द्वारा उच्च शिक्षा में लागू की जा रही 'क्लस्टर प्रणाली' के खिलाफ कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। परिषद ने इसे शिक्षा सुधार के नाम पर छात्रों के भविष्य को अंधकार में धकेलने वाली एक सोची-समझी साजिश करार दिया है। परिषद ने राज्य सरकार को साफ चेतावनी देते हुए इस छात्र-विरोधी नियम को वापस लेने के लिए 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। नए नियम के अनुसार छात्रों को मेजर विषय एक कॉलेज में और माइनर विषय के लिए क्लस्टर के दूसरे कॉलेज में जाना होगा। दो अलग-अलग कॉलेजों का टाइम-टेबल कभी व्यावहारिक रूप से मैच नहीं हो सकता। छात्र पढ़ाई करने के बजाय दिनभर सड़कों पर दौड़ता रहेगा, जिससे उसका मानसिक उत्पीड़न होगा और क्लासेस छूटने से परिणाम खराब होंगे।

# डीएसपी सीसीआर ने धनबाद जेल की सुरक्षा का लिया जायजा



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के निर्देश पर मंगलवार को डीएसपी सीसीआर सुमित कुमार ने पुलिस बल के साथ धनबाद मंडल कारा पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का विस्तृत निरीक्षण किया। हाल के दिनों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जारी सतर्कता के मद्देनजर यह विशेष जांच अभियान चलाया गया। निरीक्षण के दौरान जेल परिसर के अंदर एवं बाहर की सुरक्षा व्यवस्था, तैनात पुलिस बल की गतिविधियों तथा सुरक्षा संसाधनों का जायजा लिया गया। डीएसपी सीसीआर ने जेल के मुख्य प्रवेश द्वार, सुरक्षा बैरिकेडिंग, प्रहरी व्यवस्था, आगंतुक जांच प्रक्रिया तथा संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा में तैनात पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों से ड्यूटी से संबंधित जानकारी ली और उन्हें हर परिस्थिति में पूरी सतर्कता एवं मुस्तैदी के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान जवानों को स्पष्ट रूप से कहा गया कि ड्यूटी के समय किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जेल परिसर में आने-जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति की गहन जांच सुनिश्चित करने, संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने तथा सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया गया। साथ ही रात्रि गश्ती एवं निगरानी व्यवस्था को और मजबूत करने पर भी जोर दिया गया। डीएसपी सुमित कुमार ने कहा कि जेल जैसे संवेदनशील स्थानों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की चूक न हो, इसके लिए समय-समय पर निरीक्षण एवं जांच अभियान चलाया जाता रहेगा। उन्होंने जवानों को आपसी समन्वय बनाकर कार्य करने तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए हमेशा तैयार रहने को कहा। निरीक्षण के दौरान जेल सुरक्षा से जुड़े कई महत्वपूर्ण बिंदुओं की समीक्षा की गई तथा सुरक्षा व्यवस्था को और प्रभावी बनाने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए गए।

# विद्या विकास समिति के तत्वावधान में दो दिवसीय प्रांतीय खो खो एवं कबड्डी प्रतियोगिता प्रारंभ

### पूरे झारखंड से कुल 637 प्रतिभागी प्रतियोगिता में ले रहे हैं भाग






**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर 9डी के आतिथ्य में विद्या मंदिर 3सी में विद्या विकास समिति झारखंड द्वारा 37 वां समूह खेल कूद समारोह 2026 बालकों का खो-खो एवं कबड्डी प्रतियोगिता आज प्रारंभ किया गया। जिसका शुभारंभ भगवान बजरंगबली की पूजा आराधना एवं आरती के साथ हुआ। इसके उद्घाटन सत्र में विद्या विकास समिति झारखंड के खेलकूद के संरक्षक एवं देवघर विभाग के विभाग प्रमुख सुरेश मंडल ने बताया की समूह खेलकूद के तहत बालकों के सर्वांगीण विकास का कार्य विद्यालय करता है । जिसके माध्यम से हम बालकों को मिलकर किसी भी समस्या का हाल कैसे निकाला जाए यह शिक्षा देते हैं। इस प्रकार की प्रतियोगिता हमारे विद्यालयों में 1988 से चली आ रही है। यह सौभाग्य की बात है कि बोकारो को इसका आतिथ्य प्राप्त हुआ है । आज यहां पूरे झारखंड प्रांत के 33 विद्यालयों से 14 से 19 आयु वर्ग के 637 बालक आए हैं। जिनकी प्रतियोगिता बाल वर्ग, किशोर वर्ग, एवं तरुण वर्गों में होनी है । अंडर 14 बाल वर्ग में कक्षा षष्ठ से अष्टम तक के भैया भाग लेंगे , वहीं अंडर 17 में नवम एवं दशम के भैया भाग लेंगे और अंडर-19 में तरुण वर्ग कक्षा एकादश एवं द्वादश के भैया भाग लेने वाले हैं।दो दिनों में कबड्डी की कुल 36 प्रतियोगिता होगी वहीं खो-खो की 22 प्रतियोगिता होनी है। हमारे यहां एक बड़ी उपलब्धि यह है कि यहां हर हुए टीम के भैया भी उत्साह के साथ सभी प्रतियोगिताओं को देखकर उनसे कुछ सीख कर जाते हैं यहां से सीख कर वे क्षेत्र स्टार क्षेत्र स्टार के बाद अखिल भारतीय स्तर पर और अखिल भारतीय स्तर पर जीतने के बाद वह एसजीएफआई में भाग लेंगे। अपने अध्यक्षीय आशीर्वचन एवं धन्यवाद ज्ञापन में विद्या मंदिर 9डी के अध्यक्ष अभय रंजन श्रीवास्तव ने उपस्थित सभी प्रतिभागियों संरक्षक का चार्ज एवं निर्णायक मंडली को शुभकामनाएं दी एवं साथ ही विद्या भारती के उपस्थित आधिकारिक वृद्ध जिनके दिशा निर्देशों में इस प्रकार की प्रतियोगिता बड़े स्तर पर होती है इसके लिए उन सबों को साधुवाद दिया। उन्होंने कहा कि केवल जीतने वाले ही नहीं सीखते हैं हर से भी हमें कुछ सीखनी चाहिए। इस प्रकार के प्रतियोगिताओं में हम यहां से कुछ सीख कर जाएं और आगे बढ़े इन्हीं सब शुभकामनाओं के साथ उन्होंने सभी को आशीर्वाद दिया। उद्घाटन सत्र में सभी प्रतिभागियों को अनुशासित खेल प्रदर्शन हेतु शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर धनबाद विभाग के विभाग प्रमुख नीरज कुमार लाल, विद्या विकास समिति झारखंड के पूर्णकालिक अधिकारी वृंद राजेश कुमार, ब्रजेश कुमार सिंह,, ब्रेन टुडू ज्ञान भारती ज्ञान मंदिर ट्रस्ट के सचिव एवं प्रांतीय प्रतिनिधि सिद्धेश नारायण दास इस कार्यक्रम के संयोजक एवं शिशु मंदिर 9डी के सचिव जीपी सिंह, 2ए के सचिव अनिल कुमार,बोकारो जिला खेल समन्वयक चंद्रभूषण शुक्ला, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महानगर सह संघचालक सरयू गोस्वामी,विभाग कार्यवाह धीरेंद्र गोप, स्थानीय विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र कामत, संजीव कुमार एवं पंकज मिश्रा के साथ-साथ स्थानीय विद्यालय के सभी आचार्य एवं दीदी जी एवं कर्मचारी बंधु भगनी उपस्थित रहे।

## सक्षम बोकारो महानगर की बैठक में पदाधिकारियों की घोषणा

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सक्षम बोकारो महानगर की बैठक संघ कार्यालय, सेक्टर - 2ए में राष्ट्रीय सह सचिव चंद्र भूषण पाठक की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक की शुरूआत सक्षम गीत, दृष्टिकोण एवं परिकल्पना वाचन से हुआ। उन्होंने सक्षम के संदर्भ में बताया कि समदृष्टि, क्षमता विकास एवं अनुसंधान मंडल 'सक्षम' गैर राजनैतिक राष्ट्रीय संगठन है जो दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम - 2016 में उल्लेखित समस्त 21 प्रकार की दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्य कर रहा है। सक्षम,बोकारो महानगर की कार्यकारिणी एवं आयाम तथा प्रकोष्ठ प्रमुखों का गठन किया गया जो निम्न प्रकार है। अध्यक्ष- डॉ शारदा रानी, शंकर साह- उपाध्यक्ष, सचिव-विजय कुमार विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष-मुखराम सिंह ,आयाम एवं प्रकोष्ठ प्रमुख दृष्टि - प्रमोद कुमार दुबे,धीमहि- शशि भूषण पाण्डेय, महिला - गीता प्रसाद, सक्षम पाठशाला प्रमुख कुमारी कृष्णा दुबे चुने गए।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

CMYK